



दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 236 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 05 जून 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


# पूर्वोत्तर बनेगा व्यापार, पर्यटन और तकनीकी नवाचार का हब : अमित शाह

## एनईसी की 73वीं पूर्ण बैठक में बोले गृह मंत्री, शांति और विकास से बदल रही पूर्वोत्तर की तस्वीर

**समाज जागरण**

शिलांग/नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पूर्वोत्तर भारत आने वाले वर्षों में व्यापार, पर्यटन, डिजिटल नवाचार और निवेश का प्रमुख केंद्र बनेगा। बुधवार को मेघालय की राजधानी शिलांग में आयोजित उत्तरपूर्वी परिषद (एनईसी) की 73वीं पूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में पूर्वोत्तर क्षेत्र में शांति, विकास और संपर्क व्यवस्था के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ है।

अमित शाह ने कहा कि 12 से अधिक शांति समझौतों के माध्यम से लंबे समय से चले आ रहे विवादों का समाधान किया गया है तथा 10,800 से अधिक युवाओं ने हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा को अपनाया है। उग्रवाद और नागरिक हताहतों में भारी कमी आने से विकास एवं निवेश के लिए अनुकूल माहौल तैयार हुआ है।

बैठक में केन्द्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मेघालय के राज्यपाल सी.एच. विजय शंकर, मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा, राज्य मंत्री सुकांत मजुमदार सहित पूर्वोत्तर के सभी राज्यों के राज्यपाल और मुख्यमंत्री मौजूद रहे।

गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की 'एक्ट ईस्ट', 'एक्ट फर्स्ट' और 'एक्ट फास्ट' नीति के जरिए 'पूर्वोदय' का सपना साकार हो रहा है। जो क्षेत्र कभी संघर्ष और अस्थिरता के लिए जाना जाता था, वह आज निवेश और अवसरों का केंद्र बन चुका है। उन्होंने सभी राज्यों से हाई लेवल टास्क फोर्स की सिफारिशों को



शत-प्रतिशत लागू करने का आह्वान करते हुए कहा कि विकास की भविष्य की रणनीति इन्हीं सिफारिशों पर आधारित होनी चाहिए। साथ ही निवेश को बढ़ावा देने के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस प्रणाली की नियमित समीक्षा करने की भी आवश्यकता बताई।

अमित शाह ने कहा कि सबरूम लैंड पोर्ट तथा मेघालय और मिजोरम के कस्टम्स केंद्रों के माध्यम से पूर्वोत्तर दक्षिण-पूर्व एशिया और इंडो-पैसिफिक देशों के साथ व्यापार का प्रमुख द्वार बन सकता है। गुवाहाटी, इंफाल और अगरतला को मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब के रूप में विकसित करने पर भी बल दिया गया। उन्होंने मछली, अंडा और दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने का लक्ष्य रखते हुए बताया कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और सहकारिता मंत्रालय के सहयोग से अगले वित्तीय वर्ष से प्रतिवर्ष 50 हजार से अधिक उच्च दुग्ध उत्पादक पशुओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

गृह मंत्री ने अगरवुड, बांस आधारित उद्योग, वेलनेस, कॉस्मेटिक और ऑर्गेनिक उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ-साथ जीआई टैग उत्पादों के लिए विशेष टास्क फोर्स गठित करने का सुझाव दिया। उन्होंने 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन टूरिस्ट डेस्टिनेशन', हेल्थ टूरिज्म और ऑर्गेनिक मिशन को भी गति देने की आवश्यकता बताई।

नारकोटिक्स के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का उल्लेख करते हुए अमित शाह ने 'नशामुक्त पूर्वोत्तर' को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। साथ ही न्याय व्यवस्था में तकनीक के उपयोग और नागरिक अधिकारों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता देने की बात कही।

अपने संबोधन में गृह मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर के युवाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग और ब्लॉकचेन जैसी आधुनिक तकनीकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपार क्षमता है। शिक्षा, कौशल विकास और डिजिटल अवसंरचना को मजबूत कर पूर्वोत्तर को आईटी उद्योग, नवाचार, जलविद्युत, सौर ऊर्जा और डेटा सेंटर निवेश का प्रमुख केंद्र बनाया जा सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में पूर्वोत्तर भारत देश की आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## एएनआरएफ पोर्टल से मिलेगा पेटेंट और रिसर्च लेखन को बढ़ावा: डॉ. जितेंद्र सिंह

**समाज जागरण**

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार को नई गति देने के उद्देश्य से पेटेंट दाखिल करने और शोध पत्र लेखन में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एएनआरएफ (अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन) पोर्टल की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह नया मंच देश की अनुसंधान क्षमता और वैज्ञानिक प्रकाशन इको सिस्टम को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### अनुसंधान प्रभाव बढ़ाने पर जोर

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि वैज्ञानिक उपलब्धियों, नवाचारों और सर्वोत्तम तौर-तरीकों को नियमित रूप से साझा करने से राष्ट्रीय अनुसंधान प्रभाव में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। उन्होंने वैज्ञानिक समुदाय के बीच बेहतर समन्वय और संवाद को समय की आवश्यकता बताया।









## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जे.पी. गंगा पथ समग्र उद्यान परियोजना के तहत किया वृक्षारोपण अभियान का उद्घाटन

पटना। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "विकसित भारत-समृद्ध बिहार" के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत जे.पी. गंगा पथ समग्र उद्यान परियोजना अंतर्गत 1 लाख पेड़ लगाने के महाअभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने कर कमलों से वृक्षारोपण अभियान का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम का आयोजन जे.पी. गंगा पथ समग्र उद्यान, पटना में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी का 'सुभाषितम' संदेशः

### योग को दिनचर्या में शामिल करें, तन-मन रहे स्वस्थ और शांत

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 'सुभाषितम' श्रृंखला के तहत योग के महत्व पर केंद्रित प्रेरणादायक संदेश साझा किया। उन्होंने कहा कि योग का नियमित अभ्यास शरीर को स्वस्थ और मन को शांत रखता है, इसलिए इसे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

**प्रधानमंत्री का संदेश**

"योग का नियमित अभ्यास तन को स्वस्थ और मन को शांत रखता है। इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने से जीवन संतुलित और ऊजार्वान बनता है।"

प्रधानमंत्री ने अपने संदेश के साथ महर्षि पतंजलि को समर्पित एक प्रसिद्ध संस्कृत श्लोक भी साझा किया:

*"योगेन चित्तस्य पदेन वाचां मलं शरीरस्य च वैद्यकेन।*
*योऽपाकरोत तं प्रवरं मुनीनां पतञ्जलिं प्राञ्जलिरानतोऽस्मि॥"*

अर्थः योग से मन की चंचल वृत्तियों का शमन, व्याकरण से वाणी की शुद्धि और आयुर्वेद से शरीर की मलिनताओं का निवारण करने वाले मुनियों में श्रेष्ठ महर्षि पतंजलि को प्रणाम।

**एक दिन पहले दिया था एकजुटता का संदेश**

बुधवार को 'सुभाषितम' श्रृंखला में पीएम मोदी ने एकजुटता पर बल देते हुए कहा था कि जब नागरिक एक सूत्र में बंधते हैं, तो राष्ट्र की शक्ति कई गुना बढ़ जाती है। उस संदेश के साथ उन्होंने लकड़ियों के उदाहरण वाला संस्कृत श्लोक साझा किया था, जिसमें सामूहिक शक्ति का महत्व बताया गया था।



















Samaj Jagran Portal

Website Advertisement Rate Card

(Maximum Package Value: ₹20,000)

| Package | Advertisement Features | Duration | Price |
|---|---|---|---|
| Diamond Package | • Homepage Top Banner (Desktop & Mobile) • Brand Logo Display on All Pages | 30 Days | ₹20,000 |
| Gold Package | • Homepage Mid Banner • Category Page Banner | 30 Days | ₹15,000 |
| Silver Package | • Category Page Side Banner • Homepage Lower Banner | 30 Days | ₹10,000 |
| Bronze | • Website Sidebar Banner (All Pages) | 7 Days | ₹5,000 |
| Local Business Package | • Banner Advertisement in Local News Section | 15 Days | ₹3,000 |

Additional Advertising Options
- Homepage Top Banner (1 Day) – ₹2,000
- Video News Banner Tag – ₹3,000 / 7 Days
- Exclusive Category Banner – ₹7,500 / 15 Days

Notes
- All banners will be Static or GIF format
- Banner Sizes: 728×90, 300×250, 160×600
- GST extra as applicable

Samaj Jagran is a DAVP approved media platform.









# शिक्षा का बाजारीकरण और छात्रों का भविष्य

भारत में शिक्षा अब केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं रह गई है। यह धीरे धीरे एक विशाल व्यापार में बदल चुकी है। इस व्यापार का सबसे चमकदार और सबसे खतरनाक चेहरा निजी प्रतियोगी शिक्षण उद्योग है। शहरों की दीवारों से लेकर चलभाष पटल तक हर जगह सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की मुस्कान, चयनित विद्यार्थियों की तस्वीरें और सफलता के बड़े बड़े दावे दिखाई देते हैं। ऐसा माहौल बना दिया गया है कि बिना इन संस्थानों के सफलता असंभव लगने लगती है। लाखों परिवार अपनी आर्थिक स्थिति से ऊपर उठकर बच्चों को इन केंद्रों में भेज रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि यही उनके भविष्य का एकमात्र रास्ता है।

सरकारी सर्वेक्षणों के अनुसार आज भारत में लगभग 27 से 33 प्रतिशत छात्र किसी न किसी प्रकार की निजी शिक्षा ले रहे हैं। शहरी क्षेत्रों में यह संख्या और अधिक है। दिल्ली जैसे शहरों में लगभग 39 प्रतिशत छात्र इन संस्थानों से जुड़े हुए पाए गए हैं। यह आंकड़ा केवल शिक्षा की स्थिति नहीं बताता बल्कि उस मानसिक दबाव को भी दिखाता है जिसमें समाज जी रहा है। विद्यालयों और महाविद्यालयों पर भरोसा कम हुआ है और इन व्यापारिक केंद्रों को सफलता का संक्षिप्त मार्ग मान लिया गया है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस उद्योग का बड़ा हिस्सा शिक्षा से ज्यादा विपणन पर टिका हुआ है। आज आभासी माध्यमों से छात्रों को जोड़ने का काम बड़े स्तर पर किया जा रहा है। एक प्रतिवेदन के अनुसार लगभग 62 प्रतिशत प्रवेश अब अंतर्जाल आधारित प्रचार के माध्यम से हो रहे हैं। इसका अर्थ यह है कि शिक्षा अब विज्ञापन और पहचान निर्माण के उसी प्रतिरूप पर चल रही है जिस पर कोई बड़ा व्यावसायिक प्रतिष्ठान चलता है। फर्क केवल इतना है कि यहां उत्पाद कोई वस्तु नहीं बल्कि छात्रों का भविष्य है।

इन संस्थानों की सबसे बड़ी चाल उनका चयन प्रदर्शन होता है। हजारों और लाखों छात्रों की भीड़ में यदि 5 या 10 छात्रों का चयन हो जाए तो वही चेहरे हर विज्ञापन पट्ट पर दिखाई देने लगते हैं। ऐसा माहौल तैयार किया जाता है कि हर छात्र को लगे कि अगला चेहरा उसी का होगा। लेकिन कोई यह नहीं पूछता कि बाकी हजारों छात्रों का क्या हुआ। वे छात्र जो वर्षों तक शुल्क भरते रहे, जो किराये के कमरों में रहकर तैयारी करते रहे, जिनके परिवार कर्ज में डूब गए, उनका संघर्ष किसी विज्ञापन में जगह नहीं पाता।

यहां सबसे बड़ा खेल संख्या का है। कुछ संस्थान कम शुल्क रखकर गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों की भारी भीड़ जुटाते हैं। 1000 या 2000 रुपये का शुल्क सुनकर छात्रों को लगता है कि उन्हें बहुत बड़ा अवसर मिल रहा है। लेकिन जब ऐसे लाखों छात्र जुड़ते हैं तो वही छोटी रकम करोड़ों का कारोबार बना देती है। कम शुल्क का मतलब सेवा भावना नहीं होता। कई बार यह भीड़ इकट्ठा करने की रणनीति होती है। जितनी बड़ी भीड़, उतना बड़ा मुनाफा और उतनी ही बड़ी सफलता की कहानी।

विडंबना यह है कि छात्र मेहनत अपनी करते हैं लेकिन श्रेय पूरा संस्थान ले जाता है। यदि कोई छात्र सफल हो जाए तो संस्था कहती है कि यह उसकी शिक्षा का परिणाम है। लेकिन यदि लाखों छात्र असफल हो जाएं तो उसकी जिम्मेदारी कोई नहीं लेता। असफल छात्र को कहा जाता है कि उसने पर्याप्त मेहनत नहीं की। इस तरह सफलता संस्थान की और असफलता छात्र की बना दी जाती है।

आज इस उद्योग ने छात्रों की मानसिकता भी बदल दी है। पहले शिक्षा का उद्देश्य समझ विकसित करना होता था। अब शिक्षा केवल परीक्षा पास करने तक सीमित

**महेन्द्र तिवारी**

# अग्नि की चीख... ?

जब धुएँ से ढका था आकाश सारा,
सड़कों पर पसरा था सन्नाटा भारी।
एक भवन के अंदर जलते सपनों ने,
ही लिखी मानव पीड़ा की कहानी।

माता की आँखों का उजियारा बुझा,
किसी पिता का सहारा ही खो गया।
बच्चों की मासूम मुस्कान नहीं दूजा,
देखा राख के ढेरों में कहीं सो गया।

चीखें उन्हीं दीवारों से टकराती रहीं,
मदद पुकारती "आवाज" थक गई।
भीषण आग की वहीं निर्दयी लपटें,
हरेक उम्मीद को निगलती चली गईं।

यक्ष प्रश्न खड़े हैं व्यवस्था के सामने,
क्या? जीवन इतना सस्ता हो गया?
नियम केवल कागजों तक सीमित हैं,
और इंसान का "अस्तित्व" खो गया?

अब देखों शहर "रो" रहा है चुपचाप,
हर आँख में दिखें पीड़ा के सागर है।
वे चले गए, ना लौटेंगे सिर्फ पदचाप,
पर उनकी स्मृति अमर वो धरोहर है।

आओ, उनके नाम एक दीप जलाएँ,
उनके लिए संवेदना का हाथ बढ़ाएँ।
ताकि फिर किसी घर का "उजाला",
बेपरवाही की आग में न झूलस पाएं।
(संदर्भ - दिल्ली अग्निकांड में 21 लोग जिंदा जल गए)

**संजय एम तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**

# डिजिटल बगावत की दस्तक, क्या सियासत की कसौटी पर टिकेगी ?



अजय कुमार

दिल्ली का कॉन्स्टिट्यूशन क्लब अमूमन गंभीर राजनीतिक बहसों, प्रेस कॉन्फ्रेंस और रवायती नेताओं की सफेद पोशाकों का गवाह बनता रहा है। लेकिन बीते बुधवार को वहां जो कुछ हुआ, उसने भारतीय राजनीति के एक नए और अतरंगे अध्याय की आहट दे दी। तीन पढ़े-लिखे नौजवान मंच पर बैठते हैं और देश के शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग बुलंद करते हैं। यह मांग किसी स्थापित विपक्षी दल की तरफ से नहीं, बल्कि एक ऐसे संगठन की ओर से आती है जिसका नाम 'कॉकरोच जनता पार्टी' है। जो कल तक सोशल मीडिया के टाइमलाइन पर महज एक व्यंग्य, डिजिटल मजाक और कड़वे मीम्स का जरिया था, वह अब देश की राजधानी की सड़कों पर उतरने की तैयारी कर रहा है। नीट-यूजी और सीबीएसई जैसी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों ने देश के युवाओं के भीतर जिस कदर हताशा और आक्रोश भरा है, यह आंदोलन उसी की एक उपज है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या सिर्फ डिजिटल स्पेस में वायरल होकर या तंज कसकर देश की जमीनी सियासत को बदला जा सकता है? क्या यह भारतीय लोकतंत्र में युवाओं की वास्तविक छटपटाहट है या फिर सोशल मीडिया की चमक-दमक के बीच उपजा एक और अल्पकालिक तमाशा?

इस आंदोलन की रीढ़ कहे जाने वाले तीन चेहरे सौरव दास, विजेता दहिया और आशुतोष रांका अपने आप में दिलचस्प पृष्ठभूमि रखते हैं। इनमें कोई स्थापित और मझा हुआ राजनेता नहीं है। एक सजग पत्रकार और सोशल एक्टिविस्ट हैं जो आरटीआई के जरिए सरकारी तंत्र की खामियों को उजागर करते रहे हैं, तो दूसरा ध्रुव राठी जैसे बड़े मंचों के लिए गहरे शोध और स्क्रिप्ट लेखन से जुड़ा रहा है। तीसरे चेहरे को देखें तो वे आईआईटी कानपुर और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसी वैश्विक संस्थाओं से पढ़कर लौटे पब्लिक पॉलिसी विशेषज्ञ हैं। ये वो युवा हैं जो अंग्रेजी बोलते हैं, इंटरनेट की बारीकियों को समझते हैं और जिनके पास अपनी बात को आधुनिक तरीके से रखने का सलीका है। आगामी 6 जून को जब इस पार्टी के संस्थापक अमेरिका से दिल्ली लौटेंगे और जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति मांगी जाएगी, तब इस डिजिटल गुस्से की पहली असली परीक्षा जमीन पर होगी। पेपर लीक का मुद्दा निश्चित रूप से देश के करोड़ों छात्रों और उनके अभिभावकों के भविष्य से जुड़ा एक बेहद संवेदनशील और गंभीर विषय है। इस मुद्दे पर युवाओं की नाराजगी शत-प्रतिशत जायज है, लेकिन इस नाराजगी को अभिव्यक्त करने के लिए 'कॉकरोच' जैसे प्रतीक और विशुद्ध व्यंग्य का सहारा लेना इस आंदोलन की गंभीरता पर ही सवाल खड़े कर देता है।

इतिहास गवाह है कि महज आक्रोश और सोशल मीडिया के एल्गोरिदम से कभी भी स्थायी तब्दीली नहीं आती। डिजिटल दुनिया में किसी पोस्ट का ट्रेंड कर जाना या लाखों लाइक्स मिल जाना क्रांति का पैमाना नहीं हो सकता। कॉकरोच पार्टी ने युवाओं के भीतर पनप रहे असली दर्द और बेरोजगारी की कड़वी सच्चाई को बेबाकी से सामने तो रखा है, लेकिन जब बात ठोस और व्यावहारिक एजेंडे की आती है, तो यह संगठन बगलें झांकता नजर आता है। किसी भी लोकतांत्रिक देश को सिर्फ चुटकुलों, मीम्स और परफॉर्मेंस के सहारे नहीं चलाया जा सकता। एक वक्त के बाद जनता और वक्त दोनों ही मुश्किल सवाल पूछते हैं। नौकरियां कैसे पैदा होंगी? देश की लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को सुधारने की क्या योजना है? टैक्स ढांचा, पुलिस सुधार या विदेश नीति पर संगठन की क्या सोच है? इन बुनियादी और जटिल नीतिगत सवालों पर कॉकरोच पार्टी के पास फिलहाल कोई ठोस जवाब नहीं है। राजनीति में इस तरह की अस्पष्टता का एक फायदा जरूर होता है कि विचारधारा के स्तर पर मतभेद नहीं होते और हर तरह का असंतुष्ट तबका आपके साथ जुड़ा रहता है, लेकिन जैसे ही आप किसी एक गंभीर मुद्दे पर ठोस स्टैंड लेते हैं, आंतरिक अंतर्विरोध और मतभेद सतह पर आने लगते हैं।

इस पूरे नैरेटिव का एक खतरनाक पहलू यह भी है कि यह आंदोलन युवाओं को लगातार नकारात्मकता और व्यवस्था के प्रति घोर निराशा की ओर धकेल सकता है। सत्ता की आलोचना करना और उससे तीखे सवाल पूछना लोकतंत्र की आत्मा है, लेकिन स्वस्थ लोकतंत्र को ऐसे नागरिकों की भी जरूरत होती है जो यह विश्वास रखें कि मौजूदा तंत्र में सुधार मुमकिन है। जब अदालतें, मीडिया, चुनाव और विश्वविद्यालय जैसी हर संवैधानिक और सामाजिक संस्था सिर्फ उपहास और मजाक का विषय बनकर रह जाएगी, तो आम जनता उन्हें सुधारने की उम्मीद और कोशिश ही छोड़ देगी। यह किसी व्यवस्था के खिलाफ बगावत नहीं, बल्कि उसके सामने आत्मसमर्पण या हार मान लेने जैसी स्थिति है। इसके अलावा, आंदोलन का यह दावा भी पूरी तरह सच नहीं लगता कि यह संघर्ष कर रहे देश के हर आम युवा की आवाज है। जरा इसके अगुआ चेहरों और इसके प्रसार के दायरे को देखिए। यह मुख्य रूप से अंग्रेजी बोलने वाले, बड़े शहरों में रहने वाले और चौबीसों घंटे ऑनलाइन रहने वाले युवाओं का एक खास क्लब नजर आता है। भारत के सुदूर गांवों में रहने वाले युवा, खेतों में पसीना बहाने वाले किसान पुत्र, प्रवासी मजदूर और वे करोड़ों नौजवान जिनके पास स्मार्टफोन या हाई-स्पीड इंटरनेट तक नहीं है, वे इस पूरी तस्वीर से पूरी तरह गायब हैं। इंटरनेट पर लोकप्रियता बटोरना और देश की धूल भरी सड़कों पर उतरकर जनसमर्थन हासिल करना, दोनों दो बिल्कुल अलग छोर हैं।

दूसरी बड़ी व्यावहारिक समस्या यह है कि यह पूरा आंदोलन लगभग एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द सिमटा हुआ शो दिखाई देता है। जब कोई आंदोलन या संगठन किसी एक चेहरे के करिश्मे पर टिक जाता है, तो उस व्यक्ति के पैर डगमगाते ही पूरा ढांचा ताश के पत्तों की तरह बिखर जाता है। भारतीय राजनीति में आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल का उदाहरण हमारे सामने है, जो एक बड़े जनआंदोलन से उपजे थे, लेकिन बाद में सत्ता के रवायती ढर्रे में ही समा गए। किसी भी वास्तविक राजनीतिक संगठन को चलाने के लिए एक मजबूत संगठनात्मक ढांचा, प्रशिक्षित कैडर और एक स्पष्ट विचारधारा की आवश्यकता होती है। सोशल मीडिया का मौजूदा मॉडल ही इस तरह तैयार किया गया है जो केवल नाराजगी, उत्तेजना और सनसनी को बढ़ावा देता है। अगर किसी आंदोलन के पास साफ सिद्धांत और अनुशासन की सीमाएं न हों, तो ऐसे मंच बहुत जल्दी अराजक तत्वों और अफवाह फैलाने वालों के आसान निशाने बन जाते हैं।

एक असहज करने वाली सच्चाई यह भी है कि मौजूदा सत्ता प्रतिष्ठानों को अक्सर इस तरह का मीम-आधारित विपक्ष रास आता है। वायरल पोस्ट और मजेदार तंज वाली यह डिजिटल बगावत उस वास्तविक युवा ऊर्जा को बिखेर देती है, जो अन्यथा एक गंभीर चुनावी या राजनीतिक चुनौती में बदल सकती थी। किसी भी मजबूत सरकार के लिए सोशल मीडिया पर मजाक उड़ाया जाना उतना बड़ा खतरा नहीं होता, जितना बड़ा डर एक संगठित, अनुशासित और जमीनी स्तर पर काम करने वाले विपक्ष से होता है। यहाँ तक कि पार्टी का चुनाव-चिह्न 'कॉकरोच' भी एक दोधारी तलवार की तरह है। भले ही यह जीव हर विपरीत परिस्थिति में जिंदा रहने की क्षमता रखता हो, लेकिन आम जनमानस में उसकी पहचान गंदगी, संक्रमण और घृणा से ही जुड़ी होती है। जब कोई प्रतीक जनता के बीच जाता है, तो वह अपने मूल अर्थ से इतर एक अलग ही छवि बना लेता है।

लब्बोलुआब यह है कि सोशल मीडिया पर मिलने वाले लाइक्स और वास्तविक राजनीतिक ताकत दो अलग-अलग चीजें हैं। वर्चुअल दुनिया किसी भी आंदोलन को कृत्रिम रूप से बहुत विशाल और प्रभावी दिखा सकती है, लेकिन यह ऑनलाइन लोकप्रियता उतनी ही तेजी से गायब भी हो जाती है, जितनी तेजी से स्क्रीन पर स्क्रॉल होती है। जैसे ही कोई नया वायरल मुद्दा आता है, लोग पुरानी बहसों को भूल जाते हैं। वास्तविक और स्थायी बदलाव के लिए धैर्य, वर्षों की कड़ी मेहनत और संगठन खड़ा करने का वह उबाऊ काम करना पड़ता है, जो इंटरनेट के इस दौर में सबसे ज्यादा मुश्किल है। भारत का युवा बेरोजगारी, महंगाई और एक संवेदनहीन व्यवस्था से सचमुच परेशान है और उसका गुस्सा शत-प्रतिशत वास्तविक है। इस गुस्से को चर्चा के केंद्र में लाने का श्रेय इस डिजिटल मुहिम को दिया जा सकता है, लेकिन किसी समस्या को रेखांकित करना और उसका व्यावहारिक समाधान निकालना, दो अलग बातें हैं। जब तक यह मजाक, तंज और मीम्स एक ठोस नीतिगत योजना में नहीं बदलते, तब तक यह कवायद भी इतिहास की उन कई इंटरनेट सनसनियों की तरह ही दर्ज होगी, जो देखने में तो बड़ी क्रांति जैसी लगीं, लेकिन अंततः व्यवस्था में कोई वास्तविक बदलाव नहीं ला सकीं।

# विकास की अंधी दौड़ और पर्यावरण की अनसुनी चीख

देश और दुनिया में विकास को प्रगति का सबसे बड़ा पैमाना माना जाता है। ऊँची इमारतें, चौड़ी सड़कें, नए उद्योग, आधुनिक तकनीक और आर्थिक वृद्धि को विकास की पहचान के रूप में देखा जाता है। लेकिन जब विकास की यह यात्रा प्रकृति के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न लगाने लगे, तब यह सोचने की आवश्यकता पैदा हो जाती है कि क्या वास्तव में हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं? आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर यह प्रश्न विशेष रूप से झारखंड जैसे राज्य के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। प्रकृति की अनुपम संपदा, घने जंगल, नदियाँ, पहाड़, खनिज संपदा और आदिवासी संस्कृति से समृद्ध झारखंड आज विकास और पर्यावरण के बीच एक गंभीर संघर्ष का केंद्र बन चुका है। विकास की अंधी दौड़ में जिस प्रकार जंगल कट रहे हैं, खदानें फैल रही हैं, नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं और प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है, वह आने वाले समय के लिए गंभीर चेतावनी है। झारखंड को प्रकृति ने भरपूर संसाधनों से नवाजा है। देश के कुल खनिज संसाधनों का बड़ा हिस्सा इस राज्य में मौजूद है। कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट, यूरेनियम, अभ्रक और अनेक खनिज यहाँ पाए जाते हैं। यही कारण है कि स्वतंत्रता के बाद से झारखंड औद्योगिक विकास का प्रमुख केंद्र बना। धनबाद की कोयला खदानें, बोकारो का इस्पात उद्योग, जमशेदपुर का औद्योगिक विकास और अनेक खनन परियोजनाएँ राज्य की आर्थिक प्रगति के प्रतीक माने गए। इन परियोजनाओं ने रोजगार और औद्योगिक उत्पादन बढ़ाया, लेकिन इसके साथ ही पर्यावरणीय क्षति का एक बड़ा अध्याय भी शुरू हुआ।

झारखंड का सबसे बड़ा पर्यावरणीय संकट खनन गतिविधियों से जुड़ा हुआ है। खनन आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन अनियंत्रित खनन ने राज्य की प्राकृतिक संरचना को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। धनबाद और झरिया क्षेत्र इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। दशकों से झरिया की भूमिगत कोयला खदानों में लगी आग आज भी लगातार जल रही है। यह आग केवल कोयले को नहीं जला रही, बल्कि मानव जीवन, पर्यावरण और भविष्य को भी प्रभावित कर रही है। भूमिगत आग के कारण भूमि धंस रही है, जहरीली गैसें निकल रही हैं और हजारों लोग स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि यह केवल स्थानीय समस्या नहीं बल्कि एक व्यापक पर्यावरणीय संकट है। खनन और औद्योगिक गतिविधियों के कारण वनों की कटाई तेजी से बढ़ी है। झारखंड की पहचान उसके जंगलों से रही है। यहाँ के साल, सखुआ, महुआ, पलाश और अन्य वृक्ष केवल पेड़ नहीं बल्कि यहाँ की संस्कृति और जीवन का हिस्सा हैं। आदिवासी समाज का जीवन जंगलों से जुड़ा हुआ है। उनकी परंपराएँ, त्योहार, भोजन, औषधियाँ और आजीविका का बड़ा हिस्सा जंगलों पर निर्भर करता है। लेकिन विकास परियोजनाओं के नाम पर लगातार जंगलों का क्षेत्र कम होता जा रहा है। हजारों हेक्टेयर वन भूमि खनन और औद्योगिक परियोजनाओं के लिए उपयोग में लाई जा चुकी है।


जंगलों की कटाई का प्रभाव केवल पेड़ों तक सीमित नहीं रहता। इससे जैव विविधता पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। अनेक वन्य जीवों का प्राकृतिक आवास नष्ट हो रहा है। हाथियों और मनुष्यों के बीच बढ़ते संघर्ष की घटनाएँ झारखंड में लगातार सामने आ रही हैं। पहले जहाँ हाथियों के लिए पर्याप्त वन क्षेत्र उपलब्ध था, अब उनके प्राकृतिक मार्ग बाधित हो गए हैं। परिणामस्वरूप हाथी गाँवों की ओर आ रहे हैं और मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ता जा रहा है। जल संकट भी झारखंड के सामने उभरती हुई गंभीर चुनौती है। कभी झारखंड की नदियाँ जीवन का आधार मानी जाती थीं। दामोदर, स्वर्णरेखा, बराकर, कोयल और अन्य नदियाँ राज्य की पहचान रही हैं। लेकिन आज इन नदियों की स्थिति चिंताजनक है। औद्योगिक कचरे, खनन अपशिष्ट और प्रदूषण के कारण नदियों का जल दूषित हो रहा है। कई स्थानों पर पानी पीने योग्य नहीं रह गया है। भूजल स्तर में गिरावट भी लगातार बढ़ रही है। गर्मियों के दौरान राज्य के कई क्षेत्रों में जल संकट की समस्या गंभीर रूप ले लेती है।

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव भी झारखंड में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। पिछले कुछ वर्षों में तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। कभी अपेक्षाकृत ठंडे और सुखद मौसम के लिए पहचाना जाने वाला झारखंड अब भीषण गर्मी और लू की चपेट में आने लगा है। कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुँचने लगा है। वर्षा का स्वरूप भी बदल रहा है। कभी अत्यधिक वर्षा तो कभी सूखे जैसी परिस्थितियाँ देखने को मिल रही हैं। यह परिवर्तन कृषि और ग्रामीण जीवन को प्रभावित कर रहा है। झारखंड की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा कृषि और ग्रामीण गतिविधियों पर आधारित है। कृषि पूरी तरह प्रकृति पर निर्भर है। यदि वर्षा असंतुलित होगी, जल संसाधन कम होंगे और मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होगी तो इसका सीधा असर किसानों पर पड़ेगा। पर्यावरणीय असंतुलन का सबसे अधिक प्रभाव गरीब और ग्रामीण समुदायों पर पड़ता है क्योंकि उनके पास संसाधनों की कमी होती है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि विकास और पर्यावरण को आज भी दो विरोधी अवधारणाओं के रूप में देखा जाता है। ऐसा माना जाता है कि यदि विकास करना है तो पर्यावरणीय क्षति स्वाभाविक है। लेकिन यह सोच अब बदलने की आवश्यकता है। दुनिया के अनेक देशों ने यह साबित किया है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चल सकते हैं। आवश्यकता केवल नीति और दृष्टिकोण बदलने की है। झारखंड में भी सतत विकास की अवधारणा को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। विकास का अर्थ केवल उद्योगों की संख्या बढ़ाना नहीं होना चाहिए बल्कि ऐसा विकास होना चाहिए जो आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों की रक्षा करे। खनन परियोजनाओं में पर्यावरणीय मानकों का कठोर पालन सुनिश्चित करना आवश्यक है। वृक्षारोपण कार्यक्रमों को केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जन आंदोलन बनाना होगा।

विद्यालयों और महाविद्यालयों में पर्यावरण शिक्षा को व्यवहारिक रूप से लागू करने की आवश्यकता है। केवल पाठ्यपुस्तकों में पर्यावरण संरक्षण पढ़ाने से उद्देश्य पूरा नहीं होगा। विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण के व्यावहारिक कार्यक्रमों से जोड़ना होगा। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। आदिवासी समुदायों की पारंपरिक ज्ञान प्रणाली से भी सीखने की आवश्यकता है। सदियों से आदिवासी समाज प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीवन जीता आया है। सरहुल जैसे पर्व प्रकृति और वृक्षों के प्रति सम्मान का संदेश देते हैं। आधुनिक समाज को इन परंपराओं से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

आज विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक औपचारिक दिवस बनकर नहीं रह जाना चाहिए। पौधारोपण की तस्वीरें खिंचवाकर और सोशल मीडिया पर संदेश लिखकर पर्यावरण नहीं बचाया जा सकता। आवश्यकता वास्तविक प्रयासों की है। सरकार, उद्योग, समाज और आम नागरिक सभी को मिलकर कार्य करना होगा। विकास आवश्यक है, लेकिन ऐसा विकास जो जीवन को सुरक्षित बनाए, न कि उसे संकट में डाले। यदि आज भी हमने प्रकृति की इस अनसुनी चीख को नहीं सुना तो आने वाला समय बहुत कठिन हो सकता है। झारखंड की धरती, जंगल, नदियाँ और पहाड़ हमें लगातार संकेत दे रहे हैं कि अब संतुलन बनाने का समय आ चुका है। क्योंकि जब प्रकृति अपना संतुलन खो देती है, तब विकास की चमक भी मानव जीवन को बचा नहीं पाती। प्रकृति हमें सब कुछ देती है, लेकिन बदले में केवल संरक्षण चाहती है। यदि विकास की अंधी दौड़ इसी प्रकार चलती रही तो आने वाली पीढ़ियाँ हमसे यह प्रश्न अवश्य पूछेंगी कि जब जंगल कट रहे थे, नदियाँ सूख रही थीं और धरती अपनी पीड़ा व्यक्त कर रही थी, तब हम आखिर मौन क्यों थे? यही प्रश्न आज झारखंड के सामने खड़ा है और यही समय की सबसे बड़ी मांग भी है।



मिथलेश दास

# बढ़ते तापमान से जीव सृष्टि अलर्ट मोड पर

जीव सृष्टि के लिए केवल एकमात्र आधार पेड़ है, पेड़ खत्म मतलब पृथ्वी से जीवन समाप्त। प्रकृति का एकदम सरल नियम है कि, पेड़ हमें बचाते है, हमें उन्हें बचाना हैं। अगर हम प्रकृति की रक्षा में लिए 1 प्रतिशत भी योगदान देते है तो उसके तुलना में प्रकृति 100 प्रतिशत समृद्धि हमें लौटाती हैं। कोरोना काल में हम सबने देखा की, जब प्रकृति में मानवीय हस्तक्षेप थम गया था, तब प्रकृति तेजी से अपनेआप को समृद्ध कर रही थी। आज विडंबना है कि, जो निस्वार्थ समृद्ध पेड़ दशकों तक माँ की तरह हमें अपने आँचल की छांव में धूप से बचाता था, फल-फूल देता था, पंछियों का रैनबसेरा हुआ करता था, बरसात में भूमि के कटाव को रोकता था, मनुष्य के लिए जहरीली कार्बनडाय ऑक्साइड को खुद अवशोषित करके प्राणवायु ऑक्सीजन हमें देता था। वातावरण में नमी और तापमान को नियंत्रित कर प्राकृतिक स्त्रोतों को समृद्ध बनाने में मुख्य भूमिका निभाता था। आज उसी पेड़ को काटने पर लोगों को जरा भी दुःख नहीं होता, जबकि हमारे पुरे जीवन और स्वास्थ्य पर इसका गंभीर परिणाम हो रहा है, क्या हम इतने गिरे हुए स्वार्थी लोग है कि, जो हमें जीवन देगा उसकी जान हम ही लेंगे।

आज प्रकृति में बदलते वातावरण की चोट हम सबको झेलनी पड़ रही है, स्वार्थी लोगों की गलत नीतियों ने संपूर्ण पर्यावरण में जहर घोल दिया हैं। प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन और जंगल कटाई ने पृथ्वी पर तापमान बढ़ाया है, जिसके कारण प्राकृतिक आपदाओं और बीमारियों में बेतहाशा वृद्धि हो रही हैं। प्रदूषण लगातार बढ़ रहा, सड़के आग की भट्टी की तरह महसूस हो रही है और भूजल स्तर तेजी से गिर रहा हैं। खाद्यान्नों में लगातार बढ़ती घातक रासायनिक समृद्धता लोगों को मौत के मुंहाने पर धकेल रही हैं। एक दशक पहले तक जब धूप में घूमते थे, बच्चे धूप में खेलते थे, तो सिर्फ गर्मी महसूस होती थी, खेलते-खेलते किसी पेड़ के छांव में भी बैठ जाएं तो बड़ी ठंडक महसूस होती थी। लेकिन अब तो यह धूप जहरीली हो चुकी है, शरीर को तपाने के साथ उबालती, बीमार भी करती हैं। शहरों के कॉन्क्रीट के जंगल में घने छायादार वृक्ष का दिखना भी दुर्लभ होता जा रहा हैं।

लू से मरनेवालों की संख्या साल दर साल बढ़ती ही जा रही है, सबसे ज्यादा असर गरीबों, बुजुर्गों, बच्चों और अनौपचारिक क्षेत्र के मजदूरों पर पड़ता है, क्योंकि जीवन यापन के लिए उनका संघर्ष अत्यधिक कष्टदायक होता हैं। सीईईडब्ल्यू के अनुसार, निर्माणकार्य मजदूरों, गिग वर्कर्स और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों जैसे कमजोर तबकों को गर्मी के तनाव का सबसे ज्यादा सामना करना पड़ता हैं। गरीबों को इस गर्मी में भी दो वक्त की रोटी के लिए जद्दोजहत करने पर मजबूर होना पड़ता है, उनकी आमदनी और उत्पादकता दोनों गिरती हैं। गर्मी के कारण 2030 तक जीडीपी में 4.5 प्रतिशत तक की संभावित गिरावट आ सकती है, गर्मी के कारण फसलों को नुकसान और खाद्य सुरक्षा को खतरा हो सकता हैं। 'द लैंसेट' में 2024 में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार, लू के दौरान काम करने की क्षमता कम होने से हर साल लगभग 194 अरब डॉलर की आमदनी का नुकसान होता है, इस सदी के आखिर तक पूरे भारत में गर्मियों में चलने वाली लू की घटनाएं 300 से 400 फीसदी तक बढ़ सकती हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# डीएम की अध्यक्षता में नैदानिक संस्थानों की रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण समिति की बैठक सम्पन्न

## 23 अस्पतालों और 7 अल्ट्रासाउंड केंद्रों के नवीनीकरण को मिली मंजूरी, नियमों के कड़ाई से पालन के निर्देश

**संदीप गर्ग समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 04 जून। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नैदानिक संस्थानों की रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित अस्पतालों एवं अल्ट्रासाउंड केंद्रों के पंजीकरण, नवीनीकरण और कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मदन मोहन मणि त्रिपाठी ने जिले के अस्पतालों एवं अल्ट्रासाउंड केंद्रों की वर्तमान स्थिति, उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं तथा हाल ही में किए गए निरीक्षणों की जानकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत की।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी अस्पताल और अल्ट्रासाउंड केंद्र निर्धारित मानकों एवं पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रावधानों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित



अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि समिति द्वारा सभी आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त होने के उपरांत 23 अस्पतालों के लाइसेंस नवीनीकरण तथा 7 अल्ट्रासाउंड केंद्रों के नवीनीकरण को स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अजीत कुमार सिंह, एसीएमओ डॉ. चंदन सोनी, अग्निशमन विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# थाना जारचा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो नफर अभियुक्त गिरफ्तार

### मौके से दो नाजायज चाकू बरामद, आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज

**संदीप गर्ग समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाना जारचा पुलिस ने एक सराहनीय कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।

थाना जारचा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 102/2026 धारा 4/25 आयुध अधिनियम के अंतर्गत की गई कार्रवाई में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो आरोपियों को समाना नहर से लगभग 100 मीटर मंसूरी की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया।

# दलालों और बिचौलियों पर जिला प्रशासन का शिकंजा

## विधवा पेंशन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, डीएम की जांच में खुली पोल

**संदीप गर्ग समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 04 जून। सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और कार्यालयों में कार्य कराने के नाम पर आमजन से धन ऐंठने वाले दलालों एवं बिचौलियों के विरुद्ध जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिलाधिकारी की पहल पर एक ऐसे ही आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, जनता दर्शन के दौरान एक वृद्ध महिला ने शिकायत की थी कि विधवा पेंशन योजना का लाभ दिलाने के नाम पर उससे धनराशि ली गई है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने स्वयं शिकायतकर्ता बनकर संबंधित व्यक्ति से दूरभाष पर बातचीत की। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लोगों से धन वसूलने का काम कर रहा था।

प्रकरण की पुष्टि होने पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद थाना सूरजपुर में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को अलीगढ़ से जेवर के रास्ते में गिरफ्तार कर लिया।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि किसी भी सरकारी कार्य अथवा जनकल्याणकारी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसी दलाल या बिचौलिए के संपर्क में न आएं। उन्होंने कहा कि सभी आवेदन संबंधित विभागीय कार्यालयों या अधिकृत जन सेवा केंद्रों के माध्यम से ही कराए जाएं।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति सरकारी योजना का लाभ दिलाने, सरकारी कार्य कराने या किसी अधिकारी से काम करवाने के नाम पर धनराशि की मांग करता है, अथवा कोई सरकारी कर्मचारी रिश्वत मांगता है, तो इसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दें।

जिलाधिकारी ने बताया कि शिकायत दर्ज कराने के लिए जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 0120-2978231, 0120-2978232, 0120-2978862 एवं 0120-2978702 पर संपर्क किया जा सकता है। शिकायत प्राप्त होने पर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया बालिका गृहों का निरीक्षण

## किशोरियों को विधिक अधिकारों, निःशुल्क कानूनी सहायता और बाल श्रम कानून की दी जानकारी

**संदीप गर्ग समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 04 जून। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेशों के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर की सचिव शिवानी रावत ने सेक्टर-62 स्थित राजकीय बालिका संप्रेषण गृह एवं राजकीय बाल गृह (बालिका) का निरीक्षण किया। इस दौरान किशोरियों के लिए विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया।

शिविर में उपस्थित किशोरियों को निःशुल्क विधिक सहायता, उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों तथा बाल श्रम कानून से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। साथ ही उन्हें कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जागरूक किया



गया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने बालिका गृह एवं संप्रेषण गृह में रह रही किशोरियों से संवाद कर उनके मुकदमों की स्थिति, खान-पान की व्यवस्था तथा अन्य समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

शिवानी रावत ने किशोरियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने समय का सकारात्मक उपयोग करें और गृह में संचालित योग, नृत्य, सिलाई-कढ़ाई तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ आत्मविश्वास बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और भविष्य में समाज की मुख्यधारा से जुड़ने में मददगार साबित होती हैं।

निरीक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर के दौरान राजकीय बालिका संप्रेषण गृह एवं राजकीय बाल गृह (बालिका) की प्रभारी अधीक्षिका अनुदिता सिंह सहित अन्य महिला कर्मचारी उपस्थित रहीं। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# थाना नॉलेज पार्क पुलिस की बड़ी कार्रवाई, रंगदारी मांगने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

## रेस्टोरेंट और ठेला संचालकों से हर माह 20-25 हजार की मांग, लोकल इंटेलिजेंस के आधार पर दबोचे गए आरोपी

**संदीप गर्ग समाज जागरण**

नोएडा, गौतमबुद्धनगर। थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने रंगदारी मांगने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। आरोप है कि दोनों अभियुक्त रेस्टोरेंट संचालकों और ठेला व्यवसायियों को डराकर प्रत्येक माह 20 से 25 हजार रुपये की रंगदारी की मांग करते थे।

प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नॉलेज पार्क में मु0अ0सं0 119/2026 धारा 308(5)/352/351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और




गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को सेक्टर-150 नोएडा क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मोनिन्द्र पुत्र महरचंद और नरेन्द्र पुत्र महरचंद, निवासी गढ़ी समस्तीपुर, थाना नॉलेज पार्क, गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि अभियुक्त मोनिन्द्र के विरुद्ध वर्ष 2025 में भी गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की जा चुकी है। दोनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है तथा विभिन्न थानों में इनके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्त क्षेत्र में छोटे व्यवसायियों को धमकाकर अवैध वसूली कर रहे थे, जिससे आमजन में भय का माहौल उत्पन्न हो रहा था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। (सौजन्य : पुलिस विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर 0 से 41 किमी तक "नो प्रोटेस्ट जोन" घोषित

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देश पर धरना-प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध, यातायात व्यवस्था होगी और अधिक सुचारू

**समाज जागरण**

नोएडा, गौतमबुद्धनगर। यातायात को सुचारू, सुरक्षित एवं बाधारहित बनाए रखने के उद्देश्य से यमुना एक्सप्रेस-वे के गौतमबुद्धनगर क्षेत्रांतर्गत (0 किमी से 41 किमी तक) सम्पूर्ण हिस्से को "No Protest Zone" घोषित किया गया है। यह निर्णय माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशों के अनुपालन में लागू किया गया है।

इस आदेश के तहत यमुना एक्सप्रेस-वे पर किसी भी प्रकार के राजनीतिक अथवा गैर-राजनीतिक धरना, प्रदर्शन या अन्य विरोध गतिविधियों को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य एक्सप्रेस-वे पर यातायात व्यवस्था को बाधित होने से बचाना तथा आमजन एवं वाणिज्यिक वाहनों का निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना है।

पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा बताया गया है कि इस आदेश के अनुपालन के लिए एक्सप्रेस-वे के प्रमुख स्थानों, पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय तथा संबंधित थानों पर सूचना बोर्ड लगाए जा रहे हैं। साथ ही जनजागरूकता के लिए विभिन्न माध्यमों से जानकारी भी प्रसारित की जा रही है।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का पूर्णतः पालन सुनिश्चित कराया जाएगा तथा एक्सप्रेस-वे पर कानून-व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। (सौजन्य : पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

### थाना फेस-1 पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 01 गांजा तस्कर गिरफ्तार

नोएडा, गौतमबुद्धनगर। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना फेस-1 पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 04.06.2026 को लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त अखिलेश उर्फ बैटरी पुत्र राकेश को सेक्टर-8 स्थित सार्वजनिक शौचालय के पास से गिरफ्तार किया।

# तेज आंधी-बारिश से जनजीवन प्रभावित, कई स्थानों पर नुकसान

## पेड़ व बिजली के पोल गिरे, सेक्टर-2 में कंपनी की दीवार ढही, सड़कों पर जलभराव से यातायात बाधित

**संदीप गर्ग समाज जागरण**

नोएडा, गौतमबुद्धनगर। बुधवार को अचानक आई तेज आंधी और बारिश के कारण नोएडा में जनजीवन प्रभावित हो गया। तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर पेड़ गिरने से सड़कों पर यातायात बाधित हो गया, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई।

आंधी के दौरान कई स्थानों पर बिजली के पोल गिरने की भी सूचना प्राप्त हुई, जिससे कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई। वहीं सेक्टर-2 क्षेत्र में एक कंपनी की दीवार एवं मुख्य द्वार तेज हवा के दबाव में भरभरा कर गिर गया।

हालांकि, इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, जिससे बड़ी जनहानि टल गई।

तेज बारिश के कारण कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय नागरिकों ने नोएडा प्राधिकरण की जल निकासी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। प्रशासन एवं संबंधित विभागों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में पेड़ हटाने, यातायात सुचारू करने तथा विद्युत आपूर्ति बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने किया सरस शॉप का शुभारंभ, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को मिला नया बाजार

## महिलाओं के उत्पादों की सराहना कर की खरीदारी, आत्मनिर्भरता और 'लखपति दीदी' अभियान को मिलेगी नई गति

**संदीप गर्ग समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 04 जून। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) के अंतर्गत विकास भवन में संचालित सरस शॉप का शुभारंभ जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का अवलोकन कर उनके प्रयासों की सराहना की।

शुभारंभ के बाद जिलाधिकारी ने मसाले, अचार, पापड़, जूट बैग, सैनिटरी पैड, हस्तशिल्प सामग्री, खादी वस्त्र, शहद सहित विभिन्न उत्पादों की गुणवत्ता और आकर्षक पैकेजिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने महिलाओं की मेहनत, लगन और उद्यमशीलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूहों की



महिलाएं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पाद न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बना रहे हैं, बल्कि उन्हें समाज में नई पहचान और सम्मान भी दिला रहे हैं। इस दौरान जिलाधिकारी ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उत्पादों की खरीदारी भी की तथा उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश ने बताया कि सरस शॉप स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन का सशक्त मंच उपलब्ध करा रही है। यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से अनेक महिलाएं आज लखपति दीदी बन चुकी हैं। सरस शॉप जैसे प्रयास महिलाओं की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से और अधिक सक्षम बनाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। इससे भविष्य में महिलाएं करोड़पति दीदी बनने के लक्ष्य की ओर भी तेजी से अग्रसर होंगी।

कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, परियोजना निदेशक नेहा, अखिलेश प्रजापति (एनआरएलएम), डॉ. सपना आर्य (वेदिका फाउंडेशन) तथा स्वयं सहायता समूहों की सदस्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# जनपद स्तरीय सब जूनियर खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ

## कबड्डी में नई बस्ती और एस.वी.एफ. टीम बनी चैंपियन, खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार दमखम

**संदीप गर्ग समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 04 जून। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार जनपद स्तरीय सब जूनियर बालक एवं बालिका खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ गुरुवार को मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन 4 जून से 6 जून 2026 तक किया जाएगा, जिसमें बास्केटबॉल, कबड्डी, जूडो, नेटबॉल और कुश्ती प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

प्रतियोगिता के पहले दिन बास्केटबॉल और कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रामाज्ञा स्कूल नोएडा, ड्रिबलिंग



ड्रिल्स बास्केटबॉल अकादमी, जीसस एंड मेरी कॉन्वेंट स्कूल, मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम, नोएडा बास्केटबॉल क्लब, बास्केटबॉल हीरोज, चैंप्स अकादमी और दादरी बास्केटबॉल क्लब की बालक एवं बालिका टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग की विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। वहीं बालिका वर्ग में भी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ. परवेज अली एवं मास्टर बालचंद नागर सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

बालिका वर्ग के कबड्डी फाइनल में नई बस्ती की टीम ने जे.डी. अकादमी को 17-10 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। वहीं बालक वर्ग के फाइनल में एस.वी.एफ. और मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें एस.वी.एफ. की टीम विजेता रही।

प्रतियोगिता के दौरान खेल प्रशिक्षक सुमित नागर सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की साइबर अपराधों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

## 141 करोड़ से अधिक की साइबर ठगी राशि फ्रीज, 75 करोड़ से अधिक पीड़ितों को वापस दिलाए गए

**संदीप गर्ग समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर। पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव नारायण मिश्र के पर्यवेक्षण में साइबर अपराधों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

दिनांक 01.12.2022 से 31.05.2026 तक की अवधि में साइबर ठगी के मामलों में पीड़ितों से धोखाधड़ी कर प्राप्त कुल 141,74,17,674 की धनराशि को त्वरित कार्रवाई करते हुए फ्रीज कराया गया, जबकि समन्वित प्रयासों के माध्यम से कुल 75,10,80,840 की धनराशि पीड़ितों को वापस दिलाई गई।

इस अवधि में पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, गुजरात सहित विभिन्न राज्यों से संचालित साइबर अपराध नेटवर्क के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी भी की गई।

### अवैध कॉल सेंटर्स पर कार्रवाई

साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत कई अवैध कॉल सेंटर्स का भंडाफोड़ किया गया। इनके माध्यम से पीएमईजीपी योजना, क्रूज/नेवी में नौकरी, विदेश भेजने, क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, एपीके फाइल के जरिए मोबाइल हैकिंग तथा ई-कॉमर्स के नाम पर फर्जी लेन-देन जैसे अपराध संचालित किए जा रहे थे। पुलिस ने बड़ी संख्या में अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संगठित साइबर नेटवर्क का पदार्फाश किया।

### प्रमुख साइबर मामलों में सफलता

केस-1ः नैनीताल बैंक सर्वर हैकिंग प्रकरण में लगभग 16 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी का खुलासा करते हुए 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें एक नाइजीरियन नागरिक भी शामिल था।

केस-2ः फर्जी ई-मेल के माध्यम से हुई 1.55 करोड़ की विदेशी भुगतान धोखाधड़ी में संपूर्ण धनराशि पीड़ित कंपनी को वापस कराई गई।

केस-3ः अंतरराष्ट्रीय फिशिंग धोखाधड़ी के एक मामले में 5.07 करोड़ की संपूर्ण राशि सफलतापूर्वक वापस कराई गई।

### साइबर हस्तक्षेप से बड़ी ठगी विफल

पुलिस की साइबर क्राइम यूनिट ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक बड़े ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी गिरोह की गतिविधियों को विफल किया और विभिन्न राज्यों के संभावित पीड़ितों को समय रहते जागरूक कर करोड़ों रुपये के नुकसान से बचाया। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस ने बताया कि आधुनिक तकनीक, सतर्क निगरानी और समन्वित प्रयासों के माध्यम से साइबर अपराधों पर लगातार प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा रहा है तथा आमजन के आर्थिक हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

# थाना फेस-1 पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 01 गांजा तस्कर गिरफ्तार

## अभियुक्त के कब्जे से 01 किलो 190 ग्राम गांजा बरामद, एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज

**संदीप गर्ग समाज जागरण**

नोएडा, गौतमबुद्धनगर। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना फेस-1 पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

दिनांक 04.06.2026 को लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त रवि कुमार पुत्र रामपाल सिंह को एफ-95/96 सेक्टर-8 के सामने खाली प्लॉट से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान अभियुक्त




के कब्जे से 01 किलो 190 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त रवि कुमार पुत्र रामपाल सिंह, निवासी ग्राम नसरथपुर, थाना कासगंज, कासगंज, वर्तमान पता खोड़ा कॉलोनी, थाना खोड़ा, गाजियाबाद (उम्र 24 वर्ष) है। इस संबंध में थाना फेस-1 पर मु0अ0सं0 258/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ की जा रही है तथा उसके नेटवर्क एवं आपूर्ति चैन से संबंधित जानकारी जुटाई जा रही है। (मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

### थाना सेक्टर-39 पुलिस की कार्रवाई, 01 अभियुक्त गिरफ्तार

नोएडा, गौतमबुद्धनगर। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सेक्टर-39 पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

दिनांक 03.06.2026 को लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त अमन पुत्र सतीश को सेक्टर-37 बस स्टैंड स्थित पार्क के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 102 पव्वे अवैध देशी शराब (उत्तर प्रदेश मार्का) बरामद किए गए।

# पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की अग्नि सुरक्षा को लेकर बड़ी कार्रवाई

## 23 होटलों का किया गया व्यापक निरीक्षण, 787 लोगों को दिया गया अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण

**संदीप गर्ग समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री प्रदीप कुमार के पर्यवेक्षण में जनसुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कमिश्नरेट क्षेत्र में व्यापक अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत दिनांक 04.06.2026 को कुल 23 होटलों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया तथा होटल प्रबंधन एवं कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

निरीक्षण के दौरान अग्निशमन विभाग द्वारा प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के उपयोग का सजीव प्रदर्शन कर प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें लगभग 787 लोगों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी होटल संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने संस्थानों में अग्नि सुरक्षा उपकरणों को सदैव क्रियाशील अवस्था में रखें तथा फायर सेफ्टी



मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें। साथ ही सभी होटलों को आपातकालीन निकास द्वार (Emergency Exit) सदैव बाधा-मुक्त रखने के सख्त निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित निकासी सुनिश्चित की जा सके।

पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर एवं अग्निशमन विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऐसे निरीक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे, जिससे आपदा की स्थिति में जनहानि एवं संपत्ति की क्षति को न्यूनतम किया जा सके। (मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर)

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर सम्भल में चलेगा जनकल्याण एवं जनजागरूकता अभियान

**समाज जागरण**

बहजोई। केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद सम्भल में 5 जून से 21 जून तक समेकित जनकल्याण एवं जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया जाएगा। अभियान की तैयारियों की समीक्षा गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद प्रभारी मंत्री जे.पी.एस. राठौर ने कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में की।

बैठक से पूर्व प्रभारी मंत्री को कलक्ट्रेट परिसर में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर आईसीडीएस विभाग द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा जनपद में नवचयनित 185 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने प्रभारी मंत्री का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पाद, श्रीअन्न उत्पाद तथा प्राचीन बेरनी मंदिर की प्रतिकृति भी उन्हें भेंट की गई।



समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने अभियान की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और सम्मान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि अभियान का शुभारंभ 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर ह्लएक पेड़ मां के नामह्व अभियान के साथ होगा। इसके अंतर्गत अमृत सरोवरों, तालाबों, सड़कों, राजमार्गों, नदियों और नहरों के किनारे बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 8 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही सरकार आपके द्वार अभियान के तहत जनसमस्या समाधान शिविर लगाए जाएंगे। 11 से 14 जून तक मीडिया संवाद कार्यक्रम, 14 से 16 जून तक जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले, 16 से 17 जून तक विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, 17 से 20 जून तक विकास प्रदर्शनी तथा 18 से 19 जून तक प्राकृतिक खेती कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। अभियान का समापन 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तथा रात्रि चौपाल कार्यक्रमों के साथ होगा।

प्रभारी मंत्री जे.पी.एस. राठौर ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की गई हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के सभी कार्यक्रम जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक आयोजित किए जाएं। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराने तथा जनपद में सिटी फॉरेस्ट विकसित करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही विकास प्रदर्शनी में सरकार की प्रमुख योजनाओं और उत्तर प्रदेश के विजन डॉक्यूमेंट को प्रमुखता से प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक अजीत कुमार राजू, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 13 केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती परीक्षा, तैयारियों की समीक्षा

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल। उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार, बहजोई में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने की।



बैठक में बताया गया कि जनपद के 13 परीक्षा केंद्रों पर 8, 9 और 10 जून को दो पालियों में परीक्षा आयोजित होगी। प्रत्येक पाली में 4,656 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के लिए प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। अपर पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी कुलदीप सिंह ने परीक्षा केंद्रों, सुरक्षा व्यवस्था तथा प्रशासनिक तैयारियों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि परीक्षा की निगरानी के लिए जनपदीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से सभी परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की सतत निगरानी की जाएगी। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिसकर्मियों एवं कर्मचारियों के मोबाइल फोन के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा सभी को परिचय पत्र साथ रखना अनिवार्य होगा।

महिला अभ्यर्थियों की तलाशी महिला पुलिसकर्मियों द्वारा पृथक एंक्लोजर में ली जाएगी। परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता बनाए रखने के लिए लिफाफों की कलर कोडिंग, ओएमआर शीट, एडमिट कार्ड, रैंडमाइजेशन एवं हस्ताक्षर मिलान सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यप्रिय सिंह ने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, टेंट, मोबाइल टॉयलेट, ओआरएस, ग्लूकोज, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पंखों एवं जनरेटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही वाटर कूलरों एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को समय रहते दुरुस्त कराने को कहा।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा को पूरी गंभीरता के साथ निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, डिप्टी कलेक्टर रामानुज, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंसूरपुर माफी पुलिस चौकी का उद्घाटन, कानून-व्यवस्था को मिलेगी मजबूती

**समाज जागरण**

संभल।जनपद सम्भल में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किए जाने के उद्देश्य से थाना असमोली अंतर्गत नवीन पुलिस चौकी मंसूरपुर माफी का उद्घाटन



आज जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू की गरिमामयी उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत संपन्न हुआ।

उक्त उद्घाटन मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत कक्षा 02 की छात्रा स्थानीय बालिका जुनैरा अशरफ द्वारा फीता काटकर कराया गया, जो महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं की सहभागिता का प्रेरणादायी संदेश देता है।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सम्भल कुलदीप कुमार व क्षेत्राधिकारी असमोली डॉ0 प्रदीप कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण व जनप्रतिनिधि, क्षेत्र के सभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा आमजन को सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा जनसहयोग से अपराध नियंत्रण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु सहयोग की अपील की गई ।

नवस्थापित पुलिस चौकी के प्रारंभ होने से क्षेत्र में पुलिस की त्वरित पहुंच सुनिश्चित होगी, जिससे अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई एवं आपातकालीन सेवाओं को और अधिक मजबूती मिलेगी।

जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा सम्भल के प्राचीन 68 तीर्थों एवं 19 महा कूपों में से शहजादी सराय में स्थित क्षेमनाथ तीर्थ ( नैमिषारण्य) में पर्यटन विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यों मल्टीपर्पज हॉल, यात्री शेड, चेन्ज रुम, स्वागत द्वार आदि विकास कार्यों को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर क्षेमनाथ तीर्थ के मंहत बाल योगी दीनानाथ महाराज जी, उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल एवं तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र कुमार सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एआरटीओ कार्यालय में हेल्प डेस्क शुरू, अब नहीं भटकेंगे आवेदक

## ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, परमिट व फिटनेस संबंधी समस्याओं का एक ही स्थान पर होगा समाधान

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर। परिवहन विभाग से संबंधित कार्यों के लिए एआरटीओ कार्यालय पहुंचने वाले लोगों को अब जानकारी के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एआरटीओ कार्यालय में हेल्प डेस्क की शुरूआत की गई है इस व्यवस्था के माध्यम से ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, फिटनेस, परमिट सहित विभिन्न विभागीय सेवाओं से जुड़ी जानकारी और मार्गदर्शन एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया। जाएगा।



विभागीय सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सरल और जनहितैषी बनाना है। हेल्प डेस्क शुरू होने से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को राहत मिलेगी, जिन्हें पहले सही जानकारी के अभाव में कार्यालय के कई चक्कर लगाने पड़ते थे उप परिवहन कार्यालय विजनौरकार्यालय में आने वाले लोगों ने इस व्यवस्था का स्वागत करते हुए कहा कि हेल्प डेस्क से विभागीय प्रक्रियाओं को समझना आसान होगा और कार्यों के निस्तारण में भी तेजी आएगी।

लोगों का कहना है कि लंबे समय से ऐसी सुविधा की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। हेल्प डेस्क पर तैनात कर्मचारी आवेदकों को आवश्यक दस्तावेजों, आवेदन प्रक्रिया तथा संबंधित काउंटरों की जानकारी उपलब्ध कराएंगे। इसके अलावा ऑनलाइन आवेदन और पोर्टल संबंधी समस्याओं के समाधान में भी सहायता प्रदान की जाएगी।

एआरटीओ प्रशासन महेश कुमार शर्मा ने बताया कि हेल्प डेस्क व्यवस्था से कार्यालय की कार्यप्रणाली अधिक व्यवस्थित होगी तथा आवेदकों को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। इससे विभागीय कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी और लोगों का विश्वास भी मजबूत होगा।

# चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम को नहीं जाने दिया बिजनौर सत्ता परिवर्तन यात्रा में किया गया हाउस अरेस्ट

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद 4 जून 2026 को आजाद समाज पार्टी काशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद भाई चंद्र शेखर आजाद द्वारा बिजनौर से प्रदेश के अंदर सत्ता परिवर्तन यात्रा का शुभारंभ किया गया इसी यात्रा के चलते नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम को प्रशासन द्वारा हाउस अरेस्ट कर लिया गया ओर सत्ता परिवर्तन यात्रा में बिजनौर नहीं जाने दिया गया।



सत्ता परिवर्तन यात्रा 04 जून 2026 को जनपद बिजनौर से प्रारम्भ हुई। जो कि उत्तर प्रदेश के 403 विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंचेगी। जन जन को सामाजिक परिवर्तन की इस मुहिम से जोड़ने का कार्य करेगी। जिसके चलते नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने यात्रा को सफल बनाने के लिए काफी मेहनत की थी और चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम द्वारा भेजे जा रहे एक बड़े काफिला को देखते हुए सरकार घबराई ओर प्रशासन पर दबाव बनाया ओर चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम को हाउस अरेस्ट कराया गया। जिसके बाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने जैसे तैसे काफिले को बिजनौर रवाना किया। तभी सुबह बिजनौर निकलने से पहले ही चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम को प्रशासन द्वारा हाउस अरेस्ट कर लिया गया ओर जाने नहीं दिया गया।

# लापरवाही से ड्राइविंग कर एक्सीडेंट करने वाले कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। पुलिस ने सड़क किनारे खड़े बाइक सवार को टक्कर मारने वाले वाले कार चालक के खिलाफ लापरवाही से ड्राइविंग कर किसी व्यक्ति के जीवन को खतरे में डालने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसके विरुद्ध कार्यवाही शुरू कर दी है।

धामपुर के मोहल्ला नई सराय निवासी सुएब पुत्र शमशाद द्वारा दर्ज कराई गई तहरीर में कहा है कि एक जून को वह अपने भाई जुनैद के साथ नगीना में शादी में शामिल होने के बाद अपनी बाइक से वापस जा रहा था। मझेड़ा शकरू के तिगरी मनकावाला सेंटर के पास शकील पंचर वाले की दुकान के पास बाइक खड़ी कर बात कर रहे थे।शाम 6 बजे पीछे से आ रही मारुति कार डीएल 5 सीएस 3274 के चालक ने तेजी व लापरवाही से कार चलाते हुए भाई जुनैद के दाएं हाथ में टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।सीएचसी नगीना में डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया।जुनैद का मेरठ के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी अवनीत मान ने रिपोर्ट दर्ज होने की पुष्टि करते हुए बताया कि कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस चौपाल लगाकर दी महिला सुरक्षा व साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना । गाँव गांव पहुंचकर चौपाल लगाकर पुलिस उपाधीक्षक राजेश सिंह सोलंकी ने कहा कि संचार क्रांति के दौर में साइबर ठगी व साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। इनसे बचने के लिए हमेशा जागरूक रहना चाहिए।

नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर में आयोजित पुलिस चौपाल में सीओ राजेश कुमार सोलंकी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण के आदेश दिए।इस दौरान उन्होंने महिला सुरक्षा,साइबर अपराधों,यातायात नियमों व कानून व्यवस्था के संबंध में आमजन को जागरूक किया।उन्होंने यूपी-कॉप ऐप पर घर बैठे शिकायत दर्ज करने और अन्य सुविधाओं के लिए भी यूपी-कॉप ऐप के बारे में जानकारी दी।

सीओ राजेश सिंह सोलंकी ने लोगों को नए आपराधिक कानूनों बीएनएस( भारतीय न्याय संहिता)की जानकारी दी तथा जागरूक किया।नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।उन्होंने कहा कि यदि आपको अपने आसपास कोई संदिग्ध गतिविधि या कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे अथवा यदि कहीं कोई वाद विवाद या झगड़ा होते देखे तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। साइबर सुरक्षा के प्रति नागरिकों को सचेत करते हुए बताया कि ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए अपने मोबाइल फोन में आने वाले किसी भी संदिग्ध लिंक न खोलें,ओटीपी शेयर न करें।उन्होंने सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल के बारे में भी बताया।सेफ ट्रेवलिंग के लिए यातायात व सड़क सुरक्षा नियमों(शराब पीकर वाहन न चलाने,दुपहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट पहनने व कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाने) के पालन के लिए प्रेरित किया।

सुरक्षा एवं हेल्पलाइन सेवाओं के लिए टोल फ्री नंबरों से अवगत कराते हुए बताया कि आपातकालीन सेवाओं के लिए 112,महिला हेल्पलाइन के लिए 1090,चाइल्ड हेल्पलाइन के लिए 1098 और साइबर क्राइम के लिए 1930 नंबरों का उपयोग करें। पुलिस चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

# खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत समूह के सदस्य एवं कृषकों का प्रशिक्षण

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना । कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के अधिकारियों द्वारा खेत बचाओ अभियान एवं संतुलित उर्वरक उपयोग विषय पर कोतवाली देहात के गांवों में कार्यक्रम का आयोजन कर किसानों व समूह की महिला सदस्यों को जागरूक किया गया।




बृहस्पतिवार को आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, नगीना प्रभारी अधिकारी डा. के.के.सिंह एवं डा. प्रतिमा गुप्ता ने गांव- नूरुल्लापुर एवं सैदखेडी, कोतवाली आदि में कृषि विज्ञान केंद्र नगीना द्वारा खेत बचाओ अभियान एवं संतुलित उर्वरक उपयोग विषय पर कार्यक्रम का आयोजन कर कार्यक्रम में उपस्थित समूह की महिला सदस्यों एवं कृषकों को निम्नलिखित बिंदुओं पर जानकारी दी गई जिसमें हरी खाद या नवरत्न हरी खाद का प्रयोग एवं महत्व, गोबर की खाद एवं वर्मी कंपोस्ट का प्रयोग एवं महत्व, खेती में प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती में प्रयोग होने वाले अवयवों को शामिल करना, अपने घर पर ही प्राकृतिक जैविक रासायन एवं जैव खादों का निर्माण करे। इसके लिए प्रत्येक किसान अपने खेत पर वर्मीकम्पोस्ट इकाई, अजोला इकाई एवं प्राकृतिक खेती से संबंधित इकाई स्थापित कर फसलों की पोषक तत्वों की मांग के अनुरूप ही पोषक तत्व प्रबंधन की जानकारी दी गई।

# तालाब में मिला अज्ञात शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर चांदपुर थाना क्षेत्र के सिलारा तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। तालाब में शव उतराता देख स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चांदपुर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। प्रथम दृष्टया मृतक की आयु लगभग 50 से 55 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। बताया जा रहा है कि शव दो से तीन दिन पुराना हो सकता है। लंबे समय तक पानी में रहने के कारण शव फूल गया है, जिससे पहचान करने में कठिनाई हो रही है।



थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है और आसपास के थानों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही घटना के सभी पहलुओं की जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# मामूली कहासुनी से ट्रामा सेंटर में हंगामा, नर्सिंग ऑफिसर ने प्रशिक्षु चिकित्सक पर मारपीट का लगाया आरोप।

## रातभर चला विवाद, स्टाफ ने कुछ देर काम बंद कर किया प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग को लेकर ट्रामा सेंटर गेट पर बैठा नर्सिंग ऑफिसर।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के ट्रामा सेंटर में बुधवार देर रात एक मामूली विवाद ने तूल पकड़ लिया। मरीज के उपचार को लेकर हुई कहासुनी के बाद नर्सिंग ऑफिसर और ऑर्थोपेडिक विभाग के पीजी जूनियर रेजिडेंट (जेआर-1) के बीच विवाद हो गया। नर्सिंग ऑफिसर ने प्रशिक्षु चिकित्सक पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना के विरोध में नर्सिंग स्टाफ कुछ देर के लिए काम बंद कर ट्रामा सेंटर के बाहर आ गया और चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगा।



नर्सिंग ऑफिसर रविंद्र प्रताप ने प्राचार्य को दिए शिकायत पत्र में बताया कि वह देर रात ट्रामा सेंटर में ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान एक मरीज के उपचार को लेकर ऑर्थोपेडिक विभाग के पीजी जेआर-1 डॉ. अभिषेक से उनकी बातचीत हुई। आरोप है कि बातचीत के दौरान चिकित्सक ने अभद्र व्यवहार करते हुए उनके साथ मारपीट की, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद नर्सिंग स्टाफ में आक्रोश फैल गया। कई कर्मचारी काम छोड़कर ट्रामा सेंटर के बाहर पहुंच गए और चिकित्सक के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना मिलते ही सीएमएस डॉ. नवीन जैन मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक चली वार्ता के बाद स्थिति सामान्य हुई।

हालांकि, बृहस्पतिवार सुबह भी मामला शांत नहीं हुआ। नर्सिंग ऑफिसर ट्रामा सेंटर के बाहर फर्श बिछाकर बैठ गए। उनके समर्थन में अन्य कर्मचारी भी पहुंच गए और कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में नर्सिंग स्टाफ ने प्राचार्य को शिकायत पत्र सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### हर मरीज से पैसे लेकर काम करने का गंभीर आरोप

ट्रामा सेंटर में हुए विवाद के बाद नर्सिंग ऑफिसर ने प्रशिक्षु चिकित्सकों पर मरीजों से रुपये लेकर काम करने के आरोप भी लगाए हैं। आरोपों से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इससे ट्रामा सेंटर की व्यवस्थाओं की पोल साफ खुली दिख रही है।

# बिजनौर में निकली सत्ता परिवर्तन यात्रा, 2027 में बदलाव का किया आह्वान

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में आज बिजनौर में सत्ता परिवर्तन यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।



वक्ताओं ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम को प्रभावित करने के लिए प्रशासन ने सरकार के इशारे पर पूरी कोशिश की। उन्होंने कहा कि जगह-जगह पार्टी कार्यकताओं को डिटेन किया गया, वाहनों को रोका गया तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद को भी कुछ समय के लिए डिटेन किया गया। इसके बावजूद भारी संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और सत्ता परिवर्तन यात्रा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

अपने संबोधन में चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि उनकी सरकार बनने पर प्रदेश की जनता को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा तथा गरीबों के लिए मुफ्त इलाज की व्यवस्था करने का भी वादा किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा एकजुट होकर पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

इस यात्रा मे

प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़, भीम आर्मी राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह, कमल सिंह वालिया,महासचिव रविंद्र भाटी, मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी, जिला अध्यक्ष सतेंद्र कुमार, मौलाना अतीक अहमद, अशोक कुमार, सुखवीर प्रधान सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपियों को मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना । नगीना पुलिस ने जूस पीने गए युवक पर जन से मारने की नीयत से हमला करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नगीना पुलिस ने बताया कि लुहारी सराय पूर्वी वाल्मीकि बस्ती निवासी नीशू कुमार पुत्र अजय कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 30 मई को रात साढ़े दस बजे जब वह अपनी मां के साथ लुहारी सराय मोड़ पर हैदर की दुकान पर जूस पीने गया तो वहां पर तैयब, अब्दुल कादिर, शाकिब व कुछ अज्ञात लड़कों ने उस पर धारदार हथियारों से जान से मारने की नियत से हमला कर दिया था जिसमें उसके सिर में गंभीर चोटें आई थी।

पुलिस ने कारवाही करते हुए तैयब, अब्दुल कादिर व शाकिब को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

# दक्षिण मंडल की मासिक बैठक संपन्न।

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी दक्षिण मंडल, महानगर की मासिक बैठक आज कर्बला स्थित भाजपा नेता विजय राठौर के आवास पर संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता दक्षिण मंडल अध्यक्ष देश दीपक गुप्ता ने की एवं संचालन मण्डल मंत्री ललित कुमार सविता जी ने की। बैठक का मुख्य विषय "मोदी जी के 12 वर्ष – विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" रहा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा पर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष बी.एल. वर्मा जी, महानगर महामंत्री देवेश भारद्वाज जी, महानगर मंत्री डॉ. दुर्गेश यादव जी सहित मंडल के समस्त पदाधिकारी, पार्षदगण, कार्यकर्ता बंधु, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सभी कार्यकताओं से केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर हुआ काव्य गोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**

राष्ट्रीय कवि संगम एवं लोक साहित्य संस्कृति के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय सेवा शिविर कार्यक्रम के अध्यक्ष, कवि एवं दिल्ली में अंग्रेजी प्रवक्ता गजेंद्र कौशिक गजानन के संयोजन में एक काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। ऑनलाइन काव्य कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जितेंद्र महाजन विधायक रोहताश नगर शाहदरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध पर्यावरणविद संजय स्वामी ने की। गोष्ठी में सम्मिलित सभी रचनाकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूक करने वाली रचनाएँ पढ़ी।कार्यक्रम का केंद्रीय संचालन प्रसिद्ध कवियित्री पारुल धामा मन खेकड़ा नगर के रामपुर पट्टी स्थित आवास पर रहा। शिक्षिका एवं कवियत्री पूनम नैन मलिक के संचालन में अधिवक्ता हर्ष भारद्वाज की रचना में माँ गंगा के प्रति प्रेम की झलक अद्भुत रही। कवियत्री एवं शिक्षिका पारुल चौधरी मन द्वारा पेड़ पौधों के कटान पर भविष्य के प्रति चिन्ता व्यक्त की गई।सभी ने कविताओं के माध्यम से अपने-अपने विचार साझा किये। जो लगाये थे पौधे वो पेड़ हो गये - कवि गजेंद्र कौशिक



गजानन। सुनी वसुंधरा पाती है नित्य तुम ही से श्रृंगार - कवि अजय तोमर। आओ मिलकर करें मनन, लुप्त हुए क्यों अपने वन - कवियत्री पारुल चौधरी मन। गंगोत्री से गंगासागर तक, माँ गंगा पुकार रही - कवि हर्ष भारद्वाज। पेड़ों से सबको मिले, भोजन,पानी,साँस - कवियत्री पूनम नैन मलिक। गिर रहे हैं पहाड़ का रहे हैं रूठ कर - कवियत्री मुस्कान सागर सना। रोको और सभी को डांटो, ये हरे-भरे पेड़ न काटो - कवि कश्यप राजेश राज।अब भी समय है बचा लो अपना पर्यावरण - कवियत्री भावना तोमर। शाख रही तो फूल भी पत्ते भी आएंगे। गोष्ठी में पर्यावरण के प्रति प्रेम और जाग रूकता से जुड़ी कविताओं का सभी श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया और संकल्प किया कि न सिर्फ कविताओं के माध्यम से अपितु हम सभी मिलकर पर्यावरण के प्रति अपने कर्तव्यों का भली-भांति निर्वहन करेंगे।

# वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा की माता लीलावती का निधन, पत्रकारों व समाजसेवियों में शोक की लहर

80 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस, यमुना किनारे हुआ अंतिम संस्कार; जागौश गांव में शोक जताने वालों का लगा तांता

**समाज जागरण छपरौली।**

जागौश गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा की माता 80 वर्षीय लीलावती का मंगलवार रात निधन हो गया। वे कई दिन से अस्वस्थ चल रही थीं। उनके निधन से जिले भर के पत्रकारों, समाजसेवियों व गणमान्य लोगों ने गहरा दुख जताया है। लीलावती अपने पीछे तीन बेटे, तीन बेटियां, एक पोत्र सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। बुधवार सुबह यमुना नदी के किनारे उनका अंतिम संस्कार किया गया। स्वर्गीय लीलावती गांव में समाजसेविका के रूप में जानी जाती थीं। वे हर किसी के दुख-सुख में शामिल होती थीं और सभी के परिवार में आना-जाना करती थीं। उनके निधन से परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पत्रकार अनिल शर्मा के जागौश स्थित आवास पर शोक प्रकट



करने वालों का दिनभर तांता लगा रहा। जिले के पत्रकारों, समाजसेवियों और गणमान्य लोगों ने लीलावती के निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए भगवान से उन्हें अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। सभी ने शोक संतप्त परिवार, खासकर पत्रकार अनिल शर्मा को ढांढस बंधाया।

# खट्टा प्रहलादपुर में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर , सैकड़ों मरीजों का मुफ्त इलाज और दवा वितरण

## भाजपा नेता मनुपाल बंसल ने किया उद्घाटन, रामा अस्पताल के डॉक्टरों ने दी सेवाएं

**समाज जागरण बागपत।**

गांव खट्टा प्रहलादपुर में गुरुवार को जरूरतमंदों के लिए राहत की सौगात मिली। चौधरी हरलाल मेमोरियल ट्रस्ट, बागपत और रामा अस्पताल, पाली के संयुक्त तत्वाधान में निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन भाजपा नेता और जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी तिलकराम ने की जबकि संचालन राजेश कुमार ने




किया। शिविर में रामा हॉस्पिटल के वरिष्ठ डॉक्टरों ने ग्रामीणों की जांच की और जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाएं भी वितरित कीं। डॉक्टर विनगेश, डॉ. शुभम, डॉ. आरिफ, रजत उपाध्याय, धीरज शर्मा, निशा, हरेंद्र आदि ने शिविर में अपना सहयोग दिया। भाजपा नेता मनुपाल बंसल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होने चाहिए। इससे उन लोगों को फायदा मिलता है जो अस्पताल जाकर इलाज कराने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि रामा अस्पताल की विशेष चिकित्सीय सुविधा का लाभ सीधे गांव तक पहुंचा। इसके लिए उन्होंने चौधरी हरलाल मेमोरियल ट्रस्ट का धन्यवाद किया, जिसकी वजह से सैकड़ों लोगों को निशुल्क इलाज मिल सका। ट्रस्ट की उपसचिव टीना चौधरी ने रामा अस्पताल के सभी डॉक्टरों का आभार जताया और ज्यादा से ज्यादा लोगों से ट्रस्ट से जुड़कर सेवा कार्य में सहयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर वीरपाल प्रधान, राकेश जैन, भाजपा नगर महामंत्री मांगेराम कश्यप, रवि चौधरी, प्रवेश शर्मा, देवेंद्र फौजी, राहुल कुमार, सुरेंद्र गुर्जर, रामलखन, सुरेश कुमार, मनोज कुमार, सोमदत्त शर्मा, सुभाष चौहान और मयंक जैन आदि मौजूद रहे।

# विनिश्चय सागर जी महाराज ने किया मंगल प्रवेश

**समाज जागरण बागपत।**

जैन आचार्य श्री विनिश्चय सागर जी महाराज ससंघ 5 पीछी ने शामली से विहार करते हुए बड़ौत नगर में मंगल प्रवेश किया। उनकी मंगल प्रवेश यात्रा, बैंड बाजे के साथ सुबह 7 बजे राज पैलेस से प्रारंभ होकर, बावली रोड, ठाकुर द्वारा,संजय मूर्ति,महावीर मार्ग होते हुए श्री अजितनाथ दिगंबर जैन मंदिर मंडी पहुंची। रास्ते में जगह- जगह जैन श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन किया और आरती की। मंदिर जी में आचार्य श्री विनिश्चय सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि आज आवश्यकता है बच्चों को संस्कार देने की।हम बच्चों को अंग्रेजी विद्यालय में तो पढ़ा रहे हैं लेकिन उन्हें धर्म के



संस्कार नहीं दे पा रहे।जिस कारण बड़े होकर वे भले ही कितने पैसे कमाने लग जाए लेकिन धर्म, मानवता,परोपकार नहीं सीख पाते। बच्चों को अपने साथ धर्म स्थल पर ले जाओ और गुरु के मुख से अमृत वाणी सुनवाओ, ताकि वह बच्चा बड़ा होकर अच्छा इंसान बने और अपने माता पिता की सेवा कर सके। सभा का संचालन पंडित श्रेयांस जैन ने किया।सभा में श्री अजितनाथ मंदिर कमेटी, शांतिनाथ मंदिर कमेटी, पार्श्वनाथ मंदिर कमेटी,विमर्श जागृति मंच,जैन मिलन परिवार, स्यादवाद महिला संगठन आदि अनेकों संस्थाएं ने श्रीफल समर्पित किए।सभा में मुकेश जैन, प्रदीप जैन, नवीन जैन, वरदान जैन, महेंद्र जैन, अनिल जैन, वीरसेन जैन, अंकुर जैन, राकेश जैन, विकास जैन,हंस कुमार जैन,सतीश जैन,अरुण जैन आदि उपस्थित थे।

# 45 दिवसीय पर्यावरण प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू , 5 विश्वविद्यालयों के 15 छात्र ले रहे भाग

## एस्रो निदेशक संजय राणा बोले- जलवायु परिवर्तन सबसे बड़ी चुनौती; छात्र गांव-गांव जाकर चलाएंगे जागरूकता अभियान

**समाज जागरण बड़ौत:**

जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर समस्या से निपटने के लिए दयानंद बाल विद्या मंदिर में एनवायरनमेंट एंड सोशल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (एस्रो) के तत्वावधान में 45 दिवसीय पर्यावरण प्रशिक्षण कार्य शाला का शुभारंभ हुआ। इसमें देश की 5 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से 15 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित संवाद सत्र में एस्रो के निदेशक संजय राणा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन मानव सभ्यता के




सामने सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। बढ़ता वैश्विक तापमान, अनियमित वर्षा, अत्यधिक गर्मी, बाढ़, सूखा और तूफान इसके प्रत्यक्ष परिणाम हैं। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन का असर केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं है। हीट स्ट्रोक, श्वसन संबंधी रोगों और जलजनित बीमारियों में वृद्धि हो रही है। कृषि उत्पादन प्रभावित होने से खाद्य सुरक्षा पर संकट है। जल स्रोतों के सूखने और भूजल स्तर में गिरावट से पेयजल की उपलब्धता चुनौती बन गई है। देशवीर नैन ने कहा कि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने युवाओं से ऊर्जा संरक्षण, जल बचत, वृक्षारोपण, प्लास्टिक के कम उपयोग और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

कार्यशाला की खास बातें

1. प्रतिभागियों को पर्यावरणीय अध्ययन, कचरा प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण, जल संरक्षण की व्यावहारिक ट्रेनिंग दी जाएगी। 2. सभी छात्र ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। 3. युवाओं में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित कर उन्हें सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बनाया जाएगा। कार्यक्रम में खुशी, प्रिंस, सुमेधा, भार्गवी, रोहित, सिद्धार्थ , सूरज, उमंग, तनु, अश्वनी, हर्ष, ऋषभ, प्रियांश एवं यशस्वी मौजूद रहे। सभी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया।

# पंडित नेहरू ने समूचे विश्व को पढ़ाया था शांति का पाठ : सरबजीत कौर

**समाज जागरण बागपत।**

जिलेभर में देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान सभी ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रदांजलि दी। इस मौके पर सुप्रसिद्ध समाज सेविका सरबजीत कौर ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर नवीन भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश को विकास के उस पथ पर अग्रसर किया, जिससे भारत की विश्व में अलग पहचान बन सकी। उन्होंने आजीवन



लोकतांत्रिक सिद्धांतों का प्रचार किया और समूचे विश्व को शांति का पाठ पढ़ाया। कहा कि पंडित नेहरू बच्चों से बहुत प्यार करते थे। यदि हम बच्चों में शुरू से ही अच्छी आदत व अच्छे संस्कार डालेंगे तो उन्हें आगे अच्छा नागरिक बनने में आसानी होगी। कहा कि आज भारत में बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर खास ध्यान देने की जरूरत है, क्योंकि बच्चे ही देश का भविष्य है। राष्ट्र निर्माण के लिए बच्चों का बेहतर चरित्र निर्माण होना जरूरी है। उन्होंने सभी से पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेकर उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। अंत में सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

# भारत विश्व का सबसे भरोसेमंद निवेश गंतव्य बना: सिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस 2026 में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल

## कनाडा और अमेरिका के साथ वार्ताओं के दौरान भारत को निवेशकों का मजबूत भरोसा मिला; प्रस्तावित भारत-कनाडा मुक्त व्यापार समझौते को सकारात्मक प्रतिक्रिया: श्री पीयूष गोयल

**भारत के व्यापार समझौतों से बाजार पहुंच का विस्तार, ये समझौते निवेश और प्रतिभा की गतिशीलता को सुगम बना रहे: श्री पीयूष गोयल**

**ओमान मुक्त व्यापार समझौता प्रभावी, भारत अगले दस महीनों के भीतर हाल ही में संपन्न हुए नौ व्यापार समझौतों को लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है: श्री पीयूष गोयल**

**जन विश्वास अधिनियम 2.0 के तहत लगभग 1,000 अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया; भव्य योजना के तहत विश्व स्तरीय अवसंरचना वाले 100 औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे: श्री पीयूष गोयल**

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने मुंबई में आयोजित सिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस 2026 में वर्चुअल माध्यम से मुख्य भाषण दिया। इसमें उन्होंने भारत के विश्व के सबसे भरोसेमंद निवेश गंतव्य के रूप में उभरने पर प्रकाश डाला और विनिर्माण, व्यापार करने में सुगमता, बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी अंगीकरण और वैश्विक व्यापार जुड़ाव को सुदृढ़ करने के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों की रूपरेखा प्रस्तुत की। श्री गोयल ने वैश्विक निवेशकों और व्यापारिक नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में मान्यता प्राप्त है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि देश आने वाले दो दशकों से अधिक समय तक इस स्थिति को बनाए रखेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने बदलती भू-राजनीतिक और आर्थिक परि स्थितियों के अनुरूप प्रक्रियाओं और व्यावसायिक रणनी तियों को पुनर्व्यवस्थित करके संकटों को अवसरों में परिवर्तित किया है और व्यापार, व्यवसाय, विनिर्माण और निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना हुआ है। श्री गोयल ने कहा कि कनाडा और अमेरिका में निवेशकों और व्यापारिक नेताओं के साथ उनकी हालिया मुलाकातों से भारत की आर्थिक संभावनाओं में वैश्विक विश्वास स्पष्ट हुआ है। भारत से कनाडा जाने वाले अब तक के सबसे बड़े व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ अपनी कनाडा यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने प्रस्तावित भारत-कनाडा मुक्त व्यापार समझौते के लिए मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया और पेंशन फंड, बीमा कंपनियों और अन्य संस्थागत निवेशकों की मजबूत रुचि को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क में अग्रणी निवेश फर्मों और लगभग 50 कंपनियों के साथ हुई चचाओं ने भारत को एकमात्र विश्वसनीय वैकल्पिक विनिर्माण केंद्र, एक भरोसेमंद साझेदार और लोकतंत्र, विधि के शासन, निर्णायक नेतृत्व, प्रौद्योगिकीय क्षमताओं और 1.4 बिलियन लोगों के विशाल उपभोक्ता बाजार द्वारा समर्थित एक सुरक्षित निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित किया है। श्री गोयल ने कहा कि दीर्घकालिक वैश्विक पूंजी का रुझान भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है। न्यूयॉर्क और टोरंटो के प्रमुख निवेशकों के साथ हुई बातचीत का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हर चर्चा से भारत की भावी विकास गति पर भरोसा और मजबूत हुआ। उन्होंने टिप्पणी की कि निवेशकों के लिए सवाल यह नहीं है कि वे भारत में निवेश करें या नहीं, बल्कि यह है कि वे भारत की विकास गाथा को कितनी जल्दी पहचानते हैं और उसमें भाग लेते हैं। भारत में सफल दीर्घकालिक निवेशों के उदाहरणों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने 1999 में लगभग 200 मिलियन डॉलर के निवेश के साथ हुंडई के भारत में प्रवेश का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उस समय बुनियादी ढांचे की सीमाओं के बावजूद, कंपनी ने भारत में विनिर्माण कार्यों के माध्यम से वर्षों में काफी मूल्य अर्जित किया और लाभांश, रॉयल्टी और पूंजी वृद्धि के माध्यम से महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त किया। उन्होंने भारत में जेसीबी के अनुभव का भी उल्लेख किया और बताया कि कंपनी ने देश में तब प्रवेश किया जब बुनियादी ढांचे का विकास अभी शुरूआती चरण में था। आज यह कंपनी भारत में निर्मित उत्पादों का निर्यात लगभग 130 देशों को करती है, साथ ही बढ़ती घरेलू मांग को भी पूरा करती है। उन्होंने कहा कि ये उदाहरण घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों के लिए व्यापक स्तर पर विनिर्माण सेक्टर की सहायता करने की भारत की क्षमता को दशार्ते हैं। श्री गोयल ने विश्व के साथ भारत के बढ़ते व्यापारिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ने पिछले तीन से साढ़े तीन वर्षों में 38 विकसित अर्थव्य वस्थाओं के साथ नौ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। उन्होंने कहा कि ये समझौते बाजार पहुंच बढ़ाकर, व्यापार को सुगम बनाकर, प्रतिभाओं के आवागमन को सक्षम बनाकर और निवेश आकर्षित करके, जिनमें भारत में वैश्विक क्षमता केंद्र स्थापित करना भी शामिल है, भारत के विकास में योगदान देते हैं। भारत की विकास यात्रा में वैश्विक निवेशकों को आमंत्रित करते हुए श्री गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि भारत केवल एक विशाल और विकासशील बाजार ही नहीं, बल्कि नवाचार, डिजाइन और उन्नत विनिर्माण का आधार भी है। उन्होंने निवेशकों से आग्रह किया कि वे भारत को नई प्रौद्योगिकियों और भविष्य के उद्योगों की ओर अग्रसर करने में सहयोग के लिए धैर्यपूर्वक और दीर्घकालिक पूंजी निवेश करें। श्री गोयल ने उपस्थित लोगों को सूचित किया कि ओमान मुक्त व्यापार समझौता 1 जून से प्रभावी हो गया है और संकेत दिया कि अगले छह महीनों के भीतर कम से कम दो से तीन और महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार समझौते प्रभावी होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि भारत अगले वर्ष में तीन से चार और महत्वपूर्ण व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर करने और अगले नौ से दस महीनों में हाल ही में संपन्न हुए सभी नौ समझौतों को लागू करने की संभावना है। व्यापार सुगमता बढ़ाने के उद्देश्य से किए गए हालिया सुधारों पर प्रकाश डालते हुए, श्री गोयल ने अप्रैल में पारित जन विश्वास अधिनियम के दूसरे संस्करण का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस कानून के तहत कई केंद्रीय कानूनों के अंतर्गत आने वाले लगभग एक हजार अपराधों- जिनमें न तो धोखाधड़ी का इरादा था और न ही सार्वजनिक सुरक्षा या सार्वजनिक स्वास्थ्य को कोई खतरा- को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह सुधार व्यवसायों के प्रति सरकार के विश्वास-आधारित दृष्टिकोण को दशार्ता है, साथ ही अनुपालन के बोझ को कम करता है और न्यायिक प्रणाली पर दबाव को भी कम करता है। श्री गोयल ने हाल ही में घोषित भव्य स्कीम का भी उल्लेख किया, जिसके तहत देश भर में लगभग 3.5 बिलियन डॉलर के परिव्यय से 100 औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य तैयार कारखानों, श्रमिकों के आवास, मनोरंजन सुविधाओं, पर्यावरण संबंधी स्वीकृतियों, सामान्य अपशिष्ट जल उपचार सुविधाओं, उपयोगिताओं, जल आपूर्ति, बिजली और डिजिटल बुनियादी ढांचे सहित सहज औद्योगिक अवसंरचना का निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि यह पहल सरकार को नियामक की बजाय सुविधादाता के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाकर लघु एवं मध्यम उद्यमों, निमार्ताओं और व्यवसायों को सहयोग प्रदान करेगी। श्रम सुधारों का उल्लेख करते हुए श्री गोयल ने कहा कि चार श्रम संहिताएं अब सक्रिय हो चुकी हैं और कई राज्यों ने अपने नियमों को अपनाना और उनमें संशोधन करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि 29 श्रम कानूनों को चार श्रम संहिताओं में समेकित करने से अनुपालन और कार्यान्वयन में अत्यधिक सरलता आई है। हाल की वैश्विक चुनौतियों के प्रति भारत की प्रतिक्रिया पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों और खाड़ी क्षेत्र से ऊर्जा आपूर्ति में आई बाधाओं के बावजूद देश ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा संकट का सफलतापूर्वक सामना किया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने के भारत के पूर्व प्रयासों ने पेट्रोल, डीजल, विमानन ईंधन, एलएनजी और एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की, साथ ही कीमतें भी अपेक्षाकृत कम रहीं। उन्होंने कहा कि वैश्विक कीमतों में वृद्धि के बावजूद किसानों के लिए उर्वरक की कीमतें अपरिवर्तित रहीं, जिसका बोझ केंद्र सरकार ने उठाया। श्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले बारह वर्षों में किए गए मजबूत राजकोषीय प्रबंधन ने भारत को आर्थिक स्थिरता बनाए रखते हुए किसानों, लघु एवं मध्यम उद्यमों, व्यवसायों और समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करने में सक्षम बनाया है। अवसंरचना विकास पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भारत बंदरगाहों, राजमार्गों, सड़कों, ग्रामीण संपर्क और हवाई अड्डों में लगभग 130 बिलियन डॉलर का निवेश कर रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में देश की बंदरगाह और हवाई अड्डे की क्षमता दोगुनी हो गई है। उन्होंने जल जीवन मिशन, 500 गीगावाट संस्थापित क्षमता वाले राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड की स्थापना और 50 प्रतिशत से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा योगदान सहित प्रमुख उपयोगिता पहलों का भी उल्लेख किया।

श्री गोयल ने बताया कि भारत अगले पांच वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को 250 गीगावाट से बढ़ाकर 500 गीगावाट करने की योजना बना रहा है। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अन्य उन्नत प्रौद्योगिकियों के लिए कार्यबल को तैयार करने हेतु व्यापक स्तर पर कौशल विकास और पुन प्र्शिक्षण पहलों के माध्यम से सेमीकंडक्टर और उभरती प्रौद्योगि कियों पर देश के फोकस पर भी प्रकाश डाला। श्री गोयल ने संतोष व्यक्त किया कि टाटा और एएसएमएल मिलकर भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए

# सभी लोग अपने जन्मदिन पर एक पौधा जरूर लगाये : विनोद तंवर

**समाज जागरण बागपत।**

तंवर स्वच्छ पर्यावरण संस्था खैला के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद तंवर ने कहा कि उनकी संस्था का इस साल का विषय प्रकृति के साथ सामंजस्य है। विनोद तंवर ने कहा कि ये दिन हमें याद दिलाता है कि धरती सिर्फ इंसानों की नहीं है। पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, कीड़े-मकोड़े, नदी-तालाब - सब मिलकर ही जीवन का चक्र पूरा करते हैं। एक पीपल या बरगद का पेड़ 24 घंटे ऑक्सीजन देता है और सैकड़ों जीवों को घर देता है। इस जैव विविधता दिवस पर सभी संकल्प लें कि अपने जन्मदिन, बच्चों के जन्मदिन, पूर्वजों की पुण्यतिथि पर एक देशी पौधा जरूर लगाएं। नीम, जामुन, शीशम, ढाक, करोंदा - हमारे गांव के ये पेड़-पौधे ही असली जैव विविधता हैं। विदेशी



यूकेलिप्टस नहीं, अपने खेत की मेड़ पर देशी प्रजाति लगाएं। ये कम पानी में पनपते हैं और पक्षियों-तितलियों को जीवन देते हैं। हमारी संस्था ने वन महोत्सव 2020 से लेकर 2025 तक लाखो पौधे रोपे है, लेकिन हमारा लक्ष्य सिर्फ गिनती नहीं है।2026 में हम हर पौधे को पेड़ बनाने का संकल्प लेते हैं। ट्री-गार्ड लगाएं, 3 साल तक पानी दें। तभी जैव विविधता बचेगी। कहा कि तालाब, जोहड़, नदियां जैव विवि धता का घर हैं। प्लास्टिक और गंदगी से इन्हें बचाएं। खैला,रटौल से लेकर पीलीभीत के चक्रतीर्थ धाम व तमाम भारत वर्ष के प्रदेशों तक हमने पौधे लगाए हैं - अब इन्हें बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। कहा कि बागपत की धरती चौधरी चरण सिंह की कर्मभूमि रही है। उन्होंने कहा था कि देश की तरक्की का रास्ता खेत-खलिहान से होकर जाता है। आज मैं जोड़ता हूं कि धरती की तरक्की का रास्ता जैव विविधता से होकर जाता है। कहा कि आइए हम इस जैव विविधता दिवस पर शपथ लें कि हम अपनी धरती को आने वाली पीढ़ी के लिए हरा-भरा और जीवंत सौंपकर जाएंगे।

# रक्षा मंत्री ने परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए फील्ड कमांडरों को वित्तीय सीमा में दो गुना बढ़ोतरी को मंजूरी दी

1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की खरीद में सहायता के लिए वित्तीय प्रत्यायोजन को राजस्व मार्ग के जरिए बढ़ाया

**रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए स्वदेशीकरण और अनुसंधान एवं विकास के लिए संशोधित वित्तीय शक्तियां दोगुनी कर दी गई हैं**

**नई शक्तियों के साथ अग्रणी सेवा द्वारा संयुक्त-सेवा खरीद में तेजी लाने के लिए नए प्रावधान किए गए हैं**



रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 4 जून, 2026 को नई दिल्ली में चिकित्सा एवं निर्माण परियोजनाओं सहित रक्षा सेवाओं के लिए वित्तीय शक्तियों के संशोधित प्रत्यायोजन को जारी किया। वित्तीय शक्तियों में 100 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है, और कुछ मामलों में तो यह वृद्धि दोगुने से भी अधिक है। इससे फील्ड कमांडरों की परिचालन क्षमता और मजबूत होगी। इससे अनुबंधों को शीघ्रता से संपन्न करने तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण और अनुसंधान एवं विकास के लिए आवंटित वित्तीय शक्तियों को दोगुना कर दिया गया है ताकि विदेशी मूल उपकरण निमार्ताओं पर निर्भरता कम करके आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया जा सके। वित्तीय शक्तियों के संशोधित प्रत्यायोजन से चालू वर्ष के बजटीय आवंटन के अनुसार राजस्व मार्ग से 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की खरीद में मदद मिलेगी। सेना/वायु सेना/नौसेना कमांडरों को सौंपी गई विशेष वित्तीय शक्तियों में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है, साथ ही तत्काल परिचालन जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रदान की गई कुल सीमा में 100 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। वित्तीय शक्तियों में वृद्धि के अतिरिक्त, सामान्य खरीद की तुलना में उच्चतर अधिकार क्षेत्र के साथ अग्रणी सेवा द्वारा संयुक्त सेवा खरीद को बढ़ावा देने के लिए नए प्रावधान शामिल किए गए हैं। वस्तुओं और सेवाओं की खरीद को विकेंद्रीकृत करने के लिए कई नए सक्षम वित्तीय प्राधिकरणों की स्थापना की गई है। वित्तीय शक्तियों को अंतिम बार 2021 में अधिसूचित किया गया था। सैन्य बलों की संख्या में विस्तार और बजट आवंटन में वृद्धि के मुकाबले परिचालन एवं रखरखाव पर बढ़ते व्यय को पूरा करने के लिए संशोधन आवश्यक हो गया था। वित्तीय शक्तियों में यह संशोधित प्रत्यायोजन, अक्टूबर 2025 में अधिसूचित संशोधित रक्षा खरीद नियमावली के साथ मिलकर, त्वरित निर्णय लेने के साथ रक्षा खरीद को गति प्रदान करेगा। इससे रक्षा बलों की आवश यकताओं के अनुसार संसाधनों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी, चीफ ऑफ नेवल स्टाफ एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन, रक्षा सचिव श्री राजेश कुमार सिंह, सचिव (रक्षा उत्पादन) श्री संजीव कुमार, सचिव (पूर्व सैनिक कल्याण) श्रीमती सुकृति लिखी, सचिव (रक्षा वित्त) श्री विश्वजीत सहाय, वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ एयर मार्शल नागेश कपूर, कंट्रोलर जनरल ऑफ डिफेंस अकाउंट्स श्री अनुग्रह नारायण दास और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान की तैयारियों की समीक्षा

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। केंद्र सरकार के सफल एवं जनसेवा को समर्पित 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून, 2026 तक आयोजित होने वाले जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान की तैयारियों को लेकर गुरुवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जनपद के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग के मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने की। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में गरीब कल्याण, किसान हित, महिला सशक्तिकरण, युवा विकास, सामाजिक सुरक्षा और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। इन उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, जनसंवाद, विकास प्रदर्शनी, लाभार्थी संपर्क अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम तथा पौधरोपण गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर



प्रभारी मंत्री ने पांच आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट मोबाइल फोन वितरित किए। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से आंगनबाड़ी सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। इन मोबाइल फोन के जरिए पोषण ट्रैकर ऐप और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ऐप का संचालन आसान होगा तथा लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ तेजी से पहुंच सकेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जनपद को कुल 2099 स्मार्ट मोबाइल फोन प्राप्त हुए हैं, जिनका वितरण चरणबद्ध तरीके से सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और मुख्य सेविकाओं को किया जाएगा।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनपद के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। टेलगुड़वा से कोन तक निमार्णाधीन सड़क में भ्रष्टाचार के आरोपों के संबंध में उन्होंने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है और जिलाधिकारी से जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचत अभियान का समर्थन करते हुए कहा कि वह स्वयं सीमित वाहनों का उपयोग कर रहे हैं और अनावश्यक काफिलों से बचने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में सदर विधायक भूपेश चौबे, घोरावल विधायक डॉ. अनिल कुमार मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

# बाल श्रम निषेध: हकीकत और जागरूकता हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में उतरे तहसीलों से पीएलवी

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

ओबरा/ सोनभद्र। ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र सचिव/ न्यायाधीश राहुल के आह्वान पर जनपद सोनभद्र के सभी तहसील क्षेत्रों में कार्यरत अधिकार मित्रों/ पीएलवी ने अपने तहसील क्षेत्रों में गुरुवार से बाल श्रम निषेध दिवस की शुरुआत कर दी है।




यह पीएलवी ग्रामीण एवं दूरस्थ तथा दुर्गम अंचलों में जाकर लोगों को जहां बाल श्रम की विभिषिका और दुष्परिणामों से अवगत करा रहे हैं वहीं बाल श्रम कराना अपराध बताते हुए सजा और जुर्माना होने की जानकारी दे रहे हैं। इतना ही नहीं सामुदायिक और पारिवारिक उन्नति और पीढ़ियों के जीवन स्तर में किस तरह सुधार आदि हेतु बाल श्रमिकों अथवा इसके दूरगामी परिणाम से अंजान माता/पिता/अभिभावकों को बच्चों को पढ़ाने, उनके बचपन को बचाने, उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य आदि पर मार्मिक ढंग से समझाईश देने हेतु अधिकार मित्र/पीएलवी अपने अपने क्षेत्र में पसीना बहा रहे हैं।

तहसील ओबरा से पीएलवी कमाल अहमद, श्रीमती निगार, राबर्ट्सगंज से निर्मल कोर, सरिता लाहा, सपना सिंह, दीपन कुमार, भोला, मनोज पाठक, घोरावल से अजय मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, सुमन, दुद्धी तहसील से रंजू भारती अभियान की सफलता हेतु सक्रिय रहे। यह जानकारी न्यायाधीश राहुल सचिव ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र ने दी है।

# अवैध अस्पताल या मौत की दुकान? इलाज के दौरान महिला की मौत, संचालक फरार

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। जनपद में अवैध रूप से संचालित अस्पतालों पर प्रभावी कार्रवाई न होने का खामियाजा आम लोगों को अपनी जान गंवाकर चुकाना पड़ रहा है। ताजा मामला चौकी सुकृत क्षेत्र के ग्राम बट स्थित पेट्रोल पंप के समीप संचालित शिव शांति चिकित्सालय का है, जहां उपचार के दौरान एक महिला की मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। घटना के बाद अस्पताल संचालक के मौके से फरार होने की चर्चा है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार जुगैल थाना क्षेत्र के नेवारी गांव निवासी 45 वर्षीय सीता देवी पत्नी सफेद को चक्कर आने की शिकायत हुई थी। परिजन उन्हें उपचार के लिए शिव शांति चिकित्सालय लेकर पहुंचे। आरोप है कि अस्पताल में मौजूद कथित चिकित्सक द्वारा महिला की समुचित जांच किए, बिना उसे ड्रिप चढ़ाई गई और इंजेक्शन लगाया गया। परिजनों का कहना है कि दवा और इंजेक्शन दिए जाने के कुछ ही देर बाद महिला की हालत अचानक बिगड़ने लगी। परिजनों के मुताबिक महिला की तबीयत लगातार खराब होती गई और कुछ ही समय बाद उसकी मौत हो गई। महिला की मौत



की सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। आरोप है कि घटना के बाद अस्पताल संचालक अस्पताल बंद कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद चौकी प्रभारी सुकृत भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं परिजनों से भी घटना के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। महिला की मौत के बाद क्षेत्र में अवैध अस्पतालों और झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में कई निजी अस्पताल बिना आवश्यक मानकों और योग्य चिकित्सकों के संचालित हो रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से इनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ऐसे अस्पतालों की जांच और निगरानी की जाए तो इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकता है। मृतका के परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्य प्रणाली और जिले में संचालित अवैध अस्पतालों पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

# युवक का शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। विंढमगंज थाना क्षेत्र के जोरूखाड़ टोला बगबियानी में गुरुवार सुबह एक युवक का शव सड़क किनारे झाड़ियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान रजनि कांत (25) पुत्र स्व. अश्विनी कुमार निवासी पतरिहा के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार, सुबह ग्रामीणों ने सड़क किनारे झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा देखा। करीब जाकर देखने पर उसकी पहचान रजनि कांत के रूप में हुई। घटना की सूचना तत्काल विंढमगंज पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। मृतक के सिर के पिछले हिस्से और गर्दन पर धारदार हथियार से गंभीर वार के निशान पाए गए हैं। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी हुई है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। बताया जाता है कि रजनि कांत ने पॉलिटेक्निक की पढ़ाई की थी। वह दो भाइयों में बड़ा था। लगभग एक वर्ष पूर्व उसके पिता अश्विनी कुमार का बीमारी के चलते निधन हो गया था, जिसके बाद परिवार की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। युवक की अचानक मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है।

# पुलिस मुठभेड़ और मादक पदार्थ बरामदगी प्रकरण में चोपन पुलिस को बड़ी सफलता, फरार समेत तीन वांछित गिरफ्तार

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**




सोनभद्र। जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चोपन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस मुठभेड़ एवं मादक पदार्थ बरामदगी के मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त समेत तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से एक देशी तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना चोपन पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई। मामला थाना चोपन में दर्ज मुकदमा संख्या 212/2026 से संबंधित है, जिसमें एनडीपीएस एक्ट, बीएनएस और आर्म्स एक्ट की धाराएं शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, 1 जून 2026 को थाना चोपन, थाना रॉबर्ट्सगंज और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई के दौरान मादक पदार्थ तस्करों के साथ मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान प्रिंस सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि उसका साथी रोहित सिंह अंधेरे और पहाड़ी क्षेत्र का लाभ उठाकर फरार हो गया था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी। 3 जून को मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने मारकुंडी बस स्टैंड के पास घेराबंदी कर फरार अभियुक्त रोहित सिंह पुत्र गजै सिंह निवासी लुधियाना, पंजाब को गिरफ्तार कर लिया। विवेचना के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर इस मामले में संलिप्त पिंटू यादव निवासी पलामू, झारखंड तथा सतपाल सिंह खरवार को भी गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में रोहित सिंह ने बताया कि वह अपने साथी प्रिंस सिंह के साथ झारखंड के डाल्टेनगंज क्षेत्र से डोडा और अफीम लेकर पंजाब ले जा रहा था। पुलिस द्वारा पीछा किए जाने पर दोनों ने भागने का प्रयास किया और पुलिस टीम पर फायरिंग भी की थी। उसने बताया कि पिंटू यादव और सतपाल सिंह खरवार ही उन्हें मादक पदार्थ उपलब्ध कराते थे। वहीं पिंटू यादव और सतपाल सिंह खरवार ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे किसानों से डोडा और अफीम खरीदकर उसका संग्रह करते थे तथा विभिन्न राज्यों में सप्लाई कर आर्थिक लाभ अर्जित करते थे। सतपाल ने यह भी स्वीकार किया कि वह स्वयं अवैध रूप से डोडा और अफीम की खेती कराता था तथा किसानों से खरीदकर तस्करों को बेचता था। अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि 1 जून को हुई कार्रवाई में पुलिस ने 1 कुंतल 15 किलोग्राम डोडा और 3 किलोग्राम अफीम बरामद की थी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ जल्द ही गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की जाएगी तथा अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को भी चिन्हित कर जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है और तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

# दुद्धी-विंढमगंज मार्ग पर बाइक-कार की भीषण टक्कर, बाइक सवार की मौत

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। विंढमगंज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-39 दुद्धी विंढमगंज मार्ग पर ग्राम जोरुखाड़ के समीप गुरुवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के इलाकों में शोक और सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान संदीप कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि मृतक ग्राम केवाल के सुगवामान टोला निवासी रामबली के दामाद हैं जो वर्तमान में छत्तीसगढ़ के बस राजकुँवर क्षेत्र में रहते थे। संदीप दुद्धी से केवाल विंढमगंज की ओर जा रहे थे, तभी उनकी बाइक की जोरुखाड़ गांव में ब्रेजा कार से आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई।हादसे में संदीप गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही दम तोड़ दिया।

ग्रामीणों से घटना की सूचना मिलते ही विंढमगंज थाने की टीम घटनास्थल पर पहुंची। थाना प्रभारी संतोष सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने पूरे स्थान का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए दुद्धी सीएचसी भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा है कि दुर्घटना के कारणों की गहनता से जांच की जा रही है। दुर्घटना की खबर से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है और इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

# मुख्य सोनपम्प नहर से निकली सभी माइनरो के बन्द होने से खेतों में पानी के लिए परेशान है किसान

## किसानों ने जिलाधिकारी एवं सिंचाई विभाग से की अबिलंब ही सभी माइनर चालू करने की मांग

### किसानों को हो रही है धान की नर्सरी डालने में भारी दिक्कतें

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। सदर विकास खंड के सलखन न्याय पंचायत क्षेत्र अंतर्गत स्थित मुख्य सोनपम्प नहर पिछले दिनों से बंद पड़ी है,जिससे क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को धान की नर्सरी तैयार करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समय से सिंचाई के लिए जल न मिलने से किसानों की फसल चक्र प्रभावित हो रहा है और बीज खराब होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों ने सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों और जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप कर मुख्य सोनपम्प नहर के साथ ही सभी माइनरों को चालू कराने की मांग की है।उनका कहना है कि यदि शीघ्र ही पानी की आपूर्ति बहाल नहीं हुई, तो इस बार धान की रोपाई समय से नहीं हो सकेगी,जिससे खाद्यान्न उत्पादन पर असर पड़ेगा।

इस संदर्भ में साधन सहकारी समिति मारकुंडी अध्यक्ष सत्यदेव पांडेय, राजकुमार मिश्रा, मदन मोहन यादव, वशिष्ठ कुशवाहा, समाजसेवी सूरज यादव, कपिलमुनि मिश्रा, राकेश मिश्रा, राममूरत यादव, शिवा यादव, मुन्ना, संतोष कुमार सहित कई किसानों और ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर नहर समेत सभी माइनरों को अविलंब चालू कराने की मांग की है।



गौरतलब है कि सलखन क्षेत्र में अधिकांश खेती सिंचाई के लिए इसी नहर पर निर्भर करती है।ऐसे में समय पर पानी न मिलने से किसानों की मेहनत पर पानी फिर सकता है। किसानों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि नहर को तय समय से पहले चालू कराया जाए ताकि धान की नर्सरी समय से तैयार की जा सके और आगामी कृषि सत्र प्रभावित न हो।मुख्य सोनपम्प नहर को इस भीषण तपन गर्मी में भी बंद हो जाने से जहां आम जनमानस किसान परेशान हैं वहीं नदी-नाले,ताल-तलैया सुख जाने से पालतु पशु जीव-जंतु प्यासे पानी के लिए जगह जगह भटक रहे हैं। वहीं किसानों की मौसमी साग-सब्जी के साथ धान की नर्सरी की तैयारियों के लिए मुख्य सोनपम्प चालू होने की आशा लगाये हुए बैठे हैं। इस संबंध में सलखन न्याय पंचायत क्षेत्र के किसानों ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों से उक्त समस्याओं को देखते हुए अविलंब मुख्य सोनपम्प नहर समेत सभी माइनरों को चालू कराने की मांग किया है। उक्त सम्बंध में ओबरा प्रखंड सिंचाई विभाग के जेई विशाल शर्मा से जानकारी ली गयी तो उन्होंने सेलफोन पर बताया कि सोनपंप नहर चालू है तथा बलुई बंधी माइनर की डिमांड न होने के कारण बंद किया गया है।मुख्य नहर में तकनीकी खराबी तथा आंधी-तूफान आने से विद्युत कटौती होने तथा मेंटेनेंस कार्य हेतु बंद किया जाता है तथा 20 जून से पहले नहर चालू होने की कोई संभावना नहीं है नो डिमांड में नहर को बंद किया गया है।

# अटल आवासीय विद्यालय से युवाओं के सपनों को मिल रही उड़ान

## सोनभद्र में सीबीएसई पैटर्न पर संचालित विद्यालय में श्रमिकों के बच्चे रच रहे कीर्तिमान

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा मीरजापुर मंडल के सोनभद्र जिले के गुरमुरा में संचालित अटल आवासीय विद्यालय युवाओं के सपने साकार करने का माध्यम बन रहा है। यहां मंडल के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को सीबीएसई पैटर्न पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। इससे निराश्रित और गरीब परिवार के बच्चों के सपनों को एक नई उड़ान मिली है। उनके भीतर उज्ज्वल भविष्य को लेकर आत्मविश्वास भी जागा है।

प्रधानाचार्य बिनोद कुमार मंडल ने बताया कि शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में अब तक 160 सीटों के सापेक्ष 150 छात्रों का प्रवेश लिया जा चुका है जबकि कक्षा 9 में 64 सीटों के सापेक्ष 54 छात्रों ने अभी तक प्रवेश लिया है। वर्तमान में 820 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। उन्होंने बताया कि आधुनिक युग में छात्रों को अधिक से अधिक तकनीकी रूप से दक्ष बनाया जा सके इसके लिए योगी सरकार इस विद्यालय में बच्चों को आईटी और कम्प्यूटर साइंस की शिक्षा प्रदान करने पर विशेष ध्यान दे रही है। इस वर्ष 2026-27 में शुरू होने जा रहे ग्यारहवीं कक्षा में कम्प्यूटर साइंस का विषय विकल्प के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा। कम्प्यूटर शिक्षण के लिए विद्यालय में पीजीटी कम्प्यूटर शिक्षक का पद सृजित किया गया है। विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए योगा, शारीरिक व्यायाम व खेलकूद की भी सुविधा सुनिश्चित की गई है।

**108 छात्रों ने 10वीं की परीक्षा की है उत्तीर्ण**

प्रधानाचार्य ने बताया कि वर्ष 2025-26 में हाईस्कूल के प्रथम बैच के 118 छात्रों में से 108 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कीं। छात्र अमित कुमार ने सर्वाधिक 83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 82.20 प्रतिशत अंकों के साथ रागिनी दूसरे स्थान पर रहीं जबकि सत्यम ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

**प्रवेश के लिए ये कर सकते हैं आवेदन**

सरकार विद्यालय में निरंतर सुविधाओं का विस्तार करते हुए पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के पात्र बच्चों को गुणवत्तापूर्ण निशुल्क शिक्षा प्रदान करने के मकसद से अटल आवासीय विधायक का संचालन कर रही है। मीरजापुर, भदोही व सोनभद्र के उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे एवं कोविड - 19 के दौरान कोरोना से निराश्रित हुए बच्चे तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत पात्र बच्चे प्रवेश के लिए आवेदन करते हैं। गौरतलब है कि अटल आवासीय विद्यालय, गुरमुरा का उद्घाटन 11 सितंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अटल आवासीय विद्यालय वाराणसी से वर्चुअल माध्यम से किया था।

# बिल्ली-मारकुंडी की खदानों में अवैध खनन और फर्जी जांच रिपोर्ट का आरोप, पर्यावरण कार्यकर्ता ने दी कोर्ट जाने की चेतावनी

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। जिले में अवैध खनन और खनन विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई न होने से सरकार की छवि पर भी असर पड़ रहा है।बिल्ली-मारकुंडी खनन क्षेत्र, जो 15 नवम्बर 2025 में हुए हादसों के कारण राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में रहा है, उस क्षेत्र की अधिकतर खदानों में एक बार फिर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। लोगों को उम्मीद थी कि खनन निदेशक और विभिन्न विभागों के निरीक्षण और निर्देशों के बाद खनन गतिविधियां नियमों के अनुसार संचालित होंगी, लेकिन हालात में अपेक्षित सुधार नहीं दिखाई दे रहा है। आईजीआरएस सहित विभिन्न माध्यमों से अवैध खनन, मानकों के विपरीत ब्लास्टिंग, पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन, भूजल दोहन और अन्य अनियमितताओं की शिकायतें लगातार की जा रही हैं। आरोप है कि कई मामलों में बिना मौके का निरीक्षण किये खान निरीक्षक अतुल दुबे द्वारा ही रिपोर्ट तैयार कर शिकायतों का निस्तारण कर दिया जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खनन क्षेत्र किसी जोखिम भरे क्षेत्र से कम नहीं है, जहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

**खनन विभाग और डीजीएमएस की कार्यशैली पर उठाए सवाल:**

पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता निर्भय चौधरी ने बिल्ली-मारकुंडी क्षेत्र में संचालित कई ई-टेंडर खदानों को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने खनन विभाग तथा डीजीएमएस ( डायरेक्टरेट जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी) की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन और सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है, लेकिन शिकायतों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही। निर्भय चौधरी का कहना है कि उन्होंने साई राम इंटरप्राइजेज, बालाजी, शिव स्टोन, श्री स्टोन, राधे-राधे, मंगला प्रसाद समेत कई खदानों के संबंध में कई बार संबंधित विभागों को शिकायतें भेजी हैं। इसके बावजूद शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराने के बजाय कागजी कार्रवाई के माध्यम से मामलों का निस्तारण कर दिया जाता है।

**भूजल दोहन और पर्यावरणीय नुकसान का आरोप:**

निर्भय चौधरी ने आरोप लगाया कि कई खदानों के पास जल प्रबंधन से संबंधित आवश्यक स्वीकृतियां तक उपलब्ध नहीं हैं। इसके बावजूद बड़े पैमाने पर विस्फोटकों का उपयोग और भूजल का दोहन किया जा रहा है। उनका कहना है कि सरकार जहां एक ओर लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है, वहीं दूसरी ओर खनन क्षेत्रों में पानी का अत्यधिक उपयोग और निकासी जारी है। उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हो रहा है तथा वन्य जीवों और स्थानीय जैव विविधता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लगातार हो रही ब्लास्टिंग और उड़ती धूल के कारण आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है।

**प्रतिदिन बड़े पैमाने पर हो रही खनिज निकासी:**

पर्यावरण कार्यकर्ता का दावा है कि संबंधित खदानों से प्रतिदिन सैकड़ों से लेकर हजारों टिप्परों के माध्यम से बोल्डर और अन्य खनिजों का परिवहन किया जा रहा है। उनका आरोप है कि खनन कार्य स्वीकृत माइनिंग प्लान और निर्धारित नियमों के अनुरूप नहीं हो रहा है। यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो अनेक गंभीर अनियमितताएं सामने आ सकती हैं।

**शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने का आरोप:**

निर्भय चौधरी ने कहा कि जब शिकायतों की प्रगति जानने के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया जाता है तो कई बार फोन तक नहीं उठाया जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में चार-चार महीने तक जांच नहीं होती और बाद में औपचारिक रिपोर्ट लगाकर शिकायतों का निस्तारण दिखा दिया जाता है। उन्होंने विशेष रूप से आईजीआरएस पोर्टल पर प्रस्तुत की जाने वाली जांच रिपोर्टों की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े किए हैं।

**मुख्यमंत्री से नहीं, स्थानीय अधिकारियों से है शिकायत:**

मुख्यमंत्री की भूमिका पर पूछे गए सवाल के जवाब में निर्भय चौधरी ने कहा कि उनकी शिकायत मुख्यमंत्री से नहीं बल्कि स्थानीय स्तर पर काम कर रहे अधिकारियों की कार्यशैली से है। उनका कहना है कि यदि जमीनी हकीकत को सही रूप में शासन तक नहीं पहुंचाया जाएगा और कागजों में सब कुछ व्यवस्थित दिखाया जाएगा तो उच्च स्तर पर बैठे अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को वास्तविक स्थिति की जानकारी कैसे मिलेगी।

**सुरक्षा मानकों के पालन पर भी उठे सवाल:**

निर्भय चौधरी ने खदानों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी गंभीर चिंताएं जताई हैं। उनके अनुसार कई खदानों में नियमानुसार सीढ़ीनुमा संरचना यानी ब्रेंच का निर्माण नहीं किया गया है, जबकि यह खनन सुरक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने दावा किया कि कई खदानें आवश्यकता से अधिक गहरी हो चुकी हैं और सीमित क्षेत्रफल में संचालित होने के कारण वहां सुरक्षा मानकों का पालन करना कठिन हो गया है। उनका कहना है कि ऐसे में यह जांच का विषय है कि इन खदानों को संचालन की अनुमति किन परिस्थितियों में दी गई और सुरक्षा मानकों की निगरानी किस प्रकार की जा रही है।

**कार्रवाई न होने पर न्यायालय जाने की चेतावनी:**

निर्भय चौधरी ने कहा कि यदि उनकी शिकायतों पर शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो वह न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और अवैध खनन से जुड़े मामलों को लेकर जनहित याचिका दाखिल करने की भी बात कही। साथ ही उन्होंने नवागत जिलाधिकारी से मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत कराने की योजना बताई।

# जिलाधिकारी के नेतृत्व में सोनभद्र ने रचा कीर्तिमान, खसरा फीडिंग में प्रदेश में 75वें से 5वें स्थान पर पहुंचा जनपद

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र में आगामी जुलाई माह से लागू होने वाली नई मूल्यांकन सूची (सर्किल रेट) के निर्धारण हेतु जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ के निर्देशन में मूल्यांकन सूची के परीक्षा-पुनरीक्षण का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व, सतत अनुश्रवण एवं प्रभावी कार्ययोजना के परिणामस्वरूप जनपद ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। खसरा संख्याओं की ऑनलाइन फीडिंग के विशेष अभियान में मात्र तीन दिनों के भीतर लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसके फलस्वरूप सोनभद्र जनपद प्रदेशीय रैंकिंग में 45वें स्थान से उछाल लेते हुए 5वें स्थान पर पहुंच गया है। संपत्तियों के वैज्ञानिक एवं यथार्थ मूल्यांकन के लिए खसरा संख्याओं का विशेष महत्व है। इन्हीं के आधार पर भूमि की वास्तविक स्थिति तथा उसके मूल्य को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों का आकलन किया जाता है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद की सभी तहसीलों में विशेष अभियान चलाकर खसरा संख्याओं की ऑनलाइन फीडिंग का कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत केवल खसरा संख्या ही नहीं, बल्कि प्रत्येक भूमि की अवस्थिति का विस्तृत विवरण भी दर्ज किया जा रहा है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग अथवा अन्य किस प्रकार की सड़क से संबद्ध है। साथ ही भूमि के 50 मीटर की परिधि में उपलब्ध आवासीय एवं व्यावसायिक गतिविधियों का भी विवरण संकलित किया जा रहा है। इन तथ्यों के आधार पर संपत्तियों का अधिक सटीक एवं पारदर्शी बाजार मूल्य निर्धारण संभव होगा। जनपद स्तर पर उपनिबंधकों, राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से यह कार्य तेजी से संपादित किया जा रहा है। जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने निर्देशित किया है कि मूल्यांकन सूची का निर्माण स्थानीय परिस्थितियों, भूमि की वास्तविक उपयोगिता एवं बाजार की स्थिति के अनुरूप किया जाए, जिससे आमजन को पारदर्शी, न्यायसंगत एवं व्यवहारिक व्यवस्था का लाभ प्राप्त हो सके।

# मंदिरों एवं पंजाब सिविल सचिवालय को भेजी गई बम धमकियां शांति, धार्मिक सद्भावना एवं राष्ट्रीय एकता पर सीधा हमला हैं: सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

लुधियाना (ढंडारी कलां), 4 जून लुधियाना दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय भाजपा नेता एवं अधिवक्ता सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल ने अमृतसर स्थित दुर्गियाना मंदिर, जालंधर स्थित श्री मुक्तेश्वर मंदिर एवं देवी तालाब मंदिर, बठिंडा स्थित मैसरखाना मंदिर, पटियाला स्थित काली देवी मंदिर तथा चंडीगढ़ स्थित पंजाब सिविल सचिवालय को भेजे गए बम धमकी वाले ई-मेलों की कड़े शब्दों में निंदा की है ।ग्रेवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि ये धमकियां केवल कुछ विशेष संस्थानों या धार्मिक स्थलों पर हमले नहीं हैं, बल्कि पंजाब एवं भारत के लोगों के बीच भय, दहशत, अस्थिरता, सांप्रदायिक तनाव और मनोवैज्ञानिक असुरक्षा का वातावरण पैदा करने का एक सुनियोजित प्रयास हैं ।उन्होंने कहा कि निर्दोष नागरिकों को डराने, सार्वजनिक व्यवस्था को बाधित करने, धार्मिक सद्भावना को कमजोर करने अथवा राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से रची गई किसी भी साजिश को अत्यंत गंभीरता से लिया जाना चाहिए तथा कानून के तहत उससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए ।ग्रेवाल ने कहा कि पंजाब के लोगों ने बार-बार घृणा, विभाजन, अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा की राजनीति को नकारा है। पंजाब का भविष्य शांति, विकास, समृद्धि, भाईचारे और राष्ट्रीय एकीकरण में निहित है, न कि धमकियों, भय फैलाने और विदेशी प्रायोजित दुष्प्रचार में ।ग्रेवाल ने आगे कहा कि विदेशों में सक्रिय कुछ भारत-विरोधी तत्व लगातार अशांति भड़काने, दुष्प्रचार फैलाने, अलगाव वादी विचारधाराओं का महिमामंडन करने और राष्ट्र के प्रति शत्रुता पैदा करने का प्रयास करते रहे हैं। ऐसे तत्वों को समझ लेना चाहिए कि पंजाब के लोग शांति, लोकतंत्र, संवैधानिक मूल्यों तथा भारत की एकता एवं अखंडता के साथ मजबूती से खड़े हैं ।उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है कि कुछ व्यक्ति एवं संगठन विभाजन और अस्थिरता पैदा करने वाले राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए ऐतिहासिक घटनाओं एवं भावनाओं का दुरुपयोग करते रहते हैं। किसी भी व्यक्ति या समूह को निर्दोष नागरिकों, धार्मिक संस्थानों अथवा सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के विरुद्ध धमकियों को उचित




ठहराने के लिए इतिहास का सहारा लेने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है ।ग्रेवाल ने भारत के विरुद्ध निर्देशित आतंकवाद, उग्रवाद, अलगाववाद, धमकी भरे अभियानों तथा मनो वैज्ञानिक युद्ध के सभी रूपों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि नागरिकों में भय पैदा करने, धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने अथवा सामाजिक सद्भाव को बाधित करने का हर प्रयास समाज के प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक द्वारा पूर्णतः निंदनीय है ।उन्होंने आगे कहा कि पंजाब पहले ही दशकों तक आतंकवाद, उग्रवाद, गैंग हिंसा और विदेशी प्रायोजित अस्थिरता फैलाने वाले अभियानों की भारी कीमत चुका चुका है। उन काले दिनों में हजारों परिवारों ने अकल्प नीय पीड़ा और बलिदान सहन किए थे। पंजाब के लोग कभी भी ऐसी विनाशकारी शक्तियों को राज्य को पुनः रक्तपात, भय और अस्थिरता के दौर में धकेलने की अनुमति नहीं देंगे। ग्रेवाल ने कहा कि धमकियां देने, आतंक फैलाने, अवैध गतिविधियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने अथवा समाज को अस्थिर करने के प्रयासों में शामिल प्रत्येक व्यक्ति, नेटवर्क या संगठन की गहन जांच होनी चाहिए और उन्हें न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। कानून का शासन सर्वोपरि रहना चाहिए तथा सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालने वाले किसी भी व्यक्ति को जवाबदेही से बचने नहीं दिया जाना चाहिए ।उन्होंने कहा कि ये बम धमकियां इस बात की याद दिलाती हैं कि शत्रुतापूर्ण ताकतें आज भी शांति और सांप्रदायिक सौहार्द को बाधित करने के अवसर तलाश रही हैं। इसलिए नागरिकों को सतर्क, जिम्मेदार और एकजुट रहना चाहिए तथा सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में कानून-प्रवर्तन एजेंसियों का सहयोग करना चाहिए ।ग्रेवाल ने पंजाब पुलिस, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), खुफिया एजेंसियों, बम निरोधक दस्तों, साइबर जांच टीमों तथा सभी सुरक्षा कर्मियों की त्वरित कार्रवाई, पेशेवर दक्षता, सतर्कता और पंजाब एवं भारत के लोगों की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की ।ग्रेवाल ने आगे कहा कि इन धमकियों के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें बेनकाब किया जाना चाहिए तथा कानून के अनुसार उनके विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि यह स्पष्ट संदेश जाए कि धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक संस्थानों और राष्ट्रीय सुरक्षा के विरुद्ध किसी भी प्रकार की धमकी को कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध पंजाब एकजुट है। उग्रवाद के विरुद्ध पंजाब एकजुट है। अलगाव वाद के विरुद्ध पंजाब एकजुट है। भय और धमकियों के विरुद्ध पंजाब एकजुट है ।ग्रेवाल ने कहा कि कोई भी साजिश, कोई भी धमकी, कोई भी उग्रवादी एजेंडा और कोई भी भारत-विरोधी दुष्प्रचार अभियान पंजाब की भावना अथवा भारत की शक्ति को कमजोर नहीं कर सकता। शांति के दुश्मन अवश्य असफल होंगे, क्योंकि पंजाब और भारत के लोग सद्भावना, लोकतंत्र, विकास, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र की संप्रभुता के प्रति दृढ़तापूर्वक प्रतिबद्ध हैं।

# ट्रेन में टिकट जांच के साथ डिजिटल जागरूकता – यात्रियों को रेलवन ऐप के फायदे बताए

**जैतो रघुनंदन पराशर/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो,4 जून :भारतीय रेल लगातार यात्रियों की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए डिजिटल सेवाओं का विस्तार कर रही है। इसी दिशा में विकसित रेलवन ऐप यात्रियों के लिए एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म बनकर उभरा है, जहां रेल यात्रा से जुड़ी अनेक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं। अब यात्री रेलवन ऐप के माध्यम से अपने मोबाइल फोन पर ही आरक्षित और अनारक्षित दोनों प्रकार के टिकट आसानी से बुक कर सकते हैं। इसके साथ ही, यह ऐप ट्रेन पूछताछ, पीएनआर स्टेटस, लाइव ट्रेन रनिंग जानकारी, प्लेटफॉर्म सूचना तथा रेलमदद सेवाओं को भी एकीकृत रूप में उपलब्ध कराता है। फिरोजपुर मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ ने आज दिनांक 04.06.



2026 को विभिन्न ट्रेनों में यात्रियों को रेलवन ऐप के उपयोग और इसके लाभों के बारे में जागरूक किया। टिकट जांच के दौरान यात्रियों को ऐप डाउनलोड करने, डिजिटल टिकटिंग अपनाने तथा इन सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री बसंत कुमार ने बताया कि रेलवन ऐप यात्रियों के लिए एक डिजिटल साथी के रूप में कार्य कर रहा है। इसके माध्यम से यात्रियों को टिकट काउंटरों पर लंबी कतारों से राहत मिलती है, नकदी एवं छुट्टे पैसों की परेशानी से बचाव होता है तथा डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा मिलने से कागज की खपत कम होकर पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलता है। उन्होंने बताया कि अनारक्षित टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग पर निर्धारित नियमों के अनुसार 3 प्रतिशत तक की छूट का लाभ भी उपलब्ध है। यात्रियों ने भी रेलवन ऐप की सराहना करते हुए माना कि इस ऐप के माध्यम से यात्रा योजना बनाना अब पहले से कहीं अधिक आसान, सुरक्षित और सुविधाजनक हो गया है। उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा यात्रियों को जानकारी देने का दृश्य।

# प्रदीप सिंगला जैतो ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से की मुलाकात

**मन्नू शर्मा पराशर/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो ,4 जून : पंजाब राज्य औद्योगिक विकास निगम के पूर्व डायरैक्टर व जैतो नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप सिंगला ने हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निवास पर उनके साथ शिष्टाचार मुलाकात कर विभिन्न समसामयिक एवं राजनीतिक विषयों पर सार्थक चर्चा की। भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रदीप सिंगला ने मुलाकात के दौरान आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर संगठन की भावी रणनीति, भाजपा को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, युवाओं एवं समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी बढ़ाने तथा प्रदेश के बदलते राजनीतिक



परिदृश्य पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया ।यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें संगठनात्मक मजबूती, जनसेवा और राष्ट्रहित के मुद्दों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया गया। भाजपा नेता प्रदीप सिंगला ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देश प्रति और आम जनता की भलाई के लिए किए जा रहे कार्य को लेकर पंजाब का हर वर्ग खुश नजर आ रहा है और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार लाना चाहते हैं। पंजाब की जनता का कहना है कि उन्होंने सभी पार्टियों को सरकार चलाने का मौका दिया है। इस लिए अब 2027 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को सरकार बनाने का मौका दिया जाए। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप सिंगला जैतो हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात के दौरान का दृश्य।

# फिरोजपुर मंडल की बी.डी.यू. टीम ने चंडीगढ़ स्थित भारतीय खाद्य निगम और केन्द्रीय भंडारण निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों में की महत्वपूर्ण बैठकें

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,4 जून ।रेलवे के माल यातायात व्यवसाय को बढ़ावा देने तथा उद्योगों एवं प्रमुख ग्राहकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से 3 जून 2026 को फिरोजपुर मंडल की बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट (बी.डी.यू.) द्वारा चंडीगढ़ में महत्व पूर्ण बैठकें आयोजित की गईं ।बैठक में भारतीय खाद्य निगम के क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ में एफ.सी.आई. के महाप्रबंधक श्रीमती नीतिका पवार ( आई.ए.एस.), तथा रेलवे फिरोजपुर मंडल की ओर से वरिष्ठ



मंडल परिचालन प्रबंधक श्री गुरु शरण पाठक, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/भा.से. श्री परमदीप सिंह सैनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जा रही माल ढुलाई सुविधाओं, समयबद्ध रेक उपलब्धता, लोडिंग एवं अनलोडिंग व्यवस्थाओं, परि वहन प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं प्रभावी बनाने के उपायों तथा भविष्य में फ्रेट ट्रैफिक बढ़ाने की संभावनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। अधि कारियों ने लॉजिस्टिक्स लागत कम करने तथा माल परिवहन में रेलवे की भागीदारी बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की ।साथ ही साथ इसी क्रम में केन्द्रीय भंडारण निगम के क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ में सी.डब्ल्यू.सी. के महाप्रबंधक श्री नवीन कुमार तथा रेलवे फिरोजपुर मंडल की ओर से वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री गुरुशरण पाठक, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/भा.से. श्री परमदीप सिंह सैनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जा रही माल ढुलाई सुविधाओं, समयबद्ध रेक उपलब्धता, लोडिंग एवं अनलोडिंग व्यवस्थाओं, परि वहन प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं प्रभावी बनाने के उपायों तथा भविष्य में फ्रेट ट्रैफिक बढ़ाने की संभावनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। अधि कारियों ने लॉजिस्टिक्स लागत कम करने तथा माल परिवहन में रेलवे की भागीदारी बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की। मंडल रेल प्रबंधक, फिरोजपुर श्री संजीव कुमार ने बताया कि फिरोजपुर मंडल ग्राहकों को सुरक्षित, विश्वसनीय, किफायती एवं पर्यावरण-अनुकूल परिवहन सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य बद्ध है।

# विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर पौधारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 4 जून। विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृति सेवा समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया गया। भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने बताया कि वे पिछले लगभग 30 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने हजारों पौधों का रोपण किया है तथा हरियाणा और राजस्थान की सीमा से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया है। अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि वर्तमान समय



में बढ़ते प्रदूषण और घटते हरित क्षेत्र मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह पौधारोपण को जन आंदोलन का रूप देने में सहयोग करे। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने और निभाने का अवसर है।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वर्तमान में भीषण गर्मी और सूर्य की तेज किरणों के कारण नए पौधों को नुकसान पहुंचने की संभावना रहती है। इसलिए आगामी वन महोत्सव के दौरान बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जाए तथा ऐसे पौधे लगाए जाएं जिनका नियमित संरक्षण और देखभाल सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना भी उतना ही आवश्यक है।

इस दौरान शहर में पौधे वितरित किए गए तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधे का संरक्षण करने का संकल्प ले, तो धरती को फिर से हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त बनाया जा सकता है।

# 250 करोड़ रुपये का कपास बीमा क्लेम बहाल होने पर किसानों ने जताया आभार

## पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल की पहल और सरकार के सकारात्मक निर्णय से किसानों को मिला न्याय : डॉ. बलबीर सिंह ढाकन

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

लोहारू। अखिल भारतीय किसान सभा भिवानी के संयुक्त सचिव डॉ. बलबीर सिंह ढाकन ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा भिवानी व चरखी-दादरी जिलों के किसानों के खरीफ 2023 कपास फसल बीमा क्लेम में की गई करीब 250 करोड़ रुपये की कटौती को बहाल करना किसानों की बड़ी जीत है। उन्होंने इसके लिए हरियाणा सरकार, मुख्यमंत्री, प्रशासनिक अधिकारियों तथा पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल का आभार व्यक्त किया।

डॉ. बलबीर सिंह ढाकन ने यह बात



गुरुवार को लोहारू में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि किसानों के लंबे, शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक आंदोलन के परिणामस्वरूप सरकार ने किसानों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए क्षेमा बीमा कंपनी को क्रॉप कटिंग के आधार पर पूरा बीमा क्लेम देने के निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने कहा कि भिवानी जिले के 213 करोड़ रुपये के बीमा क्लेम में से लगभग 190 करोड़ रुपये लोहारू विधानसभा क्षेत्र की लोहारू, बहल और सिवानी तहसीलों से संबंधित हैं, जबकि 23 करोड़ रुपये तोशाम विधानसभा क्षेत्र के किसानों के हैं। किसानों और सरकार के बीच बने गतिरोध को दूर करने में पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनके प्रयासों से किसान प्रतिनिधियों और सरकार के बीच संवाद स्थापित हुआ तथा समाधान का रास्ता निकला।

डॉ. ढाकन ने कहा कि यह किसानों की एक महत्वपूर्ण जीत है, लेकिन अभी संघर्ष पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। उन्होंने आशंका जताई कि बीमा कंपनी इस फैसले को न्यायालय या अन्य स्तरों पर चुनौती दे सकती है। इसलिए सभी किसान संगठनों और किसानों को सतर्क एवं संगठित रहने की आवश्यकता है ताकि किसानों को उनका पूरा हक मिल सके। उन्होंने कहा कि आंदोलन को खड़ा करने और उसे मजबूती से आगे बढ़ाने में अखिल भारतीय किसान सभा सहित विभिन्न किसान संगठनों, सामाजिक संगठनों, जन प्रतिनिधियों तथा आम लोगों का भरपूर सहयोग मिला है। इसके लिए सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया जाता है। पत्रकार वार्ता के दौरान एडवोकेट अशोक आर्य, कविता आर्य, विजय गुरावा सहित अनेक किसान नेता एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सूरपुरा कलां में कार्यवाहक सरपंच चयन प्रक्रिया शुरू, 5 पंचों ने दर्ज कराई उपस्थिति

## पूर्व सरपंच की शैक्षणिक योग्यता अमान्य पाए जाने के बाद बुलाई गई बैठक, नए नेतृत्व को लेकर गांव में चर्चा तेज

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल। ग्राम पंचायत सूरपुरा कलां में पूर्व सरपंच राजेश पूनिया की शैक्षणिक प्रमाण-पत्र (मार्कशीट) जांच में अमान्य पाए जाने के बाद उन्हें पद से अयोग्य घोषित किए जाने के उपरांत कार्यवाहक सरपंच के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी क्रम में गुरुवार को पंचायत सचिव द्वारा ग्राम सचिवालय में बैठक आयोजित की गई।

जानकारी के अनुसार गांव के युवा क्लब प्रधान सुरेश लाखलाण द्वारा पूर्व सरपंच की शैक्षणिक योग्यता को लेकर शिकायत की गई थी। जांच के दौरान दस्तावेज अमान्य पाए जाने पर संबंधित सरपंच को पद से हटा दिया गया। इसके बाद पंचायत विभाग की ओर से नए कार्यवाहक सरपंच के चयन के लिए पंचायत के सभी 10



पंचों को बैठक में उपस्थित होने का नोटिस जारी किया गया था।

बैठक में 10 में से 5 पंच उपस्थित रहे, जिन्होंने संबंधित अधिकारी के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। उपस्थित पंचों में जयवीर श्योराण, मांगे राम, राज कुमार, रेणु तथा प्रेमा देवी शामिल रहे। जबकि पांच पंच बैठक में अनुपस्थित रहे। सूत्रों के अनुसार अब विभागीय नियमों के तहत आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पंचायत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कार्यवाहक सरपंच के चयन संबंधी निर्णय नियमानुसार एवं बहुमत के आधार पर लिया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर अनुपस्थित पंचों को दोबारा सूचना भी दी जा सकती है। गांव में नए कार्यवाहक सरपंच के चयन को लेकर चचाओं का दौर जारी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाई जाए ताकि पंचायत के विकास कार्य प्रभावित न हों।

# रोहतक से हेरोइन लेकर आ रहे आरोपी को सीआईए-1 ने दबोचा

## ब्रेजा गाड़ी से 9.17 ग्राम हेरोइन बरामद, आरोपी एक दिन के पुलिस रिमांड पर

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी ने एक आरोपी को हेरोइन सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 9.17 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद कर उसकी ब्रेजा कार को भी कब्जे में ले लिया है।

पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल आरोपियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार 3 जून 2026 को सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के उप निरीक्षक रामबीर अपनी टीम के साथ निनान बाईपास क्षेत्र में गश्त एवं अपराध रोकथाम ड्यूटी पर मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस को विश्वसनीय सूचना मिली कि एक व्यक्ति रोहतक से हेरोइन खरीदकर ब्रेजा गाड़ी में भिवानी की ओर आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गांव बामला टाल के पास नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध ब्रेजा गाड़ी को रुकवाकर नियमानुसार तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गाड़ी में सवार व्यक्ति के कब्जे से 9.17 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनीष पुत्र मानसिंह निवासी शांति नगर, मिनी बाईपास, गली नंबर-15, भिवानी के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सदर भिवानी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के अनुसार रिमांड के दौरान आरोपी से हेरोइन की खरीद-फरोख्त, सप्लाई नेटवर्क तथा इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के बारे में गहन पूछताछ की जाएगी। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद आरोपी को दोबारा अदालत में पेश किया जाएगा।

# वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद ने आईआईएफटी में ग्लोबल बिजनेस रिसर्च कॉन्फ्रेंस 2026 का उद्घाटन किया

वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है: श्री जितिन प्रसाद भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच जीबीआरसी 2026 में निदेशकों के सम्मेलन, अनुसंधान संबंधी विचार-विमर्श और ब्रिक्स पर विशेष सत्र आयोजित किए गए वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद ने आज वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक डीम्ड यूनिवर्सिटी, भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) में ग्लोबल बिजनेस रिसर्च कॉन्फ्रेंस (जीबीआरसी) 2026 का उद्घाटन किया। "वैश्विक उथल-पुथल के बीच व्यापार प्रबंधन" विषय पर आधारित इस सम्मेलन में भारत और विदेश के प्रख्यात शिक्षाविद, नीति निमार्ता, प्रबंधन शिक्षक, शोधकर्ता और उद्योग जगत के विशेषज्ञ वैश्विक व्यापार परिवेश को आकार देने के क्रम में उभरती चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श करने के लिए एकत्रित हुए हैं। श्री जितिन प्रसाद ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है।

# संघ लोक सेवा आयोग ने फेस ऑथेंटिकेशन प्रोटोकॉल विकसित किया; परीक्षा की शुचिता बढ़ाने के लिए सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2026 में इसका सफलतापूर्वक इस्तेमाल

परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता बढ़ाने और अभ्यर्थी के स्थान पर कपट पूर्ण तरीके से इसमें किसी अन्य के शामिल होने से रोकने के प्रयास के तहत, संघ लोक सेवा आयोग - यूपीएससी ने हाल में आयोजित सिविल सेवा एवं भारतीय वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2026 के दौरान फेस ऑथेंटिकेशन का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया। चेहरे से अभ्यर्थी का प्रमाणीकरण सुनिश्चित करता है कि आवेदन पत्र भरते समय जिस उम्मीदवार की तस्वीर अपलोड की गई थी, वही उम्मीदवार परीक्षा देने के लिए प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित हो। इस प्रणाली से परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षकों द्वारा मोबाइल फोन आधारित सत्यापन में उम्मीदवारों का लाइव, वास्तविक समय प्रमाणीकरण सक्षम हो गया है, जिससे पहचान सुनिश्चित होने से प्रतिरूपण और कदाचार की संभावना समाप्त हो गई है। इस वर्ष सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2026 के दौरान संघ लोक सेवा आयोग ने देशभर के सभी 2,072 परीक्षा केंद्रों पर वास्तविक समय फेस ऑथेंटिकेशन किया।

यूपीएससी ने चेहरे की पहचान संबंधी यह एप इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग के तकनीकी सहयोग से विकसित और कार्यान्वित किया।

यूपीएससी द्वारा विकसित कार्यप्रणाली में अब प्रत्येक परीक्षार्थी को परीक्षा हॉल में प्रवेश से पहले चेहरे की पहचान करानी होगी। यूपीएससी ने इसके लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया -एसओपी भी तैयार की है, जिसे सभी राज्यों, जिलों और परीक्षा केंद्रों के साथ साझा किया गया है। इसके लिए परीक्षा निरीक्षकों को कई चरणों का प्रशिक्षण दिया गया है। फेस ऑथेंटिकेशन प्रणाली की सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें किसी महंगे हार्डवेयर की आवश्यकता नहीं पड़ती और इसे किसी भी एंड्रॉयड स्मार्टफोन पर इस्तेमाल किया जा सकता है। परीक्षा निरीक्षकों ने इसमें अपने ही मोबाइल फोन का उपयोग किया, जिससे हार्डवेयर का व्यय कम हुआ और व्यवस्थात्मक बोझ में कमी आई। इस एप्लिकेशन की एक और महत्वपूर्ण विशेषता इसकी गति है। इसमें किसी उम्मीदवार के चेहरे की पहचान में केवल 6 से 8 सेकंड का समय लगता है। अभ्यर्थियों की तीव्र पहचान होने से परीक्षा केंद्रों पर सुचारू प्रवेश सुनिश्चित हुआ और लंबी कतारें नहीं लगीं। एप्लिकेशन की क्षमता इतनी अधिक थी कि इसका इस्तेमाल एक साथ 7,000 से अधिक परीक्षा निरीक्षकों ने किया और व्यस्त प्रवेश अवधि के दौरान, एप्लिकेशन ने प्रति मिनट लगभग 12 हजार उम्मीदवारों के चेहरे सत्यापित किए।

यूपीएससी के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने कहा कि यह साफ सुथरी परीक्षा सुनिश्चित कराने और फर्जी उम्मीदवारों से इसे मुक्त रखने के लिए उठाया गया नया कदम है। यह तकनीक राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग की मदद से आंतरिक रूप से विकसित की गई है। हालांकि, इसमें चुनौती थी कि इस समाधान को व्यापक रुप से कैसे लागू किया जाए, चेहरे की पहचान के लिए मौजूदा परीक्षा निरीक्षकों को प्रशिक्षित किया जाए और यह सब कम समय में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि संघ लोक सेवा आयोग, राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग और इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की टीमों ने दो हजार से अधिक परीक्षा केंद्रों पर लगभग 5 लाख 50 हजार उम्मीदवारों की प्रमाणिकता जांचने में व्यापक तौर पर इसे कार्यान्वित कर उत्कृष्ट कार्य किया है। वास्तविक समय में चेहरे की प्रमाणीकरण प्रणाली का सफल कार्यान्वयन सिविल सेवा परीक्षा प्रक्रिया की सत्यनिष्ठा और शुचिता मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह लोक सेवा परीक्षाओं में पारदर्शिता, निष्पक्षता और तकनीकी नवाचार के प्रति आयोग की निरंतर प्रतिबद्धता दर्शाता है।

# वाराणसी कमिश्नरेट से जुड़े अधिकारियों में भी फेरबदल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस विभाग में व्यापक प्रशासनिक फेरबदल करते हुए पुलिस उपाधीक्षक डीएसपी, सहायक पुलिस आयुक्त एसीपी, मण्डलाधिकारी तथा पीएसी अधिकारियों के बड़े पैमाने पर तबादले किए हैं। जारी सूची में 200 से अधिक अधिकारियों को नई तैनाती दी गई है। वाराणसी कमिश्नरेट से जुड़े कई अधिकारियों के भी स्थानांतरण किए गए हैं।

वाराणसी कमिश्नरेट में तैनात एसीपी संजीव कुमार शर्मा को पुलिस उपाधीक्षक, जनपद संभल भेजा गया है। वहीं एसीपी अमित कुमार को पुलिस उपाधीक्षक, पीटीसी मुरादाबाद के पद पर तैनाती मिली है। एसीपी विदुष सक्सेना को जनपद शाहजहांपुर का पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। इसी प्रकार एसीपी प्रतीक कुमार को जनपद अयोध्या, एसीपी वरुण मिश्रा को जनपद चंदौली तथा एसीपी मयंक मिश्र को जनपद कन्नौज भेजा गया है। एसीपी अंशुमान श्रीवास्तव को जनपद बदायूं और एसीपी अजय कुमार श्रीवास्तव को जनपद कुशीनगर में नई जिम्मेदारी दी गई है।

वाराणसी से जुड़े अधिकारियों में सहायक पुलिस आयुक्त (सुरक्षा) अंजनी कुमार राय का तबादला सचिवालय सुरक्षा, लखनऊ किया गया है। वहीं मुख्यमंत्री सुरक्षा से स्थानांतरणाधीन राजेश कुमार सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट लखनऊ बनाया गया है। पिंडरा क्षेत्र और एयरपोर्ट सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों में भी बदलाव हुआ है। मुख्य एयरपोर्ट सुरक्षा अधिकारी (कासो) प्रयागराज दीपक कुमार सिंह को पुलिस उपाधीक्षक, जनपद सोनभद्र भेजा गया है। वहीं एयरपोर्ट सुरक्षा अधिकारी (कासो) आजमगढ़ अमन सिंह को जनपद संभल में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर तैनाती मिली है। मुख्य एयरपोर्ट सुरक्षा अधिकारी (कासो) प्रयागराज विनय चौहान को मण्डलाधिकारी, गोरखपुर बनाया गया है।

इसके अलावा वाराणसी से जुड़े शेषमणि उपाध्याय को एडीजी वाराणसी जोन में स्टाफ ऑफिसर तथा अनिल कुमार पाण्डेय को सहायक पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट वाराणसी के पद पर नियुक्त किया गया है।

प्रदेश सरकार के इस व्यापक तबादला आदेश को कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी माना जा रहा है।

# किसान को आत्मनिर्भर बनाने की सरकार की मनसा उनकीं जरूरतों को पूरी करके किया जाएगा: टी0 राम

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। किसान की खुशहाली ही सरकार की उपलब्धि होती है। सरकार कटिबद्ध है कि किसान आत्मनिर्भर बनकर जीवन स्तर मजबूत करें।

उक्त बातें आज अजगरा विधान सभा के ग्राम देईपुर धरसौना में यूपी एग्रीज परियोजना के अंतर्गत निःशुल्क बीज वितरण के कार्यक्रम में उपस्थित होकर किसान भाइयों को बीज वितरित के बाद विधायक



त्रिभुवन राम ने अपने सम्बोधन में व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी संगम मौर्य ,जिला कृषि उपनिदेशक धनंजय भारद्वाज, हीरू सिंह, डी0 के0 सिंह,विनोद सिंह, मोहन बाबू,प्रधान बब्बू सिंह तथा कई किसान भाई उपस्थित रहे।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विधानसभावार होने विविध कार्यक्रम

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। कमिशनरी सभागार वाराणसी में माननीय मंत्री एवं संसदीय कार्य विभाग उ0 प्र0 व जनपद प्रभारी सुरेश खन्ना की अध्यक्षता में कोर कमेटी,प्रशासनिक समन्वय समिति व केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के सम्बन्ध में वीसी के माध्यम से कार्यक्रम चला ।

विधायक अजगरा त्रिभुवन राम व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य के मार्गदर्शन में जनपद के अधिकारियों ने अवलोकन किया। विधायक के अनुसार 5 जून से 21 जून कुल 17 दिनों तक केंद्र सरकार के 12 वर्ष व प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर विभिन्न प्रकार के




कार्यक्रम आयोजित विधानसभा वार किया जाएगा। जिससे सरकार की भावी योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंच सके।

कार्यक्रम में विधायक टी0 राम, जिला पंचायत अध्यक्ष वाराणसी पूनम मौर्य,रामसकल पटेल भाजपा जिलाध्यक्ष वाराणसी,पवन सिंह, संजय सिंह,अदिति पटेल,मोहित अग्रवाल पुलिस कमिश्नर ,जिलाधिकारी सत्येंद्र वाराणसी, सीडीओ प्रखर सिंह वाराणसी, प्राधिकरण आयुक्त पूर्ण बोरा,संजीव बघेल कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 5 से 21 जून तक जनपद में होगा 'सेवा, सुशासन और सम्मान' महोत्सव

**प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक सम्पन्न, कार्यक्रमों की रूपरेखा तय**

**समाज जागरण ब्रजमोहन सिंह फिरोजाबाद**

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद फिरोजाबाद में 5 जून से 21 जून तक "सेवा, सुशासन और सम्मान" अभियान के अंतर्गत विभिन्न जनकल्याणकारी एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के प्रभारी मंत्री एवं गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्ष सेवा, सुशासन, संस्कार और सम्मान की ऐतिहासिक यात्रा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस अवधि को भारत का "स्वर्णिम काल" बताते हुए कहा कि देश ने विकास, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रमों का आयोजन पूरी भव्यता और जनसहभागिता के साथ किया जाए, ताकि सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।



**विश्व पर्यावरण दिवस से होगी शुरूआत**

अभियान की शुरूआत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "एक पेड़ मां के नाम" वृक्षारोपण अभियान से होगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अस्पतालों, विश्वविद्यालयों, प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने पौधों के संरक्षण पर भी विशेष बल दिया।

**विभिन्न कार्यक्रमों का रहेगा आयोजन**

बैठक में तय कार्यक्रमों के अनुसार 8 से 14 जून तक विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। 11 से 14 जून के बीच मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाया जाएगा। 16 और 17 जून को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजन, शिक्षाविद, उद्यमी, विषय विशेषज्ञ और स्टार्टअप संचालक भाग लेंगे। विकास खंड स्तर पर विशेषज्ञों द्वारा सरकार की उपलब्धियों और विकास योजनाओं पर व्याख्यान दिए जाएंगे तथा विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान भी किया जाएगा।

17 से 20 जून तक विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा।

18 एवं 19 जून को प्राकृतिक खेती कार्यशाला आयोजित होगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं बढ़ रही हैं। ऐसे में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है और किसानों को इसके प्रति जागरूक किया जाएगा।

**योग दिवस के साथ होगा समापन**

अभियान का समापन 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर होगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि योग भारत की विश्व को सबसे बड़ी देन है, जिसे आज 200 से अधिक देशों ने अपनाया है। योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

बैठक के अंत में प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह केवल सरकारी कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं, बल्कि सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण का महाउत्सव है। उन्होंने जनपद भर में नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम और लोक माध्यमों के जरिए जनसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में सदर विधायक मनीष असीजा, टूंडला विधायक प्रेमपाल धनगर, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह, जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कल्पना जायसवाल, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) मोहनलाल गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर का स्थापना दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी कृष्णापुर (रसूलपुर) स्थित श्री सर्वेश्वर महादेव मंदिर का स्थापना दिवस 4 जून को श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ज्ञात हो कि मंदिर की स्थापना 4 जून 2003 को हुई थी। तब से प्रत्येक वर्ष यह आयोजन निरंतर श्रद्धापूर्वक संपन्न होता आ रहा है और क्षेत्र के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

स्थापना दिवस के अवसर पर प्रातःकाल वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का भव्य रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।



सायंकाल आयोजित सुंदरकांड पाठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भक्ति रस में डूबे रहे। सुंदरकांड के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा पूरे दिन धार्मिक वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल तिवारी, श्यामनारायण तिवारी, सतीश तिवारी, अनुज तिवारी एवं रमेश तिवारी सहित समस्त ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगकताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग बनाए रखने की अपील की।

# वरुणा की बिगड़ती पारिस्थितिकी का गंगा पर पड़ते प्रभाव विषयक परिचर्चा सम्पन्न

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।वरुणा दो समस्याओं से संघर्ष कर रही है एक मैलहन से भदोही तक इसका अस्तित्व समाप्त हो चुका है और भदोही में पहली बार इसमे अवजल और मलजल बहता हुआ दिखता है। ये बातें बृहस्पतिवार को आईआईटी बीएचयू के केमिकल विभाग में आयोजित परिचर्चा और डाक्यूमेंट्री शो के दौरन आईआईटी के पूर्व निदेशक प्रो0 सिद्धनाथ उपाध्याय ने कही।




उन्होंने कहा की मल जल की समस्या वाली वरुणा के काशी में प्रवेश करने के साथ ही समस्या विकराल रूप ले लेती है। जिसमें स्थानीय होटल इंडस्ट्री के सीधे वरुणा में गिरते नाले और सीवेज पम्पिंग स्टेशन के लीकेज ने विकराल बना दिया है।

रामनगर इंडस्ट्रियल एरिया के अध्यक्ष डी एस मिश्रा और स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश भाटिया ने कहा की बनारस के उद्योग धंधों ने अपना कर्तव्य समझा है जिससे पिछले दस सालों में औद्योगिक अवजल वरुणा में गिरना कम हुआ है। गंगा समग्र काशी प्रांत के सह संयोजक दिवाकर द्विवेदी ने गंगा के जल की गुणवत्ता में वरुणा के पानी की भूमिका को रेखांकित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित मदन मोहन मालवीय जी की प्रतिमा और मां गंगा के चित्र पर माल्यार्पण के बाद गंगा गीत भाग संयोजक चंद्र प्रकाश दूबे द्वारा गाया गया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक कपीन्द्र तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात केमिलकल इंजीनियरिंग प्रोफेसर प्रदीप कुमार मिश्र ने परिचर्चा की रूप रेखा प्रस्तुत की। साथ ही सरकार द्वारा किए गए प्रयासों को भी साझा किया।

कार्यक्रम के दौरान फोटो जर्नलिष्ट अनिरुद्ध पांडेय की वरुणा पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई, उसमें बताई गई की वरुणा में अवजल के कारण सरायमोहना में लोग गंगा में स्नान करना बंद कर दिए हैं। उन्होंने डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से वरुणा का गंगा पर पड़ते प्रभाव को बताया।

परिचर्चा में आमंत्रित विद्वानों से वरुणा और गंगा की निर्मलता के सुझाव लिए गये। इसी कड़ी में हिंदी विभाग के पूर्व विधागाध्यक्ष प्रो0 सदानंद सही ने कहा कि यदि गंगा को अविरल रखना है तो वरुणा समेत उसके 900 उप नदियों को प्रदूषण मुक्त करना होगा, दीनापुर वार्ड नंबर आठ के पार्षद अनिल सोनकर ने बताया कि वरुणा के कारण सरायमोहना में गंगा पूरी तरह से चार किलोमीटर तक प्रदूषित हो गई हैं, और गंगा के तटीय जल में कीड़े पड़ गए हैं।

इसके अतिरिक्त केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र डॉ आनंद गुप्ता सुशील सिंह, वेश इंडिया के राजेश श्रीवास्तव, वरुणा पर कार्य करने वाले प्रियोदीप, वरिष्ठ पत्रकार अत्रि भारद्वाज, काशी पत्रकार संघ के अध्यक्ष अरुण मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार अजय चतुर्वेदी, अजय राय, शिवदत्त द्विवेदी, मालवीय पत्रकारिता संस्थान विद्यापीठ के निदेशक डॉ नागेन्द्र सिंह, बृजेश सिंह और बलराम आदि ने विचार व्यक्त किए।

# खरिहटखुर्द में क्षेत्र पंचायत निधि से कराए गए कार्यों पर भ्रष्टाचार का आरोप, जांच की मांग

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया विकास खण्ड हलिया के ग्राम पंचायत खरिहटखुर्द में क्षेत्र पंचायत निधि से कराए गए कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य सीमा सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर जांच और कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार को मुख्यमंत्री पोर्टल किये गए शिकायत में आरोप लगाया है कि खरिहटखुर्द क्षेत्र पंचायत के देवदहा पोखरे के पास क्षेत्र पंचायत निधि से एक तालाब पर बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया गया है। साथ ही दो अन्य स्थानों - डर्मा डोला (यादव के घर के पास) और इंटर कॉलेज रोड पर भी निर्माण कार्य हुए हैं।

उनका आरोप है कि इन कार्यों पर क्षेत्र पंचायत की ओर से कोई सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया, जिससे कार्यों की पारदर्शिता प्रभावित हुई। साथ ही ठेकेदार और ग्राम प्रधान द्वारा कार्यों में गुणवत्ता को लेकर भी अनियमितता की गई है।

सीमा सिंह के अनुसार, इस संबंध में 1 मई 2026 को खंड विकास अधिकारी को पत्र देकर अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि इससे ठेकेदार और ग्राम प्रधान के हौसले बढ़ रहे हैं और क्षेत्र पंचायत की छवि धूमिल हो रही है। पत्र में उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि खंड विकास अधिकारी द्वारा कराए गए कार्यों की जांच कराकर दोषी पाए जाने पर संबंधित लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जाएं।

# नहर में डूबे युवक की तलाश और दुआओं का दौर जारी

## नहर में डूबे युवक का बड़ा भाई सउदी अरब में है चालक

**समाज जागरण**

शिकोहाबाद। मूलरूप से आगरा के फतेहाबाद थाना क्षेत्र के मुहल्ला पठान निवासी एक युवक मटसेना क्षेत्र के गांव नगला मुल्ला में अपने नाना के घर रहता था। उसका बड़ा भाई सऊदी अरव में वाहन चलाता है। जबकि उसके पिता नहीं है। उसकी मां वृहस्पतिवार को नहर पर पहुंची। उसके साथ परिवार की अन्य महिलाएं भी थीं। स्टीमर से नहर में उसकी तलाश की जा रही है, वहीं लोग उसकी सलामती की दुआ कर रहे हैं।

नगला मुल्ला निवासी आरिश (22) बुधवार को अपने दोस्त जीसान और समीर के साथ शिकोहाबाद भूड़ा नहर पर आए। इसके बाद तीनों दोस्त नहर पटरी होते हुए छीछामई के समीप लोहिया पुल पर पहुंचे। यहां पर उसने स्थानीय युवकों से रील बनाने के लिए 100 रुपये देने को कहा और उनसे कहा कि उसके साथ पुल से नहर में छलांग लगाएं। स्थानीय युवक नहर में रोज तैरने वाले थे, इस लिए उन्होंने उसके साथ नहर में नहाने की हामी भर ली। जैसे ही तीनों युवकों ने पुल से



छलांग लगाई तो स्थानीय दोनों युवक निकल आए,लेकिन आरिश भंवर में फंस गया और 100 मीटर तक जिंदगी की गुहार लगाता रहा। लेकिन इसके बाद वह पानी में समा गया। उसके दोस्तों ने इसकी जानकारी उसके स्वजनों को दी। जानकारी होते ही नगला मुल्ला से बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग नहर पर आ गए। स्थानीय गोताखोरों के द्वारा उसकी तलाश कराई, लेकिन कोई पता नहीं चला। गुरुवार को सुबह से ही स्टीमर से पीएसी गोताखोरों ने तलाश की। इस दौरान छीछामई पुल से स्टेशन नहर पुल तक बड़ी संख्या में लोग तलाश करते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके साथ ही उसके स्वजन और समाज के लोग उसकी सलामती की दुआ भी करते रहे।

स्वजनों ने बताया कि नहर में डूबे युवक आरिश का बड़ा भाई सउदी अरब में वाहन चलाता है। उसको जब भाई के नहर में डूबने की खबर लगी तो वह भारत आने केलिए तैयार हो गया। लेकिन फ्लाइट नहीं मिली। स्वजनों ने बताया कि आरिश के पिता की मृत्यु हो चुकी है और उसकी मां फतेहाबाद में ही रहती है। बेटा के नहर में डुबने की जानकारी होने पर वह परिवार की अन्य महिलाओं के साथ नहर पर पहुंची और बच्चे की सलामती के लिए दुआ करती रही।

युवक की तलाश के लिए इंस्पेक्टर अनुज कुमार फोर्स के साथ सुबह से ही नहर पर डटे रहे। उनका प्रयास था कि युवक का पता चल जाए। लेकिन देर शाम तक युवक का कोई पता नहीं चला है।

# बनियापुर गांव में मिला दो शव मचा हड़कंप

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। ।चोलापुर थाना क्षेत्र के बनियापुर गांव में बुधवार को दो लोगों के शव मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई। गांव के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में दोनों शव पाए जाने के बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। सूचना मिलते ही चोलापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। मृतकों के परिजन भी घटनास्थल पर मौजूद हैं। प्रारंभिक तौर पर मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान एवं हत्या के कारणों को लेकर जांच जारी है। मामले की आधिकारिक पुष्टि और विस्तृत जानकारी का इंतजार किया जा रहा है।

घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत और चर्चा का माहौल है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

# हरहुआ ब्लाक में आये तीन ग्राम सचिवों की तैनाती

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ ब्लाक मुख्यालय पर आज गुरूवार को अन्य विकास खंडों से आए तीन ग्राम सचिवों आराजीलाइन से अंजनी कुमार राय ,चोलापुर से राजेश कुमार और चिरईगांव से चांदनी सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया। एडीओ पंचायत कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि नव तैनाती वाले तीनों सचिवों ग्राम कलस्टर का आंवटन भी कर दिया गया है। जिसमें अंजनी राय को दासेपुर कलस्टर, राजेश कुमार को कोइराजपुर कलस्टर व चांदनी सिंह को हरहुआ कलस्टर आवंटित किया गया।सभी ने प्रभार भी ग्रहण कर लिया है।

# हरहुआ ब्लाक के गांवों में आज से शुरू होगा पौधरोपण

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। वृहद पौधरोपण कार्यक्रम पांच जून से विकास खण्ड के 75 ग्राम पंचायत में पौधरोपण की आज से शुरूआत होगी।

बीडीओ हरहुआ बद्री प्रसाद वर्मा ने बताया कि पौधरोपण अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायतों को तीन सौ पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है।पर्यावरण को शुद्ध और हरियाली वातावरण के लिए किया जाएगा।अमृत वन योजना के तहत गांव में स्थित पार्कों, मंदिरों,सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण कराने का लक्ष्य है।जिसमें औषधीय ,छायादार व फलदार पौधे होगें। सभी सचिवो को प्रशासक से सम्पर्क कर यह कार्य सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

# लघु उद्योग से युवाओं को स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी स्वरोजगार के अवसर छोटे-छोटे इकाई के द्वारा ही आज के युवक और युवतियां अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

उक्त बातें अजगरा विधान सभा क्षेत्र में आज उमा मेमोरियल पब्लिक स्कूल




ढ़ेरही में आयोजित 'एमएसएमई' कार्यशाला कार्यक्रम में विधायक त्रिभुवन राम ने अपने सम्बोधन में व्यक्त किया।

जिला उद्योग केंद्र के जिला उद्योग प्रबंधन अधिकारी राजीव कुमार व मुख्यमंत्री युवा उद्योग अधिकारी सत्येन्द्र सिंह ने विभिन्न उद्योगों की जानकारी देते हुए सरकार से मिलने वाले लाभ ,बैंकिग सुविधाओ की जानकारी दी।

इस कार्यक्रम में विनोद सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष,अनिल सेठ, अरुण पाठक, डी के सिंह,मोहन बाबू,धनंजय भारद्वाज,हीरू सिंह,राजीव कुमार डिस्ट्रीक मैनेजर,सुनील कुमार मुख्यमंत्री युवा उद्यमी ,रितेश सिंह महामंत्री चोलापुर मण्डल तथा अन्य युवक व युवतियां शामिल रहे।

# बाइक के धक्के से युवक गंभीर रूप से घायल ट्रामा सेंटर रेफर

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग के हरसड़ गांव में बुधवार की रात्रि में बाइक के धक्के से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है थाना क्षेत्र के हरसड़ गांव निवासी 35 वर्षीय विनोद कुमार दुबे उर्फ शेरा गांव से वापस लौट रहे थे की जैसे ही हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग के हरसड़ गांव में पहुँचे की तेजगति से आ रहे बाइक सवार ने युवक को धक्का मार दिया जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद युवक के सर में गंभीर चोट को देखते हुए ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है इस संबंध में ग्राम प्रधान विनोद सिंह ने बताया की बाइक के धक्के से गंभीर रूप से घायल युवक का उपचार ट्रामा सेंटर वाराणसी में चल रहा है युवक की हालत गंभीर बनी हुई है

# मारपीट के मामले में तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के मनिगढ़ा गांव निवासी मुरली कोल ने गुरुवार को थाने में तहरीर देकर गांव निवासी तीन लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दी गई में बताया है की बुधवार की रात्रि आठ बजे विपक्षी गांव निवासी बुद्धिमान, बाबूलाल, भाई लाल मेरे दरवाजे पर आकर गाली गलौज देने लगे के मना करने पर लाठी डंडे से मारने पीटने लगे बीच बचाव के लिए आई पत्नी गुड्डी देवी को भी मारपीट कर घायल कर दिया जान से मारने की धमकी दिया है जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है

# डॉक्टर ने दिया युवती को नवजीवन दान परिजनों में खुशी का माहौल।

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जिला अस्पताल के एम आईसीयू विभाग में भर्ती सर्पदंश की शिकार हुई युवती को चिकित्सक ने परिश्रम कर उसे वेंटिलेटर से उठाकर स्वस्थ लाभ प्रदान किया जिसे परिजनों में खुशी का माहौल है और परिजनों ने चिकित्सक को बहुत-बहुतशुभकामनाएं दी

थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के ओम कॉलोनी निवासी दिनेश कुमार जो सेना में रहकर असम मैं अपनी सेवाएं दे रहे हैं 20 मई की रात उसकी 19 वर्षीय पुत्री निधि घर पर सो रही थी। तभी एक सांप ने काट लिया जिसके फल स्वरुप वह बेहोश हो गई जिससे परिवार में हड़कंप मच गया वह आनंन फानंन में उसे उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आए जहां चिकित्सक ने भर्ती कर उसका उपचार शुरू



कर दिया चिकित्सकों के अनुसार हालत गंभीर बनी हुई थी। उसे उसे प्राथमिक उपचार के बाद 200 सैया के एमआईसीयू वार्ड में रेफर कर दिया युवती की गंभीर अवस्था को देखते हुए उसे वेंटिलेटर पर शिफ्ट कर दिया 7 दिन तक वह वेंटिलेटर पर रही इधर परिजन भी हिम्मत हार गए परंतु डॉक्टर गौरव गुप्ता के अथक प्रयास के बाद पूर्णरुपेण स्वस्थ हो गई जिससे परिवार में खुशी का माहौल पैदा हो गया सभी ने डॉक्टर गौरव गुप्ता की भूरी भूरी प्रशंसा की डॉक्टर गौरव ने युवती को हिम्मतके लिए पुरस्कार प्रदान किया।

# राजेश गुमशुदगी मामला बना पुलिस के गले की हड्डी

## उच्च न्यायालय के संज्ञान के बाद जांच की फाईल खुली

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- उमरिया जिले के पाली थाना का बहु चर्चित राजेश प्रजापति गुमशुदगी की गुत्थी सुलझाने में पाली पुलिस घटना के चार वर्षों बाद भी अनसुलझा पडा हुआ है। यद्यपि इस गुत्थी को उलझाने में तत्कालीन पुलिस के जांच अधिकारियों की भूमिका को ही माना जाता है। यह मामला राजेश गुमशुदगी के साथ ही लगभग बारह लाख रुपए हडपने से जुडा हुआ है, तभी तो इस मामले में तत्कालीन पुलिस के जांच अधिकारियों ने भी उसी धन राशि में से हाथ साफ करने की बात तब भी और अब भी चचाओं में बना हुआ है।। अब मामला उच्च न्यायालय में रिट पिटीशन के माध्यम से जांच की फाईल खुल गई है, और माननीय न्यायालय ने गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक से लापता राजेश को ढूढने का जिम्मा दिया है। जग जाहिर है कि उच्च न्यायालय में पिटीशन के साथ पाली पुलिस की परेशानी बढ गयी है और उसकों अपने पूर्व वती पुलिस अधिकारियों को बचाने का भी नैतिक दबाव और अपने को सुरक्षित रखने का दबाव बना हुआ है । इस मामले में नामजदगी खुलासा होने के बाद भी पाली पुलिस ने जिस तरह मामले में लीपापोती करते हुए आरोपियों को बचाया की वही लापरवाही अब पुलिस के गले की हार बन गयी है। बताया जाता है की इस मामले में लापता राजेश प्रजापति की माँ कपसी बाई ने जिस तरह से आप बीती पुलिस अधिकारियों को सुनाई, लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने ठगी की कहानी सुनाई परन्तु पुलिस ने कुछ अंकित न करते हुए अंकित को अपनी ओर से आजाद पंक्षी बना कर खूब लुटने, चोरी करने का अवसर दिया। पाली पुलिस को यह भान ही नहीं रहा की इस मामले में फरियादिया अपने पुत्र के गायब होने और बारह लाख के लुट मामले को लेकर न्याय की आश मे उच्च न्यायालय की शरण ले सकती है। पाली पुलिस की जांच कार्यवाही पर उन दिनों भी सवाल के घेरे में थे, और आज भी गुनहगार के मकड़जाल में ऐसे फंसे हुए हैं की पुलिस किंकर्तव्यविमूढ़ बनी हुई है।अपराध जगत के नामी गिरामी अपराधी भी हर अपराध के साथ ऐसे साक्ष्य छोड़ जाते हैं की कर्तव्य परायण अन्वेषण अधिकारी गुनाह गार तक पहुँच जाते हैं, परन्तु इसके पीछे अपराधी को बचाने की हवस, और पैसों के लिए अंधी कमायी का जुनून का त्याग करना पड़ता है, जिसका की आज के जांच अधिकारियों में अकाल ही परिदृश्य हो रहा है। नहीं तो आरोपी के पास से लापता राजेश प्रजापति की सिम मिलना, फिर मोबाइल सेट मिलना, फरियादिया के बैंक खाते से लगातार राशि निकलवा कर क्रमशः हडपना, फरियादिया के व्दारा नाम जद शिकायत के बाद पुलिस की गलबहियां डालना आदि साक्ष्य एक दम साफ तस्वीर पेश कर रही है, फिर भी पुलिस का हाथ पर हाथ डालकर बैठे रहना, अपराधियों के लिए वरदान साबित हो रही है। अब मामला उच्च न्यायालय के निगरानी में जांच के दायरे में चल रहा है, अब ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो आने वाला समय ही तय करेगा, लेकिन विधि विशेषज्ञों का मानना है कि अगर उच्च न्यायालय पुलिस की लीपापोती और अपराधी को बचाने के तथ्यों से संतुष्ट नहीं होगा तो इसकी बड़ी कीमत पुलिस को चुकानी पडेगी।

# गोरबी में कोयले के काले कारनामे जारी, इन्वर्ट मिक्सिंग का खेल बेखौफ जारी

**समाज जागरण विजय तिवारी**

सिंगरौली । प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के गोरबी क्षेत्र में कोयला परिवहन और गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।क्षेत्र में कथित तौर पर इन्वर्ट मिक्सिंग का खेल लगातार जारी है, जिससे कोयले की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि इस गतिविधि के कारण न केवल कोयले की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है, बल्कि राजस्व और पारदर्शिता से जुड़े सवाल भी खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी और निगरानी की कमी के चलते यह पूरा खेल बेखौफ तरीके से संचालित हो रहा है। हालांकि संबंधित विभागों की ओर से अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

क्षेत्र के लोगों और जानकारों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह केवल गुणवत्ता का नहीं बल्कि जवाबदेही और निगरानी व्यवस्था का भी गंभीर मामला है।

# खनिज विभाग ने केवई नदी में अवैध उत्खनन रोकने हेतु पहुंच मार्ग किया गया बाधित

**समाज जागरण**



अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन पर जिले भर में अवैध उत्खनन की रोकथाम के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 31 मई को कोतमा तहसील क्षेत्र के कटकोना, नवाटोला एवं बैहाटोला क्षेत्र में स्थित केवई नदी में अवैध उत्खनन की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पहुंच मार्ग को बाधित कराया गया।यह कार्रवाई खनिज विभाग के अधिकारियों एवं अमले की उपस्थिति में की गई। मार्ग बाधित किए जाने से अवैध रूप से रेत एवं अन्य खनिजों के परिवहन में उपयोग किए जाने वाले वाहनों की आवाजाही पर रोक लगेगी तथा नदी क्षेत्र में अवैध उत्खनन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। उपसंचालक खनिज श्रीमती आशा लता वैद्य ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन एवं खनिज परिवहन के विरुद्ध आगे भी सतत निगरानी एवं कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही आमजन से भी अपील की गई है कि वे अवैध उत्खनन संबंधी किसी भी गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित विभाग अथवा प्रशासन को दें, ताकि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहयोग मिल सके।

# आदिवासी परिवार ने लगाई न्याय की गुहार, निजी भूमि से सड़क निकालने के प्रयास का आरोप

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**



पटेरा (दमोह)। जिले की पटेरा तहसील अंतर्गत ग्राम सतरिया से भूमि विवाद का एक गंभीर मामला सामने आया है। गांव के एक आदिवासी परिवार ने राजस्व विभाग और स्थानीय प्रभावशाली लोगों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जिला प्रशासन से न्याय की मांग की है। परिवार का आरोप है कि पिछले लगभग चार से पांच वर्षों से वे अपनी कृषि भूमि को लेकर परेशान हैं और लगातार अधिकारियों के चक्कर काटने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

पीड़ित आदिवासी किसान फूलन सिंह एवं गेंगरानी का आरोप है कि गांव के पटेल परिवार द्वारा उनकी निजी कृषि भूमि से जबरन सरकारी सड़क निकालने का प्रयास किया जा रहा है। उनका कहना है कि संबंधित क्षेत्र में बीच से सरकारी खसरा नंबर की भूमि मौजूद है, जबकि उसके आसपास की जमीन उनके नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। इसके बावजूद उनकी भूमि पर सड़क निकालने की कोशिश की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार इस मामले में हल्का पटवारी नीरज द्वारा तीन बार मौके पर पहुंचकर जमीन का सीमांकन (नाप) किया जा चुका है, लेकिन विवाद का स्थायी समाधान नहीं हो सका। किसान का कहना है कि सीमांकन के बाद भी कुछ लोग भूमि छोड़ने को तैयार नहीं हैं, जिससे विवाद लगातार बना हुआ है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि भूमि विवाद के चलते उन्हें खेती-किसानी करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, जो लोग उनकी भूमि अधिया (बंटाई) पर लेकर खेती करना चाहते हैं, उन्हें भी परेशान किया जाता है। परिवार का यह भी आरोप है कि खेत में लगे आम के पेड़ों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक क्षति हो रही है।

इस संबंध में जब हल्का पटवारी नीरज से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई है। तहसीलदार के निर्देश पर एक संयुक्त टीम गठित कर विवाद का निराकरण कराने की प्रक्रिया की जाएगी, ताकि दोनों पक्षों की स्थिति स्पष्ट हो सके और उचित समाधान निकाला जा सके। पीड़ित आदिवासी परिवार का कहना है कि वे पिछले करीब पांच वर्षों से तहसील, राजस्व कार्यालय और अन्य प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन आज तक उन्हें न्याय नहीं मिला। लगातार हो रही परेशानियों और विवाद के कारण उनका जीवन प्रभावित हो रहा है। परिवार ने जिला कलेक्टर से निष्पक्ष जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग की है। पीड़ित किसान का कहना है कि यदि प्रशासन उनकी भूमि की सुरक्षा और विवाद का समाधान नहीं कर सकता, तो उन्हें अपनी जमीन बेचने की अनुमति दी जाए, ताकि वे इस लंबे विवाद और मानसिक तनाव से बाहर निकल सकें। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और गठित की जाने वाली जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर आदिवासी परिवार को राहत और न्याय कब तक मिल पाता है। ग्रामीणों की नजरें अब जिला प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# लुहारी में दिनदहाड़े अवैध मुरम खनन के आरोप, कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**



पटेरा (दमोह)। जनपद पंचायत पटेरा की ग्राम पंचायत लुहारी में कथित रूप से बड़े पैमाने पर अवैध मुरम खनन का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र में लंबे समय से दिनदहाड़े खनन गतिविधियां संचालित हो रही हैं, लेकिन संबंधित विभागों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने से अवैध कारोबार को बढ़ावा मिल रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार खनन स्थल पर पोकलेन मशीन की सहायता से मुरम का उत्खनन किया जा रहा है। इसके साथ ही कई डंपर और ट्रक लगातार खनिज सामग्री के परिवहन में लगे हुए हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि निकाली जा रही मुरम को विभिन्न क्षेत्रों में बेचकर भारी आर्थिक लाभ कमाया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि अवैध खनन के कारण शासन को राजस्व की हानि हो रही है, वहीं पर्यावरणीय संतुलन भी प्रभावित हो रहा है। खनन गतिविधियों से आसपास की भूमि की संरचना में बदलाव, धूल प्रदूषण तथा ग्रामीण मार्गों को नुकसान पहुंचने की आशंका भी जताई जा रही है।

मामले को लेकर ग्रामीणों ने यह आरोप भी लगाए हैं कि खनन कारोबार से जुड़े लोगों के प्रभाव के चलते जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र या आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इसके बावजूद क्षेत्र में लगातार जारी खनन गतिविधियों को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी और असंतोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन अवैध खनन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध एक भी प्रभावी और उदाहरणात्मक कार्रवाई करता है, तो इससे कानून के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत होगा और अन्य अवैध गतिविधियों पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, खनिज विभाग तथा स्थानीय अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो क्षेत्र में अवैध खनन का दायरा और बढ़ सकता है। अब स्थानीय लोगों की निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि शिकायतों और आरोपों के सामने आने के बाद संबंधित विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं तथा अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा दमोह में विभिन्न दही भंडार एवं पनीर विक्रय दुकानों का किया गया औचक निरीक्षण

## पनीर एवं दही के लिए गए नमूने, राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**




दमोह। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और आम उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत गठित खाद्य सुरक्षा जांच दल ने बुधवार को दमोह शहर के विभिन्न दही भंडारों एवं पनीर विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जांच दल ने घंटाघर के पास आशीर्वाद गार्डन के सामने स्थित रामदुलारे दही भंडार के संचालक रोहित गुप्ता तथा श्री राम दुलारे दही भंडार के संचालक अखिलेश गुप्ता के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। मौके पर विक्रय हेतु संग्रहित पनीर की गुणवत्ता की जांच के लिए नमूने लिए गए।

इसके बाद जांच दल ने घंटाघर क्षेत्र स्थित श्री राम दुलारे दही भंडार के संचालक सूर्यकांत गुप्ता के प्रतिष्ठान का भी निरीक्षण किया। यहां से विक्रय के लिए रखे गए दही के नमूने संग्रहित किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नमूनों को सीलबंद कर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेज दिया है। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि नमूनों में किसी प्रकार की मिलावट अथवा खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा की जा रही इस कार्रवाई का उद्देश्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर निगरानी रखना तथा उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि खाद्य पदार्थों में मिलावट और गुणवत्ता संबंधी अनियमितताओं के खिलाफ निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# दूध के रेट में सुधार की मांग को लेकर पशुपालकों का आंदोलन , दो दिन चला प्रदर्शन

**समाज जागरण**



अनूपपुर। बढ़ती महंगाई को देखते हुए दूध के मूल्य में सुधार की मांग को लेकर क्षेत्र के पशुपालकों ने एकजुट होकर संगठन बनाते हुए आंदोलन किया। पशुपालकों का कहना है कि चारे, दवाइयों और पशुपालन से जुड़ी अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, जबकि दूध के दाम लंबे समय से संतोषजनक नहीं हैं।

इस मांग को लेकर 2 जून को पशुपालकों द्वारा एक विशाल रैली निकालकर अपनी बात प्रशासन एवं आम जनता तक पहुंचाई गई। इसके बाद 3 जून को एक दिन के लिए दूध विक्रय बंद रखकर विरोध प्रदर्शन किया गया। आंदोलन के दौरान सर्वसम्मति से गाय के दूध का मूल्य 70 रुपये प्रति किलो तथा भैंस के दूध का मूल्य 70 रुपये प्रति किलो निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। इस आंदोलन में सभी पशुपालकों का उल्लेखनीय योगदान रहा, जिसकी व्यापक सराहना की गई। पशुपालकों ने बाजार में बाहर से आने वाले तथाकथित नकली पनीर का भी विरोध किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे केवल शुद्ध दूध से बने पनीर का ही उपयोग करें और नकली पनीर खरीदने से बचें। पशुपालकों ने कहा कि नकली पनीर के बाजार में आने से दूध उत्पादकों को आर्थिक नुकसान होता है तथा उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए सभी नागरिकों से स्थानीय दुग्ध उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की गई।


# जिला स्वच्छता समिति में पाली से एड सुशांत सक्सेना भी

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- उच्चतम न्यायालय के निर्देशन में जिले में गठित स्वच्छता समिति में पाली नगर से विव्दान अधिवक्ता सुशांत सक्सेना को शामिल किया गया है। आप का चयन बतौर सदस्य के रूप में किया गया है। इस समिति की अध्यक्ष जिले के कलेक्टर पदेन अध्यक्ष होगें। इसके साथ ही जिले के तीनों जनपद पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी, पांचों नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी , छहों महाविद्यालय के प्राचार्य, शहरी विकास प्राधिकरण अधिकारी के साथ सभी नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों के पार्षद,जनपद सदस्य, एल्डर मैन और कुछेक सरपंचो से दो गणमान्य नागरिकों को पदेन सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। इस कड़ी में पाली नगर से पार्षद श्री मती प्रमिला जगवानी वार्ड नं 06 और एल्डर मैन सुशांत सक्सेना जी का चयन किया गया है। यह चयन सक्सेना जी के सामाजिक गति विधियों की सक्रिय कार्य कुशलता , ईमानदार छबि , स्पष्ट वादिता, और कौशल के कारण की गयी है। श्री सक्सेना जी का जिले की इस समिति में चयन उनके योग्यता को प्रर्दशित करती है। इस चयन पर उनके इष्ट मित्रों ने हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त की है।

# सार्वजनिक ट्रांसफार्मर पर कब्जे का आरोप, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**



दमोह। जिले के ग्राम सेमरा रामनगर की अहिरवार बस्ती में स्थापित सार्वजनिक विद्युत ट्रांसफार्मर ( डीपी) को लेकर विवाद सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सरकारी योजना के तहत वर्ष 2007 के आसपास बस्ती की घरेलू बिजली आपूर्ति के लिए लगाए गए ट्रांसफार्मर पर पड़ोसी ग्राम सगरोन के एक व्यक्ति द्वारा कब्जा कर लिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण एवं शिकायतकर्ता रूपेन्द्र सिंह अहिरवार ने बताया कि यह ट्रांस फार्मर सेमरा रामनगर की अहिरवार बस्ती की घरेलू बिजली आपूर्ति के लिए स्थापित किया गया था, लेकिन वर्तमान में इस पर कथित रूप से सगरोन निवासी तिलक राजपूत का नियंत्रण है। उनका आरोप है कि ट्रांसफार्मर से नंगे तारों के माध्यम से बिजली आपूर्ति की जा रही है, जो सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर खतरा है। खराब मौसम, बारिश अथवा तेज हवाओं के दौरान इससे दुर्घटना और विद्युत हानि की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में अधिकांश क्षेत्रों में सुरक्षित केबलों के माध्यम से बिजली सप्लाई की जाती है, जबकि यहां अब भी खुले तारों का उपयोग हो रहा है। इसके अलावा आरोप लगाया गया है कि घरेलू लाइन वाले इस ट्रांसफार्मर से कई सिंचाई पंप भी संचालित किए जा रहे हैं, जबकि नियमानुसार सिंचाई पंपों के लिए अलग कृषि अथवा वाणिज्यिक श्रेणी के विद्युत कनेक्शन निर्धारित होते हैं।

रूपेन्द्र सिंह ने विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता (जेई) प्रभारी संदीप पटेल को आवेदन देकर ट्रांसफार्मर से कथित अवैध कब्जा हटाने तथा सेमरा ग्राम में केबल के माध्यम से सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने आग्रह किया है कि यदि इस डीपी से सिंचाई पंप संचालित हो रहे हैं तो संबंधित कनेक्शनों को नियमानुसार कृषि फीडर अथवा पंप लाइन से जोड़ा जाए। ग्रामीणों का मानना है कि घरेलू लाइन पर अतिरिक्त भार पड़ने से ट्रांसफार्मर की क्षमता प्रभावित होती है, जिससे बार-बार बिजली बाधित होने और ओवर लोडिंग की समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने विद्युत विभाग से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल इस संबंध में विद्युत विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि विभाग जांच कर शीघ्र समाधान करेगा ताकि बस्तीवासियों को सुरक्षित और सुचारु विद्युत आपूर्ति मिल सके।

# कानून सबके लिए समान या रसूखदारों के लिए अलग? पूछता है दमोह

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**




दमोह। जिले में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी के नेतृत्व में यातायात नियमों के उल्लंघन पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी है। मॉडिफाइड साइलेंसर, बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों और अवैध हूटर लगे वाहनों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। सड़क पर उतरकर पुलिस नियम तोड़ने वालों को सबक सिखा रही है, जिसकी आमजन सराहना भी कर रहे हैं। लेकिन इन कार्रवाइयों के बीच एक सवाल लगातार लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है–क्या कानून का डंडा केवल आम आदमी के लिए है, या फिर रसूखदारों और सत्ता के करीब बैठे लोगों पर भी उतनी ही सख्ती दिखाई जाएगी? जिले में आज भी कई ऐसे वाहन खुलेआम सड़कों पर दौड़ते नजर आते हैं जिन पर नियमों के विपरीत हूटर, फ्लैशर और प्रभाव दिखाने वाले प्रतीकों का उपयोग किया जाता है। गौरतलब है कि पूर्व में स्वयं सड़क पर उतरकर एसपी आनंद कलादगी ने तेंदूखेड़ा जनपद अध्यक्ष के वाहन से अवैध हूटर हटवाकर स्पष्ट संदेश दिया था कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। इस कार्रवाई ने लोगों के बीच यह भरोसा जगाया था कि नियम सभी के लिए समान हैं। इसके बावजूद आमजन का कहना है कि यदि पुलिस वास्तव में कानून का राज स्थापित करना चाहती है तो कार्रवाई केवल आम वाहन चालकों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। जिन वाहनों पर रसूख और सत्ता की धौंस दिखाने के लिए अवैध हूटर लगाए गए हैं, उन पर भी उतनी ही सख्ती जरूरी है। आखिर सड़क पर नियम तोड़ने वाला व्यक्ति आम हो या खास, कानून की नजर में दोनों बराबर होने चाहिए।

अब लोगों की नजर पुलिस प्रशासन पर टिकी है। सवाल सीधा है–क्या अवैध हूटर लगाने वाले रसूखदारों और सत्ताधारी छुटभैया नेताओं के वाहनों पर भी कार्रवाई होगी, या फिर कानून का शिकंजा केवल आम जनता तक ही सीमित रहेगा? यही सवाल आज पूरे जिले में गूंज रहा है और पूछता है दमोह।

# भारत विश्व का सबसे भरोसेमंद निवेश गंतव्य बना: सिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस 2026 में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल

कनाडा और अमेरिका के साथ वाताओं के दौरान भारत को निवेशकों का मजबूत भरोसा मिला; प्रस्तावित भारत-कनाडा मुक्त व्यापार समझौते को सकारात्मक प्रतिक्रियाः श्री पीयूष गोयल भारत के व्यापार समझौतों से बाजार पहुंच का विस्तार, ये समझौते निवेश और प्रतिभा की गतिशीलता को सुगम बना रहेः

श्री पीयूष गोयल ओमान मुक्त व्यापार समझौता प्रभावी, भारत अगले दस महीनों के भीतर हाल ही में संपन्न हुए नौ व्यापार समझौतों को लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रहा हैः श्री पीयूष गोयल

जन विश्वास अधिनियम 2.0 के तहत लगभग 1,000 अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया; भव्य योजना के तहत विश्व स्तरीय अवसंरचना वाले 100 औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगेः श्री पीयूष गोयल

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने मुंबई में आयोजित सिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस 2026 में वर्चुअल माध्यम से मुख्य भाषण दिया। इसमें उन्होंने भारत के विश्व के सबसे भरोसेमंद निवेश गंतव्य के रूप में उभरने पर प्रकाश डाला और विनिर्माण, व्यापार करने में सुगमता, बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकी अंगीकरण और वैश्विक व्यापार जुड़ाव को सुदृढ़ करने के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

श्री गोयल ने वैश्विक निवेशकों और व्यापारिक नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में मान्यता प्राप्त है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि देश आने वाले दो दशकों से अधिक समय तक इस स्थिति को बनाए रखेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने बदलती भू-राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप प्रक्रियाओं और व्यावसायिक रणनीतियों को पुनर्व्यवस्थित करके संकटों को अवसरों में परिवर्तित किया है और व्यापार, व्यवसाय, विनिर्माण और निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना हुआ है।

# झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप, ग्रामीणों ने लगाई सुरक्षा की गुहार

**समाज जागरण**
**कांधला। (फुरकान जंग)**
थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली के दर्जनों ग्रामीण थाने पहुंचे और थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार से मुलाकात कर एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव का एक व्यक्ति लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देकर दबाव बनाता है तथा रुपये मांगने पर गंभीर आरोप लगाकर जेल भिजवाने की धमकी देता है। थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली के ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया



कि गांव निवासी खुर्शीद पुत्र रहीस समेत कई लोगों का उक्त व्यक्ति पर धन बकाया है। जब उससे रुपये वापस मांगे गए तो उसने कथित रूप से गोकशी जैसे गंभीर मामलों में झूठा फंसाने और जेल भिजवाने की धमकी दी। आरोप है कि इसके बाद संबंधित व्यक्ति ने पुलिस को भ्रामक सूचना देकर झूठी शिकायत भी दर्ज कराई।ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी पहले भी कई लोगों के खिलाफ झूठी शिकायतें कर चुका है, जिससे गांव में भय का माहौल बना रहता है। उन्होंने आरोप लगाया कि उक्त व्यक्ति आए दिन लोगों को धमकाने, झूठे मुकदमों में फंसाने तथा गांव का माहौल खराब करने का प्रयास करता है। ग्रामीणों ने हाथ जोड़कर शासन-प्रशासन से जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई और निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की।इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण थाने पहुंचे और पुलिस अधिकारियों को अपनी समस्या से अवगत कराया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए बताया कि पुलिस द्वारा मामले की जांच की गई है, जिसमें शिकायत में लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया असत्य पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच और कार्रवाई जारी है तथा झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**समाज जागरण**
**कांधला(फुरकान जंग)**

पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने, धमकी देने और दुष्कर्म करने के फरार आरोपी को गिरफ्तार करते हुए कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र की एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने तथा उसे धमकाने के संबंध में पीड़िता के परिजनों ने विगत 11 को थाने में तहरीर दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान दुष्कर्म की पुष्टि होने पर मामले में




संबंधित धाराएं भी बढ़ाई गईं थी गुरुवार को पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम और महिला अपराधों से जुड़े वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार व उनकी पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।आरोपी की पहचान नितिन पुत्र हरपाल निवासी ग्राम भावसा, थाना तितरो, जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की जानकारी जुटाने के बाद कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

# सपा छात्र सभा ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, डीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) समाजवादी पार्टी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सैनी ने प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक, बढ़ती महंगाई तथा किसानों को यूरिया की कमी की समस्या को लेकर शामली कलक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन कर डीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। जिसमें युवाओं और किसानों से जुड़े मुद्दों का शीघ्र समाधान कराने की मांग की गई।
गुरूवार को समाजावादी पार्टी के छात्र सभा के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सैनी और सपा प्रवक्ता प्रोफेसर सुधीर पंवार के नेतृत्व में शामली कलक्ट्रेट पहुंचकर जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया। राज्यपाल के नाम दिए ज्ञापन में कहा गया कि नीट-यूजी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने तथा सीबीएसई परीक्षा परिणाम और प्रदेश में विभिन्न भर्तियों की प्रक्रिया में देरी के कारण लाखों युवा परेशान हैं। इन समस्याओं को लेकर प्रदेश भर में युवाओं में आक्रोश है और वे आंदोलन करने को मजबूर हैं। आरोप लगाया गया कि सरकार युवाओं की समस्याओं का समाधान करने के बजाय आंदोलन कर रहे युवाओं पर कार्रवाई कर रही है। सुधीर पंवार ने कहा कि डीजल, पेट्रोल और सीएनजी के दाम बढ़ने से आम



जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। लगातार बढ़ती महंगाई के कारण परिवारों का घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है और लोगों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में किसानों की समस्या उठाते हुए कहा गया कि वर्तमान समय में फसलों के लिए यूरिया और डीएपी की आवश्यकता है, लेकिन सहकारी समितियों के गोदामों में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है। किसानों को खाद प्राप्त करने के लिए लंबी कतारों में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे कई स्थानों पर अव्यवस्था की स्थिति भी बन रही है। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, सच्चू प्रधान, अनुज जावला, योगेन्द्र गोगर, विनीत मुखिया, जावेद जंग, सलेक प्रधान, अनिल कोरी, तासीन मंसूरी, नरेन्द्र प्रधान, बालेन्द्र प्रधान, अनुज सैनी, लालसिंह कश्यप, देवेंद्र वालिया, अभिषेक शर्मा, संजीव राझड, सचिन प्रधान, अमरदीप पंवार, नंदू प्रसाद बाल्मिकी आदि मौजूद रहे।

## दस जून की सभा को सफल बनाने के लिए रालोद का जनसंपर्क अभियान

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग)राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की 10 जून को काबड़ौत में प्रस्तावित रैली को सफल बनाने के लिए रालोद कार्यकताओं ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। रालोद के सदर विधायक प्रसन्न चौधरी के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर रहे हैं तथा लोगों से रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील कर रहे हैं। जनसंपर्क



अभियान के दौरान सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, युवाओं और सभी वर्गों के हितों के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से 10 जून की रैली में भारी संख्या में पहुंचकर इसे सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी में सभी जाति और वर्ग के लोगों को सम्मान दिया जाता है तथा आने वाला समय राष्ट्रीय लोकदल का है। जनसंपर्क अभियान के तहत पार्टी नेताओं ने किवाना, चूनसा, बरला जट, हसनपुर, गढ़ी श्याम सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से संपर्क किया और रैली में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर डॉ. विक्रांत जावला, योगेश भभीसा, राजन जावला, वीर सिंह मलिक, पप्पू प्रधान भारसी, नीरज पंवार, सभासद आशु खान, शौकत जंग, अमरदीप मलिक, बिजेंद्र प्रधान किवाना, पंकज प्रधान, विदेश मलिक मौजूद रहे।

# चेयरमैन ने किया रेलवे क्रॉसिंग पर निर्मित शीतल छाया मार्ग का उद्घाटन

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग)भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से नगर के मध्य रेलवे क्रॉसिंग पर निर्मित शीतल छाया मार्ग का गुरूवार को उद्घाटन किया गया। नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल ने फीता काटकर शीतल छाया मार्ग का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन अरविंद संगल ने कहा कि इस प्रकार की जनहितकारी संरचना और उसके पीछे की सोच वास्तव में दूसरों के दर्द को समझने का परिचायक है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दौर में राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से बनाया गया यह शीतल छाया मार्ग जनसेवा और संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने इस कार्य में सहयोग के लिए लायंस क्लब शामली क्राउन की टीम की सराहना करते हुए कहा कि क्लब के सहयोग के बिना यह कार्य संभव नहीं हो पाता। क्लब अध्यक्ष गौरव मित्तल एडवोकेट ने कहा कि नगर पालिका जनहित के कार्यों में सदैव अग्रणी



रही है। उन्होंने कहा कि रोटी बैंक, निशुल्क बर्तन बैंक जैसी योजनाओं के बाद शीतल छाया मार्ग का निर्माण भी नागरिकों को राहत पहुंचाने वाला सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन हजारों नागरिक, विद्यार्थी, महिलाएं और बुजुर्ग इस मार्ग से गुजरते हैं, जिन्हें अब गर्मी से राहत मिलेगी। संयोजक प्रदीप विश्वकर्मा ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं और सरकारी विभागों के संयुक्त प्रयासों से अनेक जनकल्याणकारी कार्य संभव हो सकते हैं। मौके पर सभासद विनोद तोमर, संजय संगल, डॉ. अर्जुन वर्मा, अंकुर गोयल, रुपेश गर्ग, अजय शर्मा, सोमेश मित्तल, विकास गोयल, सचिन गोयल, सचिन गर्ग, प्रभात मित्तल, संजय बंसल, योगेश कुमार, जेई हर्षित गर्ग, जेई श्रीकांत राणा आदि मौजूद रहे।

# शहर के प्रसिद्ध मेडिकल व्यावसायी के पुत्र ने किया धर्म परिवर्तन, हिंदू संगठनों में रोष

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग)शहर के प्रसिद्ध मेडिकल व्यावसायी के पुत्र द्वारा धर्मांतरण करने पर हिन्दू संगठनों के लोगों में रोष व्याप्त है। स्वामी यशवीर महाराज ने सोशल मीडियों पर एक बयान जारी कर युवक के कथित धर्मांतरण और निकाह के मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। उन्होने चेतावनी दी कि यदि आगामी 10 दिनों में कार्यवाही न होने पर मुस्लिम युवती के घर के बाहर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।
दरअसल शहर के दयानंदनगर निवासी व भारत मेडिकल स्टोर के संचालक के पुत्र को शामली के

**कोट :** शामली। मेडिकल स्टोर संचालक व युवक के पिता का कहना है कि उसके पुत्र के साथ उसका पिछले कई सालों से कोई संपर्क नही है। हालाकि वह अपने पैतृक आवास पर अपनी माता की दवाई व हालचाल पूछने के लिए आता रहता है। करीब दो वर्षो से उससे उसकी बातचीत भी नही हुई है। मेरे द्वारा इस्लाम धर्म अपनाये जाने की बात झूठी है। प्रत्येक दिन सुबह शाम मंदिर में जाकर पूजा अर्चना करता हू। परिवार बेटे की घर वापसी चाहता है। इसके लिए आला अधिकारियों से भी वार्ता की गई है। आज इस संबंध में एसपी से भी वार्ता कर सारी जानकारी स्पष्ट कर दी है।

मोहल्ला नानुपुरा निवासी एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जाता है कि युवती ने युवक से निकाह कर लिया, जिसके बाद युवक ने अपना धर्मांतरण करते हुए इस्लाम मजहब अपना लिया। जिसके बाद परिजनों ने युवक पर धर्मांतरण न करने का काफी दबाव बनाया, लेकिन आरोप है कि युवती ने उस पर नमाज पढने के लिए दबाव बनाया और पिछले करीब चार वर्षो से युवक लगातार इस्लाम धर्म को अपनाते हुए मस्जिदों में नमाज अदा कर रहा है। गुरूवार को बघरा के स्वामी यशवीर महाराज ने सोशल मीडिया पर अपना एक ब्यान जारी



कर आरोप लगाया कि शहर के मेडिकल व्यवसायी देवराज के पुत्र को मुस्लिम युवती ने प्रेम संबंधों के माध्यम से धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया और बाद में निकाह किया गया। उन्होंने दावा किया कि इस मामले में परिवार पर भी दबाव बनाया गया। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन से पूरे प्रकरण की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही कहा कि यदि 10 दिनों के भीतर मामले में उचित कार्रवाई नहीं हुई तो हिंदू समाज के लोगों के साथ युवती के घर के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। स्वामी यशवीर महाराज ने संबंधित पक्षों एवं निकाह कराने वाले मौलवी की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

## विद्युत टीम की छापेमारी में घरों में पकड़ी चोरी

**समाज जागरण**
कैराना। विद्युत विभाग की टीम ने नगर के विभिन्न मोहल्लों में छापेमारी कर चार घरों में बिजली चोरी पकड़ी है। बुधवार देर रात अधिशासी अभियंता



चतुर्थ के निर्देश पर देवी मंदिर विद्युत फीडर पर तैनात अवर अभियंता अजय कुमार शर्मा ने अपनी टीम के साथ नगर में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान मोहल्ला आलकलां, जोड़वा कुआं बाजार, सिदरयान व दरबारखुर्द में चार घरों में बिजली चोरी पकड़ी। टीम ने वीडियोग्राफी चलते हुए चारों आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। टीम में संविदाकर्मी लाइनमैन कवर अली, फारूक, इस्लाम, शमशेर और इकबाल आदि मौजूद रहे। वहीं, विद्युत विभाग के एसडीओ अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि बिजली चोरी के विरुद्ध निरंतर अभियान जारी रहेगा।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से आठ वर्षीय बालिका घायल, हायर सेंटर रेफर

**समाज जागरण कांधला।**
कस्बे के मोहल्ला मोलालान में घर के बाहर खेल रही आठ वर्षीय बालिका तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बालिका को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। मोहल्ला मोलालान निवासी सलमान की पुत्री रेशमा अपने घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान तेज गति से आ रही एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में रेशमा गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और परिजनों को सूचना दी गई। परिजन घायल बालिका को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे के बाद परिवार में चिंता का माहौल बना हुआ है। वहीं, क्षेत्रवासियों ने कस्बे में तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

# वृद्ध रेहड़ा चालक के साथ मारपीट

**समाज जागरण**
कैराना। टक्कर मारने के विरोध करने पर वृद्ध रेहड़ा चालक के साथ मारपीट कर घायल किया। मोहल्ला आलकलां मायापुर रोड निवासी वृद्ध याकूब ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि गुरुवार दोपहर करीब एक बजे वह कांधला बस स्टैंड के पास जा रहा था। इस दौरान एक बाइक ने उसके रेहड़े में टक्कर मार दी। उसने विरोध किया, तो बाइक सवार दोनों आरोपियों ने उसके साथ बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने तहरीर लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कार ने दो बाइक सवारों को मारी टक्कर, गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग पर गांव भभीसा बिजलीघर के समीप एक तेज रफ्तार कार ने लापरवाही से अलग-अलग बाइक पर सवार दो लोगो को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बुढ़ाना निवासी सादिन राजमिस्त्री का कार्य करता है। गुरुवार को वह कस्बे में काम समाप्त करने के बाद बाइक से अपने घर लौट रहा था। वहीं दूसरी ओर गांव भारसी निवासी वंश भी बाइक से कांधला से अपने गांव जा रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही दोनों भभीसा बिजलीघर के निकट पहुंचे, तभी पीछे से तेज गति से आई एक कार ने पहले एक बाइक को और फिर दूसरी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ जमा हो गई। और सूचना पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत चिंताजनक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दियाकार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही फरार चालक की तलाश में जुटी हुई है।

# आवारा कुत्ता बना हादसे की वजह, बाइक फिसलने से वृद्धा की मौत, दंपति गंभीर घायल

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के एलम बाईपास मार्ग पर आवारा कुत्ते के अचानक बाइक के सामने आ जाने से हुए सड़क हादसे में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई, जबकि दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।गुरूवार को जनपद बागपत के गांव टिकरी निवासी देवेंद्र अपनी पत्नी कविता तथा 70 वर्षीय माता जगवती के साथ बाइक से कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव गोगवान में एक रिश्तेदार की तेरहवीं में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम से लौटते समय उनकी बाइक दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित कस्बा एलम में गैस एजेंसी के निकट पहुंची। इसी दौरान अचानक एक आवारा कुत्ता बाइक के सामने आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई, जिससे बाइक पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया चिकित्सकों ने वृद्ध महिला को मृत घोषित कर दिया, और दंपति की की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।सूचना पर मृतका के परिजन अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई कराने से इनकार करते हुए वृद्ध के शव को अपने साथ घर ले गए। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# नोडल अधिकारी ने किया वृहद गौशाला का निरीक्षण

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) वृहद गौ संरक्षण केंद्र बनत का गुरूवार को प्रबंध निदेशक प्रादेशिक कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन एवं सहारनपुर मंडल के नोडल अधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं और अभि लेखों की बारीकी से जांच की।
निरीक्षण के दौरान गौशाला की चारही में हरा चारा उपलब्ध मिला तथा गौ सेवक साफ-सफाई के कार्य में लगे हुए पाए गए। भीषण गर्मी को देखते हुए गौवंश के लिए पंखों की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा गौशाला के किनारों पर परदे लगे हुए थे तथा सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित पाए गए। गौशाला संचालक दिनेश कुमार ने नोडल अधिकारी के समक्ष दुर्घटनाग्रस्त



गौवंश के लिए अलग से शेड निर्माण कराने तथा गौशाला के चारों ओर तारबंदी के स्थान पर पक्की बाउंड्री वॉल बनवाने की मांग रखी। नोडल अधिकारी ने मांगों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान गौशाला से संबंधित सभी अभिलेख व्यवस्थित एवं अद्यतन पाए गए। इस अवसर पर नोडल अधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले डेयरी संचालकों एवं पशुपालकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर डिप्टी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. शिवेंद्र प्रताप सिंह, डिप्टी सीवीओ डॉ. आनंद कुमार, गौशाला संचालक दिनेश कुमार, दीपेंद्र सिंह, पशुधन प्रसार अधिकारी विकास कुमार एवं रविंद्र कुमार, ड्रेसर सतीश कुमार, दिपेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग)शहर के सीताराम कॉलोनी स्थित एक निजी कंपनी में गुरूवार को इंटर्नशिप पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम न्यायिक अर्चना शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।
मुख्य अतिथि अर्चना शर्मा ने इंटर्नशिप पूरी करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभ कामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप के माध्यम से युवाओं को उद्योग जगत का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होता है, जो उनके कौशल विकास और रोजगार की संभावनाओं को मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि निजी संस्थानों द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण और अनुभव के अवसर



उपलब्ध कराना राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम में कंपनी की प्रबंधक भावना गोयल तथा निदेशक वैभव गोयल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। निदेशक वैभव गोयल ने बताया कि कंपनी प्रत्येक वर्ष आसपास के कॉलेजों के छात्र-छात्राओं को फैशन, डिजाइनिंग , मार्केटिंग और ऑपरेशंस जैसे क्षेत्रों में इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करती है, ताकि उन्हें उद्योग की आवश यकताओं के अनुरूप तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप से विद्यार्थियों को कार्यस्थल की वास्तविक परिस्थितियों को समझने और अपने कौशल को निखारने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के दौरान सभी इंटर्न विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर वैभव गोयल मौजूद रहे।

# इस्सोपुर टील मंदिर को पर्यटन मानचित्र पर लाने का प्रयास होगा,पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
क्षेत्र के गांव इस्सोपुर टील स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक इस्सोपुर टील मंदिर परिसर में गुरुवार को ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और पर्यटन विकास को लेकर विशाल सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।सभा की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप ने की। अपने संबोधन में मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इस्सोपुर टील मंदिर क्षेत्र की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण केंद्र है। प्रदेश सरकार धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण, सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राचीन विरासत आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर है, जिसके संरक्षण के लिए सभी को मिलकर



प्रयास करने होंगे।मंत्री ने कहा कि इस्सोपुर टील मंदिर की ऐतिहासिक पहचान को सुरक्षित रखते हुए इसे प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल कराने का प्रयास किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के विकास और रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा मिलेगा।सभा को भाजपा एमएलसी चौधरी वीरेंद्र सिंह, रालोद विधायक प्रसन्न चौधरी, मोहित बेनीवाल, पूर्व मंत्री सुरेश राणा तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनीष चौहान ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने प्रदेश सरकार की सांस्कृतिक विरासत संरक्षण संबंधी योजनाओं का उल्लेख करते हुए इस्सोपुर टील मंदिर के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला और इसके विकास की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम का संचालन ग्राम प्रधान राजपाल ने किया। सभा में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं, श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की बड़ी संख्या मौजूद रही।

# दबंगई ,अवैध चुनाव, फर्जी लिस्ट और करोड़ों का घोटाला मतलब भारतीय को-ऑपरेटिव ग्रामीण विकास एवं निर्माण

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। बहु-राज्यीय सहकारी संस्था 'भारतीय को-ऑपरेटिव ग्रामीण विकास एवं निर्माण लिमिटेड' में तथा कथित करोड़ों का घोटाला चर्चा का विषय बना हुआ है। नियमों को ताक पर रखकर कथित अवैध रूप से चुनाव कराने का भी आरोप लगाते हुए लगभग 70 करोड़ का बताया जाने वाला यह घोटाला उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में भी किए जाने के खिलाफ मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग भी सरकार से की गई है। इस संस्था के खिलाफ पूर्व में भी प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज होने की बात कही गई है।

शासन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को इस बारे में दिए गये प्रार्थना पत्र के मुताबिक लालबाग, लखनऊ में पंजीकृत कार्यालय वाली इस संस्था के पूर्व प्रबंध निदेशक वी. कुमार (विजय कुमार) और स्वयं को सरकारी महाप्रबंधक बताने वाले बेलसर गोंडा के पवन कुमार पांडे पर अपने पदों का दुरुपयोग करने, कूटरचित फर्जी दस्तावेज बनाने और जाली शासनादेश तैयार कर शासकीय धन का गबन करने के गंभीर आरोप लगे हैं।

करोड़ों के घोटाले के साथ ही संस्था का चुनाव भी अवैध रूप से जबरन और मनमाने तरीके से कराने का भी आरोप लगाते हुए भारतीय को-ऑपरेटिव ग्रामीण विकास निर्माण लिमिटेड, लखनऊ के पूर्व सदस्य चौक निवासी प्रदीप कुमार गोयल द्वारा दिए गए शिका यती पत्र के मुताबिक अपने को महाप्रबंधक बताने वाले पवन कुमार पांडे ने नियोजन विभाग के कुछ अधीनस्थ अधिकारियों की मिलीभगत से इस मल्टी-स्टेट कॉपरेटिव संस्था को उत्तराखंड में 'निगम' के रूप में फर्जी तरीके से सूचीबद्ध करा लिया, जानकार सूत्रों के साथ ही शिकायत कताओं का भी दावा है कि इसके बाद ही इस संस्था ने उत्तराखंड में लगभग 70 करोड़ रुपये का बड़ा घोटाला किया है।

उत्तर प्रदेश ,मध्य प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से की गई शिकायत के अनुसार संस्था द्वारा उत्तर प्रदेश के मिजार्पुर जनपद में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व सांसद विनय कटियार एवं पूर्व सांसद रमेश दुबे की सांसद निधि से 2 करोड़ रुपये का गबन किया गया। इसके अलावा बख्शी का तालाब, लखनऊ स्थित महानिदेशक क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान में लगभग 5 करोड़ रुपये और उत्तराखंड सरकार में अन्य मदों के 40 करोड़ रुपये के शासकीय धन का गबन किया जा चुका है।

प्रदीप कुमार गोयल समेत कई अन्य शिकायत कताओं ने दिए गए प्रार्थना पत्र में चुनाव प्रक्रिया में नियमों के भारी अवहेलना का भी आरोप लगाया है। मसलन मल्टी-स्टेट कॉपरेटिव एक्ट 2023 के संशोधन के बाद, धारा 120 के अंतर्गत संस्था ने चुनाव कराने के लिए अब तक कोई ऑडिट रिपोर्ट दर्ज नहीं की है और न ही अपने बाय-लॉज में आवश्यक संशोधन किए हैं। शिकायत कताओं का दावा है कि आर टी आई से प्राप्त सेंट्रल रजिस्ट्रार के दस्तावेजों के अनुसार, वर्तमान में समिति का कोई भी अधिकृत कर्मचारी या प्रबंध निदेशक पद पर नहीं है; सभी ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है, जिसकी प्रतियां जिलाधिकारी/निर्वाचन अधिकारी लखनऊ और चुनाव आयोग को भेजी जा चुकी हैं।

प्रदीप कुमार गोयल के मुताबिक आपत्तियों आदि की जांच पूरी हो जाने के बाद निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी लखनऊ द्वारा संस्था के संबंधित चुनाव के संदर्भ में बीती 28 मई की शाम को अंतिम सूची जारी होनी थी। 23 मई तक सदस्य सूची में उत्तर प्रदेश के 49, मध्य प्रदेश के 51 और उत्तराखंड के 48 सदस्य थे। लेकिन निर्धारित तिथि व नियमों को दरकिनार करते हुए 29 मई की शाम को अचानक नई सूची जारी कर दी गई, जिसमें उत्तर प्रदेश के 52 और उत्तराखंड के 49 सदस्य दिखा दिए गए। जबकि नियमानसार, यदि किसी राज्य में सदस्य संख्या 50 से कम है, तो वहां की स्थिति और पूर्व में इस्तीफा दे चुके सदस्यों का नाम बिना कारण बताए सूची में शामिल करना सीधे तौर पर चुनाव प्रक्रिया को दूषित करता है। आरोप यह भी है कि संस्था के इस भ्रष्टाचार और अवैध चुनाव का विरोध करने वाले पूर्व सदस्य प्रदीप कुमार गोयल जब अपनी वैध आपत्ति दर्ज कराने पहुंचे, तो उन पर कथित फर्जी महाप्रबंधक पवन कुमार पांडे के 25-30 सशस्त्र गुर्गों द्वारा जानलेवा हमला किया गया। जिसमें वह बाल-बाल बचे। मामले में संस्था के अध्यक्ष अनिल कुमार शुक्ला, लेखाकार आशीष कुमार पाठक के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर प्रभावी कार्रवाई के साथ पूरे नेटवर्क की जांच सीबीआई से भी कराने की मांग कई पूर्व सदस्यों ने भी की है।

# एडीएम के निर्देशन में फ्लाई ओवर की गुणवत्ता जांच करने पहुंची टीम।

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। एसपी सिटी कार्यालय से सीएल जैन कालेज तक बनाए जा रहे फ्लाई ओवर की गुणवत्ता की जांच करने एडीएम नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता के निर्देशन में टीम पहुंची। टीम ने इस दौरान स्टाफ के द्वारा सुरक्षा के उपकरणों का प्रयोग किए जाने को देखा व अन्य गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशासी अभियंता सहित विभागीय टीम साथ थी।

शहर में राज्य सेतु निगम की ओर से एसपी सिटी कार्यालय से सीएल जैन कालेज तक 72.70 करोड़ की लागत से फ्लाईओवर का निर्माण कराया जा रहा है। फ्लाई ओवर के निर्माण की गुणवत्ता की जांच करने डीएम संतोष कुमार शर्मा ने भी की थी। बिना सुरक्षा उपकरण का प्रयोग किए श्रमिकों के काम करने पर काफी नाराजगी जाहिर की थी। इधर पुल निर्माण की मिल रही शिकायतों पर सीडीओ शत्रोहन वैश्य ने एडीएम नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता की अध्यक्षता में जांच टीम का गठन किया था। जांच टीम में एक्शईएन पीडब्ल्यूडी नृपेंद्र सिंह,राज्य सेतु निगम के एई एवं जेई के साथ जल निगम की टीम भी साथ थी। उन्होंने निर्माण कार्य के लिए सरिया का प्रयोग किए जाने पर उसकी गहनता से जांच की। इसके साथ सुरक्षा उपकरणों आदि को देखा। मौके पर प्रयोग किए जा रहे सीमेंट की गुणवत्ता के साथ ही विभाग के द्वारा कराई जा रही गुणवत्ता जांच रिपोर्ट को तलब किया। एडीएम मोहनलाल गुप्ता ने कहा कि एक शिकायत पर जांच करने को गए थे। निर्माण संस्था से लैब टेस्टिंग रिपोर्ट के साथ अन्य अभिलेखों को तलब किया गया है। उन्होंने बताया कि स्टाफ के द्वारा सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग किया जा रहा था।

# बेटी ने मुखाग्नि देकर बेटे का फर्ज निभाया

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। बाबा विश्वनाथ जी के नगरी एक ऐसा भावुक और मर्मस्पर्शी मामला सामने आया है, जिसने रिश्तों की अहमियत पर समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया है। यहां एक मजबूर बेटी ने रूढ़िवादी परंपराओं को पीछे छोड़ते हुए न सिर्फ अपने स्वर्गीय पिता के शव को कंधा दिया, बल्कि श्मशान घाट पर उन्हें मुखाग्नि देकर बेटे का फर्ज भी निभाया।इस हृदयविदारक दृश्य को देखकर वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं।यह पूरी घटना वाराणसी के अंधरापुल इलाके की है, जहां रंजन जायसवाल नाम के बुजुर्ग का निधन हो गया था। उनके परिवार में चार बेटे होने के बावजूद, पिता के देहांत के छह घंटे बाद तक कोई भी बेटा उनके शव के पास नहीं पहुंचा। मृतक की बेटी पूजा देवी अपने पिता के पार्थिव शरीर के पास अकेली बैठी रो रही थीं। इस बीच यूपी 112 पुलिस के माध्यम से सूचना पाकर स्थानीय समाजसेवी अमन कबीर मौके पर पहुंचे। जब उन्होंने बेबस पूजा से उनके परिवार और भाइयों के बारे में पूछा, तो उनका दर्द छलक पड़ा।

पूजा ने रोते हुए बताया कि उनके चार भाई हैं, लेकिन इस संकट की घड़ी में कोई भी पिता को आखिरी विदाई देने नहीं आया। भावुक बेटी ने यह भी कहा कि उनके पास अंतिम संस्कार के लिए पैसे तक नहीं हैं, लेकिन भाइयों के न आने पर वह खुद ही अपने पिता के लिए बेटी और बेटा दोनों बनेंगी। इसके बाद समाजसेवी अमन कबीर ने तत्परता दिखाते हुए आर्थिक और सामाजिक मदद की और शव को हरिश्चंद्र घाट ले जाने का प्रबंध किया।

हरिश्चंद्र घाट पर बेटी पूजा ने खुद आगे बढ़कर पिता की अर्थी को कंधा दिया और पूरे विधि-विधान के साथ मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार संपन्न किया। वाराणसी की इस घटना ने आज के आधुनिक समाज और पारिवारिक ढांचों पर एक बड़ा सवालिया निशान खड़ा कर दिया है कि क्या केवल बेटा होना ही काफी है, या असली रिश्ता वही है जो आखिरी सांस और अंतिम समय तक साथ निभाए।

# पटना के खुसरूपुर में बालू-गिट्टी के कमीशन को लेकर खूनी संघर्ष, मासूम बच्ची समेत तीन को लगी गोली

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के खुसरूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर गांव गुरुवार सुबह गोलियों की तड़तड़ाहट से दहल उठा। बालू और गिट्टी आपूर्ति में कमीशनखोरी को लेकर दो पक्षों के बीच उपजा विवाद अचानक हिंसक हो गया और दोनों ओर से ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। इस घटना में एक 12 वर्षीय बच्ची समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह बालू-गिट्टी के आर्थिक लेनदेन को लेकर शुरू हुई बहस देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। दोनों पक्षों ने हथियार निकाल लिए और दस राउंड से अधिक फायरिंग की। अचानक चली गोलियों से गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस घटना के बाद पूरा इलाका दहशत में है और लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। फायरिंग की चपेट में आने से विकास कुमार की 12 वर्षीय बेटी नेहा कुमारी, अरुण सिंह की 50 वर्षीय पत्नी सोना देवी और रविंद्र प्रसाद के 26 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सोना देवी के पैर में गोली लगी है, जबकि दीपक कुमार के पेट में गोली लगने से उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। खुसरूपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही खुसरूपुर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल गांव में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस आरोपियों की पहचान करने और उनके पास मौजूद हथियारों के स्रोत का पता लगाने के लिए गहन छापेमारी अभियान चला रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा और किसी भी हाल में कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। घटना के बाद से पूरे इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है और पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी कर रही है।

# पटना के फुलवारी शरीफ में घूस लेते राजस्व कर्मचारी और दलाल गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**





पटना/ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (विजिलेंस) की टीम ने गुरुवार को फुलवारी शरीफ प्रखंड की मैनपुरन्दा पंचायत में बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्व कर्मचारी राणा रणविजय गोपाल और एक दलाल गुड्डू कुमार को 45 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से पूरे राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, विक्रम थाना क्षेत्र के गोरखरी निवासी प्रवीण कुमार सुमन ने निगरानी ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता का कहना था कि उनके प्लॉट के समीप मुख्य सड़क पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने संबंधी रिपोर्ट तैयार करने के एवज में राजस्व कर्मचारी और उसका सहयोगी दलाल उनसे मोटी रकम की मांग कर रहे थे। शिकायत मिलने के बाद निगरानी ब्यूरो ने मामले का सत्यापन किया, जिसमें रिश्वतखोरी की पुष्टि हुई। इसके बाद निगरानी थाना कांड संख्या 69/26 दर्ज कर डीएसपी रिशिता स्नेह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। योजना के अनुसार, गुरुवार को मैनपुरन्दा पंचायत भवन में जैसे ही राजस्व कर्मचारी ने 35 हजार और दलाल गुड्डू कुमार ने 10 हजार रुपये की रिश्वत ली, टीम ने तुरंत छापेमारी कर दोनों को दबोच लिया। दलाल गुड्डू कुमार अनीसाबाद के न्यू बाईपास का निवासी बताया जा रहा है। निगरानी टीम ने मौके पर ही आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और दोनों आरोपितों को अपने साथ पटना ले गई। ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपितों से पूछताछ की जा रही है और मामले की गहन जांच चल रही है। इस घटना ने सरकारी कार्यालयों में दलालों की पैठ और व्याप्त भ्रष्टाचार पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने निगरानी विभाग की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

# नवीनगर को अपराध मुक्त और सुंदर बनाने को लेकर शनिवार को होगी लोक संवाद गोष्ठी

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने और इलाके को अपराध मुक्त व सुंदर बनाने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक, मगध क्षेत्र के निर्देश पर लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।यह






गोष्ठी दिनांक 6 जून 2025, शनिवार को 4 बजे से उच्च विद्यालय, जनकपुर पोखरा के प्रांगण में आयोजित की जाएगी।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस लोक संवाद गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य आम जनता और पुलिस के बीच समन्वय स्थापित करना है। गोष्ठी में नवीनगर थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, प्रबुद्ध नागरिक, व्यापारी वर्ग एवं आम लोग भाग लेंगे। इस दौरान क्षेत्र की समस्याओं, अपराध नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, महिला सुरक्षा, नशा उन्मूलन और थाना क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। जनता से उनके बहुमूल्य सुझाव और वक्तव्य लिए जाएंगे, ताकि पुलिसिंग को और बेहतर बनाया जा सके।यह कार्यक्रम पुलिस महानिरीक्षक, मगध क्षेत्र के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। मगध रेंज में सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने के लिए सभी जिलों में लगातार लोक संवाद कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसका मकसद है कि पुलिस और पब्लिक के बीच की दूरी खत्म हो और अपराध पर लगाम लगे।नबीनगर थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने क्षेत्र के सभी लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में गोष्ठी में शामिल हों और नवीनगर को बेहतर बनाने के लिए अपना सुझाव दें। आपका एक सुझाव पूरे इलाके की तस्वीर बदल सकता है।

# पटना के गौरीचक में किन्नरों के साथ बेरहमी से मारपीट और लूटपाट, 20 बदमाशों पर प्राथमिकी दर्ज

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ राजधानी के गौरीचक थाना क्षेत्र में किन्नरों के एक समूह के साथ मारपीट और लूटपाट की सनसनीखेज घटना सामने आई है। बेलदारी चक के पास हथियारबंद करीब 20 बदमाशों ने किन्नरों को घेरकर उनकी पिटाई की और गहने व मोबाइल फोन लूट लिए। इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर गौरीचक थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना 31 मई की देर रात करीब 11:45 बजे की है। किन्नरों का समूह अपने घर लौट रहा था और बेलदारी चक स्थित नव्या हॉस्पिटल के पास चाय पीने के लिए रुका था। तभी बेलदारी चक की तरफ से आए करीब 20 युवकों ने उन्हें चारों ओर से घेर लिया। आरोपियों ने पहले नैना नाम की किन्नर के साथ मारपीट शुरू की। जब अन्य किन्नरों सिमरन राणा, डॉली और रिया ने इसका विरोध किया, तो हमलावरों ने लाठी और फरसा से उन पर भी हमला कर दिया। पीड़िता सिमरन राणा ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने उनके गले की सोने की चेन, कान के आभूषण और मोबाइल फोन छीन लिए। मारपीट के दौरान कुछ मोबाइल फोन तोड़ भी दिए गए। हमले में सिमरन राणा गंभीर रूप से घायल हो गईं और बेहोश होकर गिर पड़ीं। उन्हें इलाज के लिए एनएमसीएच में भर्ती कराया गया था। स्वस्थ होने के बाद 3 जून को उन्होंने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। गौरीचक थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फिलहाल घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना बेहद गंभीर है और इसमें शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद से किन्नर समुदाय में भारी आक्रोश है और उन्होंने अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

# पटना में ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़, 6 किलो ब्राउन शुगर और 18 लाख नकद के साथ तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ पटना पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए संपतचक प्रखंड के नयाचक बेईमान टोला स्थित एक घर में चल रही अवैध ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान 6 किलो 630 ग्राम ब्राउन शुगर, भारी मात्रा में नकदी और हथियार बरामद किए हैं। पूर्वी पटना के पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि 3 जून को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने संतोष साव के घर की घेराबंदी की। तलाशी के दौरान कमरे में लकड़ी की अलमारी के नीचे छिपाकर रखी गई 6 किलो 630 ग्राम ब्राउन शुगर मिली। इसके साथ ही एक देशी कट्टा, 10 जिंदा कारतूस और 18 लाख 66 हजार 110 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस ने घटनास्थल से एक स्कॉर्पियो, जमीन के दस्तावेज, एग्रीमेंट पेपर और बैंक पासबुक भी जब्त किए हैं। पुलिस ने इस मामले में भेलवाड़ा निवासी कृष्णा कुमार राम को मौके से गिरफ्तार किया है। एसपी परिचय कुमार ने कहा कि प्रारंभिक जांच से स्पष्ट है कि यह मकान लंबे समय से नशीले पदार्थों के भंडारण और सप्लाई का गढ़ बना हुआ था। बरामद नशीले पदार्थ और इतनी बड़ी नकदी यह संकेत दे रही है कि यह किसी अंतरजिला संगठित गिरोह का काम हो सकता है। पुलिस अब जमीन के दस्तावेजों और बैंक खातों की जांच कर इस तस्करी नेटवर्क के आर्थिक स्रोत का पता लगाने में जुटी है। इस अवैध धंधे का मुख्य आरोपी और मकान मालिक संतोष साव फिलहाल फरार है। पुलिस उसकी और अन्य तस्करों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। एसपी ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और पटना पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस बड़ी कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

# महात्मा गांधी सेतु पर तीन घंटे तक लगा भीषण जाम, हजारों यात्री हुए परेशान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी को उत्तर बिहार से जोड़ने वाली जीवनरेखा 'महात्मा गांधी सेतु' पर गुरुवार की सुबह भीषण जाम लग गया। वाहनों के अत्यधिक दबाव और एक दुर्घटना के कारण लगभग तीन घंटे तक आवाजाही पूरी तरह बाधित रही, जिससे हजारों यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।सुबह के व्यस्त समय में जब कार्यालय और स्कूल जाने वालों की भीड़ बढ़ी, तो वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। इसी बीच सेतु पर एक ट्रक और पिकअप वाहन की टक्कर हो गई, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो गई। दुर्घटना में पिकअप चालक घायल हो गया, जिसे पुलिस ने तत्काल हाजीपुर के वैशाली अस्पताल भिजवाया। हालांकि, दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाए जाने के बाद भी सेतु पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही, जिससे स्थिति सामान्य होने में काफी समय लगा।जीरो माइल यातायात थाना प्रभारी नीरज कुमार झा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी के कारण लोग सुबह जल्दी यात्रा करना पसंद कर रहे हैं, जिससे सेतु पर वाहनों का दबाव अप्रत्याशित रूप से बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि जाम का मुख्य कारण वाहनों की बढ़ती संख्या के साथ-साथ चालकों द्वारा नियमों की अनदेखी भी है। कई चालक निर्धारित लेन का पालन नहीं करते और मनमाने तरीके से वाहन घुसाने की कोशिश करते हैं, जिससे व्यवस्था बिगड़ जाती है। जाम की समस्या को देखते हुए प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे महात्मा गांधी सेतु के बजाय जेपी सेतु जैसे वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें, ताकि सेतु पर वाहनों का बोझ कम हो सके। यातायात पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि सेतु पर बढ़ते दबाव को देखते हुए अब केवल बेहतर प्रबंधन ही नहीं, बल्कि दीर्घकालिक समाधान की भी आवश्यकता है। फिलहाल, प्रशासन ने सेतु पर लगातार निगरानी रखने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने का आश्वासन दिया है।

# टीएमयू में सीओई सीनियर्स की अविस्मरणीय विदाई, कल्चरल इवेंट्स ने समारोह में बांधा समां

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग- सीओई में बीटेक-सीएसई की फेयरवेल पार्टी- बाय-नरी बैश 2026 में बिखरे हुनर के रंग

**समाज जागरण**

**खास बातें**

- उत्कृष्ट करियर को ज्ञान, चरित्र और अनुशासन जरूरीः प्रो. द्विवेदी
- टीएमयू के आर्यन जैन मिस्टर तो अर्पिता श्रीवास्तव बनीं मिस फेयरवेल
- अदीश को मिस्टर वसेर्टाइल तो सेजल को चुना गया मिस वसेर्टाइल
- छात्रा कशिश रस्तोगी को राइजिंग स्टार के सम्मान से नवाजा गया
- टीएमयू स्टुडेंट्स के संग-संग फैकल्टी ने भी संजोए यादगार पल

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग-टीएमयू सीओई में बीटेक-सीएसई की फेयरवेल पार्टी- बाय-नरी बैश 2026 में आर्यन जैन को मिस्टर फेयरवेल और अर्पिता श्रीवास्तव को मिस फेयरवेल चुना गया। स्टुडेंट्स अदीश जैन को मिस्टर वसेर्टाइल तो सेजल जैन को मिस वसेर्टाइल, जबकि काशिश रस्तोगी को राइजिंग स्टार के सम्मान से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न खेलों एवम् गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टुडेंट्स को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता तीन चरणों- रैंप वॉक, टैलेंट हंट एवम् प्रश्नोत्तरी दौर में हुई। टीएमयू स्टुडेंट्स के संग-संग फैकल्टी ने भी यादगार पल संजोए। इससे पूर्व ऋद्धि-सिद्धि भवन में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शंखनाद हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, सीसीएसआईटी के विभागाध्यक्ष डॉ. रूपल गुप्ता, डॉ. अजय चक्रवर्ती, डॉ. मोहम्मद सलीम, डॉ. कामेश कुमार, डॉ. अमित कुमार, डॉ. प्रियांक सिंघल, डॉ. नरपत सिंह आदि मौजूद रहे।

प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में श्रीमती मणि सारस्वत, डॉ. शालिनी निनोरिया, डॉ. प्रियांक सिंघल आदि शामिल रहे। सांस्कृतिक प्रोग्राम्स की



शुरूआत गणेश वंदना से हुई। समारोह में जूनियर एवम् सीनियर स्टुडेंट्स ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नृत्य, समूह नृत्य, गायन, कविता पाठ और मनोरंजक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उत्साह और आनंद से भर दिया। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने जीवन में सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण सूत्र साझा किए। उन्होंने कहा, जीवन में सफलता केवल शैक्षणिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि संतुलित व्यक्तित्व, अनुशासन, दूरदर्शिता और सकारात्मक सोच से प्राप्त होती है। उन्होंने कहा, करियर में उत्कृष्टता तभी संभव है, जब ज्ञान के साथ चरित्र और अनुशासन भी जुड़ा हो। विभागाध्यक्ष डॉ. रूपल गुप्ता ने स्टुडेंट्स को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा, यूनिवर्सिटी में अर्जित ज्ञान, अनुभव और संस्कार उनके जीवन की अनमोल पूंजी हैं।

# ‌पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी दायित्व नहीं है‌ ज्यूडिशियल काउंसिल

**समाज जागरण**

नई दिल्ली (न्यूज वाता):विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ज्यूडिशियल काउंसिल ने देशवासियों से पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन तथा भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने हेतु सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया ।

ज्यूडिशियल काउंसिल के चेयरमैन श्री राजीव अग्निहोत्री ने अपने संदेश में कहा कि आज संपूर्ण विश्व जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, जल संकट, जैव विविधता के क्षरण तथा वनों की कटाई जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इन समस्याओं का प्रभाव केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं है, बल्कि मानव स्वास्थ्य, कृषि, अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन पर भी व्यापक रूप से पड़ रहा है।

ज्यूडिशियल काउंसिल का मानना है कि स्वस्थ पर्यावरण प्रत्येक व्यक्ति का मूल अधिकार है। भारत के संविधान में भी पर्यावरण संरक्षण को विशेष महत्व दिया गया है। संविधान के अनुच्छेद 48(क) तथा अनुच्छेद 51(क)(ग) के अंतर्गत राज्य और नागरिकों दोनों को पर्यावरण, वन एवं वन्यजीवों की रक्षा एवं संवर्धन का दायित्व सौंपा गया है।

ज्यूडिशियल काउंसिल ने कहा कि केवल सरकारी योजनाओं और नीतियों के माध्यम से पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान संभव नहीं है। इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों, उद्योगों, युवाओं तथा आम नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है।

# मुख्यमंत्री दिव्यांगजन छत्र संबल योजना को लेकर जागरूकता अभियान, सैकड़ों दिव्यांगजन हुए लाभान्वित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

4 जून। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन छत्र संबल योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने एवं उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से एसोसिएशन ऑफ पर्सन्स विद डिसएबिलिटीज (APD) द्वारा दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण कुमार मिश्रा "कवि जी" के निर्देश पर आयोजित किया गया।



कार्यक्रम का प्रथम चरण 3 जून को ठाकुरगंज प्रखंड सभागार भवन में तथा दूसरा चरण 4 जून को किशनगंज प्रखंड सभागार भवन में संपन्न हुआ। दोनों कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों ने भाग लिया और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, यूडीआईडी कार्ड, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, सहायक उपकरणों, शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार एवं स्वरोजगार से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हरदेव प्रसाद उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में स्टेट प्रोग्राम मैनेजर यशु पाल, जिला अध्यक्ष मनिन्द्र प्रसाद, जिला सचिव श्याम नंदन गुप्ता, जिला संयुक्त सचिव रोहित दास, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. प्रदीप प्रधान, जिला सूचना एवं जनसंपर्क कोषांग प्रभारी अशोक कुमार शर्मा, जिला महिला प्रकोष्ठ प्रभारी मधुलिका श्रेष्ठ, जिला खेलकूद कोषांग प्रभारी सत्यजीत मुखर्जी, डीपीओ सदस्य नौशाद आलम, जिला आरटीआई प्रभारी कमल लाल सिंह सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त मोहम्मद सईदुल, संगीता कुमारी, विजय कुमार सिंह, राकेश कुमार शाह, तारकेश्वर लाल, जियाउर रहमान, मोहनलाल कर्मकार, करो मुर्मू, मोहम्मद फिरोज आलम, मोहम्मद इस्माइल, अनवर आलम, मनिंद्र दास, आकाश कुमार यादव, बंगा अली एवं शहंशाह प्यारी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

अपने संबोधन में अतिथियों ने दिव्यांगजनों से सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि जागरूकता ही सशक्तिकरण की पहली सीढ़ी है और ऐसे कार्यक्रम दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों एवं अवसरों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे हैं।

कार्यक्रम में सैकड़ों दिव्यांगजन उपस्थित रहे। आयोजन की सफलता पर संगठन की ओर से किशनगंज के जिला पदाधिकारी तथा सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, किशनगंज के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने भविष्य में भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में इसी प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

# उलार्क सूर्य मंदिर पहुंचे नीतीश कुमार, विकास कार्यों का लिया जायजा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और जदयू प्रमुख नीतीश कुमार ने गुरुवार को अचानक दुल्हिन बाजार प्रखंड के उलार स्थित विश्व प्रसिद्ध उलार्क सूर्य मंदिर का दौरा किया। उनके आगमन की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पार्टी कार्यकताओं में सक्रियता बढ़ गई।



मंदिर पहुँचने पर नीतीश कुमार ने गर्भगृह में स्थापित भगवान भास्कर की प्रतिमा की विधिवत पूजा-अर्चना की और राज्य की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद उन्होंने मंदिर परिसर में पर्यटन स्थल के रूप में चल रहे विकास कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया।

इस दौरान मीडिया से बात करते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि उलार्क सूर्य मंदिर विश्व की अनमोल धरोहरों में से एक है। उन्होंने बताया कि उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान ही इस ऐतिहासिक स्थल को एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की पहल की गई थी। इसके लिए पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 14 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है, जिससे मंदिर परिसर का कायाकल्प किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चल रहे कार्य तय समय सीमा में पूर्ण किए जाएंगे ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल सकें।

निरीक्षण के दौरान पालीगंज के एसडीएम चंदन कुमार, एसडीपीओ-1 राजीवचंद्र सिंह, एसडीपीओ-2 पंकज शर्मा, बीडीओ श्रीनिवास पांडेय के साथ भाजपा नेता अशोक कुमार वर्मा और विकास कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विकास कार्यों का जायजा लेने के बाद नीतीश कुमार वापस पटना के लिए रवाना हो गए। मंदिर के जीर्णोद्धार और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने की खबर से स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल है।

# कुटुंबा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: बोलेरो से 667 लीटर देसी शराब बरामद तस्कर फरार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा(बिहार)बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद अवैध शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुटुंबा थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक बोलेरो गाड़ी से भारी मात्रा में देसी शराब बरामद की है। हालांकि, शराब तस्कर पुलिस को चकमा देकर गाड़ी छोड़कर भागने में



सफल रहा।कुटुंबा थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि एक बोलेरो में भारी मात्रा में शराब लादकर ले जाई जा रही है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया। इसी दौरान रजिस्ट्रेशन नंबर BRA04G2943 वाली एक बोलेरो को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखकर चालक गाड़ी छोड़कर भागने में कामयाब रहा।पुलिस ने जब बोलेरो की तलाशी ली तो उसमें कुल 89 कार्टन टनाका देसी शराब बरामद हुई। जब्त शराब की मात्रा 667 लीटर बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर ही जब्ती सूची बनाकर बोलेरो और शराब को कब्जे में ले लिया है।थाना प्रभारी इमरान आलम ने बताया कि शराब तस्कर गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा। बोलेरो के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर वाहन मालिक और फरार तस्कर की पहचान की जा रही है। इस संबंध में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शराब माफियाओं के खिलाफ अभियान लगातार जारी है।

# पटना के फुलवारी शरीफ में चिक्सी नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य आगाज, खिलाड़ियों में दिखा जबरदस्त उत्साह

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ क्षेत्र के चिक्सी में आयोजित 'नाइट क्रिकेट टूनामेंट' का उद्घाटन भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन पाटलिपुत्र लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी मो. फारूक रजा उर्फ डब्लू ने फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मो. फारूक रजा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, भाईचारा और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं और उन्हें नशा जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उद्घाटन



समारोह के बाद पहला मैच बेहद रोमांचक रहा। खिलाड़ियों ने बेहतरीन बल्लेबाजी और गेंदबाजी का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मैदान पर लगे चौके-छक्कों पर दर्शक अपनी खुशी रोक नहीं पाए और तालियों की गड़गड़ाहट से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन समिति के सदस्य शादाब मलिक, छोटू मलिक, इरफान मलिक एवं शाकिर मलिक ने बताया कि टूनामेंट में क्षेत्र की कई मजबूत टीमें अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाएंगी। उन्होंने कहा, "हमारा मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच प्रदान करना है।" टूनामेंट के समापन पर विजेता और उपविजेता टीमों को आकर्षक पुरस्कारों से नवाजा जाएगा।

इस भव्य आयोजन में पूर्व मुखिया डॉ. कृष्णा कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। सभी ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने पर बल दिया। खिलाड़ियों में टूनामेंट को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# हत्या करने के प्रयास के दो फरार अभियुक्तों ने दबिश से घबराकर पटना में किया सरेंडर

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना कांड संख्या-64/26 में गोली मारकर हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे दो नामजद अभियुक्तों ने पुलिस की कुर्की-जब्ती कार्रवाई के दबाव में आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों अभियुक्त पटना जिले के रहने वाले हैं और अलग-अलग थानों में जाकर सरेंडर किया फरार अभियुक्त दिलीप कुमार उम्र 40 वर्ष, पिता- सहजानंद शर्मा उर्फ भोला सिंह, निवासी- नगर बिहटा, थाना- आईआईटी अमहारा, जिला- पटना और दिनेश कुमार उर्फ जट्टा, पिता- सुखाड़ी यादव, निवासी- चकमुनजे, थाना- आईआईटी अमहारा, जिला- पटना कुटुंबा थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि कुटुंबा थाना कांड संख्या-64/26 गोली मारकर



हत्या के प्रयास से जुड़ा हुआ है। घटना के बाद से दोनों अभियुक्त फरार चल रहे थे। न्यायालय से वारंट निर्गत होने के बाद भी अभियुक्त हाजिर नहीं हो रहे थे। इस पर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दोनों के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई शुरू की।पुलिस की लगातार दबिश और घर पर कुर्की की कार्रवाई से घबराकर अभियुक्त दिलीप कुमार ने जक्कनपुर थाना, पटना में तथा दिनेश कुमार उर्फ जट्टा ने फुलवारीशरीफ थाना, पटना में आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों थानों से सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम पटना पहुंची। कागजी प्रक्रिया पूरी कर दोनों अभियुक्तों को ट्रांजिट रिमांड पर औरंगाबाद लाया जा रहा है। यहां कुटुंबा थाना लाकर पूछताछ के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। पुलिस ने स्पष्ट किया कि कानून से भागने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बिहार परिवहन का कायाकल्प

## सड़कों पर दौड़ेंगी 50 गुलाबी बसें, महिलाओं को मिलेगा रोजगार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में सार्वजनिक परिवहन को सुरक्षित, सुगम और आधुनिक बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने एक बड़ी पहल की है। परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए राज्य में 50 नई 'गुलाबी बसें' चलाई जाएंगी। इन बसों का संचालन विशेष रूप से प्रशिक्षित महिलाएं करेंगी, जिन्हें ड्राइविंग प्रशिक्षण के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। परिवहन मंत्री



ने दावा किया कि बिहार देश का पहला ऐसा राज्य होगा, जहां सभी जिलों में 'बुद्धिमान यातायात प्रबंधन प्रणाली' लागू होगी। इसके तहत 500 प्रमुख स्थानों पर आधुनिक कैमरे लगाए जाएंगे। लालबत्ती उल्लंघन, बिना हेलमेट या मोबाइल का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के लिए अब स्वतः इलेक्ट्रॉनिक चालान (ई-चालान) जारी होगा। जुमार्ने के भुगतान के लिए 'भारत बिल भुगतान प्रणाली' शुरू की जा रही है, जिससे लोग घर बैठे डिजिटल माध्यमों से चालान भर सकेंगे। राज्य परिवहन निगम यात्रियों की सुविधा के लिए 'मेरी बस कहां है' नामक सॉफ्टवेयर लॉन्च करेगा, जिससे यात्री बस की लाइव लोकेशन और आगमन का समय देख सकेंगे। साथ ही, बसों में 'फेस रिकग्निशन' (चेहरा पहचान) प्रणाली लागू की जाएगी, जिससे टिकट प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और स्वतः हो जाएगी। 'प्रधानमंत्री विद्युत बस सेवा' के अंतर्गत इसी माह पटना, मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर, दरभंगा और पूर्णिया में 200 आधुनिक विद्युत बसों का संचालन शुरू होगा। इसके बाद दूसरे चरण में 400 और बसें जोड़ी जाएंगी। वहीं, राज्य के 31 शहरों में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) मॉडल पर विश्वस्तरीय बस पड़ाव विकसित किए जाएंगे, जहाँ प्रतीक्षालय, डिजिटल डिस्प्ले और स्वच्छ पेयजल जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विभागीय सचिव राजकुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों की सहायता के लिए भी विभाग तत्पर है। अब तक दर्जनों पीड़ितों का सफल उपचार और प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता दी गई है। परिवहन विभाग की ये पहल बिहार की परिवहन व्यवस्था को एक नई पहचान देगी।

# टी.पी.एस. कॉलेज में व्यक्तित्व विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान पर जोर, दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ टी.पी.एस. कॉलेज, पटना में गुरुवार को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में 'वॉलंटियरशिप ओरिएंटेशन प्रोग्राम' और द्वितीय सत्र में औषधीय पौधों पर 'एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला' आयोजित हुई।महाविद्यालय और प्रेम यूथ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ओरिएंटेशन प्रोग्राम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने की। कार्यक्रम में 'मेरा युवा भारत' के राज्य निदेशक कपिल देव राम और राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक विनय कुमार सहित कई गणमान्य अतिथि शामिल हुए। प्राचार्य डॉ. शांडिल्य ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत वॉलंटियरशिप को स्नातक पाठ्यक्रम में अनिवार्य करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और सामाजिक चेतना है। उन्होंने प्राचीन गुरुकुल



पद्धति से लेकर आधुनिक शिक्षा व्यवस्था के समन्वय पर बल देते हुए युवाओं को 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना से समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। विनय कुमार ने छात्रों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने और अनुशासन का पालन करने का आह्वान किया। द्वितीय सत्र में वनस्पति विज्ञान विभाग और आईक्यूएसी द्वारा औषधीय पौधों के संग्रहण, निष्कर्षण और फाइटोकेमिकल स्क्रीनिंग पर कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों के 40 शोधार्थियों ने व्यावहारिक प्रशिक्षण लिया। मुख्य अतिथि प्रो. विनोद कुमार और सवेरा कैंसर हॉस्पिटल के डॉ. चंदन ने पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक विज्ञान से जोड़ने की आवश्यकता जताई। डॉ. विनय भूषण कुमार ने कहा कि वनौषधियों के वैज्ञानिक अनुसंधान से स्वास्थ्य और जैव-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई क्रांति लाई जा सकती है।

कार्यक्रम में डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. उमेश कुमार, डॉ. मुकुंद कुमार सहित महाविद्यालय के बड़ी संख्या में शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी जारी रहेंगे ताकि विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक और अनुसंधान आधारित अनुभव मिल सके।

# पटना के फुलवारी शरीफ में भीषण गर्मी और लू का कहर, अज्ञात युवक की मौत से इलाके में हड़कंप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में बढ़ती भीषण गर्मी और लू का जानलेवा असर देखने को मिला है। थाना क्षेत्र के आलमीजान नगर के समीप एक अज्ञात युवक का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। प्रथम दृष्टया मौत का कारण भीषण गर्मी और लू की चपेट में आना बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोपहर के समय युवक को सड़क किनारे बेसुध हालत में देखा गया था। राहगीरों ने सोचा कि युवक आराम कर रहा है, लेकिन शाम तक जब उसकी स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह हिल-डुल नहीं रहा था, तब लोगों को संदेह हुआ। तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष बताई जा रही है, हालांकि उसके पास से कोई भी पहचान पत्र या दस्तावेज बरामद नहीं हुआ है, जिससे उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस अब आसपास के लोगों और अन्य माध्यमों से युवक की पहचान करने की कोशिश कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा, लेकिन जिस तरह से घटना स्थल पर स्थिति थी, उससे लू लगने की प्रबल आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद से पूरे इलाके में शोक और दहशत का माहौल है। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे बढ़ती भीषण गर्मी को देखते हुए सतर्क रहें, खुद को धूप से बचाएं और पर्याप्त मात्रा में पानी या तरल पदार्थों का सेवन करें।

# पटना के फुलवारी शरीफ में दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष

## सरेआम चले तलवार-चाकू; वीडियो वायरल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ के फुलवारी शरीफ स्थित टमटम पड़ाव के पास बजरंगबली मंदिर के समीप देर रात दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस हिंसक झड़प में तलवार, चाकू और बेल्ट का इस्तेमाल किया गया। मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उपद्रवियों का तांडव साफ देखा जा सकता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद इतना बढ़ गया कि कुछ लोगों ने पिस्टल भी निकाल ली। गनीमत रही कि गोली नहीं चल सकी, अन्यथा बड़ी अनहोनी हो सकती थी। हैरान करने वाली बात यह है



कि यह घटना फुलवारी शरीफ थाना से महज 50 मीटर की दूरी पर हुई, लेकिन काफी देर तक चले इस उपद्रव के दौरान पुलिस मौके पर मौजूद नहीं थी। हंगामे के कारण मुख्य सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों में भारी दहशत फैल गई। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह विवाद टेंपो चालकों के दो गुटों के बीच होने की बात सामने आ रही है। वहीं, स्थानीय लोगों ने एक गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि यह झगड़ा टेंपो चालकों का नहीं, बल्कि इलाके में सक्रिय अवैध नशे के कारोबारियों के दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई है। लोगों का कहना है कि जोगिया टोली गली में सालों से खुलेआम देसी-विदेशी शराब, गांजा और स्मैक की बिक्री हो रही है। निवासियों का दावा है कि पूर्व में भी इस नशे के कारोबार को लेकर कई हिंसक झड़पें और हत्याएं हो चुकी हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। फुलवारी शरीफ थानाध्यक्ष ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर घटना की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल उपद्रवियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही सभी दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर इलाके में कानून-व्यवस्था और नशे के अवैध कारोबार पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# चांडिल टोल प्लाजा के समीप धड़ल्ले से संचालित हो रहे अवैध कटिंग टाल, प्रशासन की आंखों में धुल

**समाज जागरण, संवाददाता**

चांडिल : चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पाटा टोल के समीप कथित रूप से अवैध कटिंग टाल खुलेआम संचालित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन टालों में दिन-रात लोहे, आयरन रॉड, लोहा-पत्थर, कोयला समेत विभिन्न सामग्रियों की कटिंग का कार्य किया जाता है, जबकि इनके संचालन की वैधता को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।



बताया जाता है कि अधिकांश कटिंग टाल मुख्य सड़क के किनारे ही संचालित हैं और यहां 24 घंटे गतिविधियां जारी रहती हैं। इसके बावजूद अब तक संबंधित विभागों और पुलिस प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि खुलेआम चल रहे इन टालों की जानकारी प्रशासन को नहीं होना अपने आप में कई प्रश्न खड़े करता है।

ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकताओं का आरोप है कि ऐसे कटिंग टाल चोरी और अवैध कारोबार को बढ़ावा देने का माध्यम बन सकते हैं। आशंका जताई जा रही है कि वाहनों से चोरी किए गए लोहे व अन्य सामानों को यहां काटकर खपाया जा सकता है, जिससे चोरी की घटनाओं को बढ़ावा मिलने की संभावना बनी रहती है।

लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इन अवैध गतिविधियों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो सकती है। उन्होंने जिला प्रशासन, खनन विभाग तथा पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर अवैध रूप से संचालित कटिंग टालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और चोरी की संभावित घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ऐसे अवैध कारोबार पर तत्काल कार्रवाई जरूरी है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले को लेकर क्या कदम उठाता है।

चांडिल टोल प्लाजा के समीप धड़ल्ले से संचालित हो रहे अवैध कटिंग टाल, प्रशासन की आंखों में धुल

समाज जागरण, संवाददाता

चांडिल : चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पाटा टोल के समीप कथित रूप से अवैध कटिंग टाल खुलेआम संचालित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन टालों में दिन-रात लोहे, आयरन रॉड, लोहा-पत्थर, कोयला समेत विभिन्न सामग्रियों की कटिंग का कार्य किया जाता है, जबकि इनके संचालन की वैधता को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।



बताया जाता है कि अधिकांश कटिंग टाल मुख्य सड़क के किनारे ही संचालित हैं और यहां 24 घंटे गतिविधियां जारी रहती हैं। इसके बावजूद अब तक संबंधित विभागों और पुलिस प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि खुलेआम चल रहे इन टालों की जानकारी प्रशासन को नहीं होना अपने आप में कई प्रश्न खड़े करता है।

ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकताओं का आरोप है कि ऐसे कटिंग टाल चोरी और अवैध कारोबार को बढ़ावा देने का माध्यम बन सकते हैं। आशंका जताई जा रही है कि वाहनों से चोरी किए गए लोहे व अन्य सामानों को यहां काटकर खपाया जा सकता है, जिससे चोरी की घटनाओं को बढ़ावा मिलने की संभावना बनी रहती है।

लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इन अवैध गतिविधियों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो सकती है। उन्होंने जिला प्रशासन, खनन विभाग तथा पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर अवैध रूप से संचालित कटिंग टालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने और चोरी की संभावित घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ऐसे अवैध कारोबार पर तत्काल कार्रवाई जरूरी है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले को लेकर क्या कदम उठाता है।